डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹81600 10 ग्राम

₹100000 01 किलो

सेंसेक्स 78,017.19 +32.80 | डॉलर 85.682 +0.122

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

चैत्र कृष्ण पक्ष 12, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार, 26 मार्च 2025, वर्ष-31, अंक-159, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 कंगना रनौत ने कुणाल कामरा जैसे...

## एक नजर

### 12 हजार रिश्वत लेते मनरेगा बीपीओ गिरफ्तार



**रमना।** एसीबी की टीम ने मंगलवार को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (बीपीओ) प्रभु कुमार को डोभा निर्माण कार्य में योजना चालू करने व उपयोगिता प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने के बदले 12 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू का दल दंडाधिकारी के उपस्थिति में अचानक हुई इस कारवाई से प्रखंड कार्यालय में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार हरादाग कला ग्राम निवासी 50 वर्षीय शिवशंकर राम के मां जितनी कुंवर के नाम से एक डोभा प्रखंड से आवंटित हुआ था। इसे शुरू करने व उपयोगिता प्रमाण पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी की अनुशंसा जरुरी होती है। इसके बदले में लाभुक से 12 हजार रुपए की घुस मांग किया गया। इसकी शिकायत शिवशंकर राम ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पलामू को किया। इस आलोक में एसीबी ने मंगलवार को सुबह 11 बजे दो स्वतंत्र गवाहों के साथ आवेदक से रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। बीपीओ को गिरफ्तार करने के बाद एसीबी की टीम उसे अपने साथ प्रमंडलीय एसीबी कार्यालय पलामू ले गई।

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## आज | कल




# सांसद ने लोस में उठाया बभंडी के राधाकृष्ण मंदिर का मामला





### वीडी राम ने की राधाकृष्ण महोत्सव को वित्तीय सहायता व आधिकारिक मान्यता की मांग

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**रांची/नई दिल्ली।** पलामू के चैनपुर के बभंडी स्थित राधा कृष्ण मंदिर को प्रमुख तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करने एवं राधाकृष्ण महोत्सव कराने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने संबंधी मामले को सांसद विष्णु दयाल राम ने मंगलवार को लोकसभा में उठाया। सांसद वीडी राम ने सदन में कहा कि राधा कृष्ण मंदिर सरोवर के मध्य स्थित इस मंदिर की स्थापना वर्ष 1930 में हुई थी। यह मंदिर क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए गहरी धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था का केंद्र है। उन्होंने कहा कि पलामू के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ रघुवंश नारायण सिंह और स्थानीय जिला प्रशासन के प्रयासों से राधा कृष्ण मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य हुआ है। इसके ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व को संरक्षित रखने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। सांसद वीडी राम ने कहा कि जिस प्रकार से श्री बंशीधर नगर महोत्सव को राजकीय महोत्सव घोषित किया गया है, उसी प्रकार श्रद्धालुओं और इस क्षेत्र की स्थानीय जनता द्वारा बभंडी में राधा कृष्ण महोत्सव का आयोजन कराने की मांग लगातार की जा रही है। इससे इस मंदिर को एक प्रमुख तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। इसे श्री बंशीधर नगर मंदिर से जोड़कर एक व्यापक राधा कृष्ण धार्मिक पर्यटन सर्किट का हिस्सा बनाए जाने की आवश्यकता है। इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, जिससे आर्थिक और सांस्कृतिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। सांसद विष्णु दयाल राम ने संस्कृति और पर्यटन मंत्री से मांग की कि केंद्र सरकार की सांस्कृतिक एवं धरोहर संबंधी योजनाओं के तहत राधाकृष्ण महोत्सव को वित्तीय सहायता तथा आधिकारिक मान्यता प्रदान की जाए। जिससे इस मंदिर को एक धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके।

# विद्यापति स्मृति पर्व 28 से सीएम होंगे मुख्य अतिथि

**रांची।** झारखंड मैथिली मंच त्रिदिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व रजत जयंती समारोह का आयोजन कर रही है। अध्यक्ष विनय कुमार झा ने कहा कि झारखंड मैथिली मंच इस बार 25 वां वर्ष पूरा करेगी । मंच के द्वारा 28, 29 एवं 30 मार्च को विद्यापति स्मृति पर्व रजत जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा। 26 मार्च को पूर्वाह में हकार सह आमंत्रण के लिए विद्यापति रथ समारोह के प्रचार-प्रसार के लिए रवाना किया जाएगा। रथ रांची नगर क्षेत्र के विभिन्न मोहल्ले में तीन दिनों तक भ्रमण करेगा। उन्होंने कहा कि 28 मार्च की सुबह 9 बजे सदस्य मिथिला के पारंपरिक परिधान धोती-कुर्ता में विद्यापति दलान हरमू से पैदल चलकर मेन रोड पर स्थित बाबा विद्यापति के मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। जिसके बाद विद्यार्थत दलान पर मंच के भवन में कवि गोष्ठी, पुस्तक समीक्षा एवं साहित्यिक परिचर्चा का आयोजन होगा। जिसमें ख्यातिप्राप्त विद्वान साहित्यकार कवि हिस्सा लेंगे। 29 एवं 30 मार्च को मुख्य समारोह हरमू मैदान में आयोजित किया जाएगा।

**मैथिली व्यंजनों के लगाए जाएंगे स्टॉल :** पूर्व पार्षद अरुण कुमार झा ने कहा कि अनेक तरह के स्टॉल सरकारी एवं उद्यमियों द्वारा प्रदर्शित किए जाएंगे। साथ ही खान-पान से संबंधित कई स्टॉल भी लगाया जाएगा। मैथिली पुस्तक बिक्री का भी स्टॉल रहेगा। 29 मार्च को शाम में दो सत्र में कार्यक्रम होंगे। पहले उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व पार्षद अरुण कुमार झा आदि के आगमन की सहमति है। रजत जयंती समारोह को ध्यान में रखते हुए उद्घाटन के बाद मुख्यमंत्री के द्वारा समाज के 25 विशिष्ट व्यक्तित्व को सम्मानित किया जाएगा।

मंईयां सम्मान योजना को लेकर हेमंत कैबिनेट का महत्वपूर्ण फैसला

# 31 मार्च तक आधार कार्ड का बैंक खाते से लिंक आवश्यक



- जिनका आधार खाते से लिंक नहीं, उन्हें भी मार्च तक मिलेगा लाभ
- राज्य कैबिनेट की बैठक में 16 प्रस्तावों को मिली मंजूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ ले रही महिलाओं को 31 मार्च 2025 तक आधार कार्ड का बैंक खाते से लिंक कराना जरूरी होगा। शेष पेज 11 पर

## कैबिनेट के फैसले

- रजनीश कुमार पांडेय बनाम भारत सरकार और अन्य में सुप्रीम कोर्ट की ओर से पारित आदेश पर दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में इंटरमीडिएट स्तरीय विशेष प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 2399 और स्नातक स्तरीय विशेष प्रशिक्षित सहायक आचार्य के 1052 पद, यानि कुल 3451 पदों पर नियुक्ति का निर्णय लिया गया।
- झारखंड सचिवालय सेवा के सहायक प्रशाखा पदाधिकारी की कोटि से प्रशाखा पदाधिकारी के पद पर प्रोन्नति से संबंधित झारखंड सचिवालय सेवा नियमावली- 2010 में सीमित प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित प्रावधान को शिथिल करने की स्वीकृति दी गई। इसके तहत अब प्रशाखा पदाधिकारी के पद पर प्रोन्नति के लिए परीक्षा नहीं देनी होगी।
- झारखंड हाईकोर्ट की ओर से सेवा नियमितीकरण संबंधी पारित विभिन्न आदेश और विभागीय नियमितीकरण समिति की बैठक में की गई अनुशंसा के तहत छह कर्मियों की सेवा को नियमित करने का निर्णय लिया गया।
- झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से पुलिस संगठन के अतिरिक्त गृह, कारा और आपदा प्रबंधन विभाग के सभी कार्यालयों के निर्माण कार्य करने के लिए विभागीय संकल्प में संशोधन करने की स्वीकृति दी गई।
- निर्माण कार्य श्रेणी में 18 जुलाई 2022 से प्रभावी वस्तु और सेवा कर (गुड्स एंड सर्विस टैक्स, जीएसटी) की शेष पेज 11 पर

बजट सत्र के 18वें दिन कारखाना (झारखंड संशोधन) विधेयक, 2025 विधानसभा से पारित

# कारखानों-फैक्ट्रियों में रात्रि पाली में भी काम कर सकेंगी महिलाएं



विधानसभा का बजट सत्र

- सुरक्षा, अवकाश और कार्य घंटों से संबंधित सभी आवश्यक शर्तें लागू रहेंगी
- नियोक्ता को सरकार की ओर से निर्धारित अन्य शर्तों का भी पालन करना होगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में महिलाएं अपनी इच्छा के अनुसार कारखानों, फैक्ट्रियों और संस्थानों में रात्रि पाली में भी काम कर सकेंगी। राज्य विधानसभा ने चालू बजट सत्र के 18वें दिन मंगलवार को इस प्रावधान से संबंधित बिल कारखाना (झारखंड संशोधन) विधेयक, 2025 को स्वीकृति दे दी। बता दें कि विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को दो विधेयक पारित हुए। इनमें कारखाना (झारखंड संशोधन) विधेयक, शेष पेज 11 पर

### सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस प्राइवेट स्कूल का बेहतर विकल्प है : रामदास सोरेन

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को निजी स्कूल की मनमानी और री-एडमिशन के नाम पर पैसे वसूली का मामला सदन में दूसरे दिन भी उठा। मंगलवार को अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से हजारीबाग के विधायक प्रदीप प्रसाद ने मामला उठाते हुए सरकार से पूछा कि निजी स्कूल की फीस कितना हो, इसके लिए क्यों नहीं कानून बनना चाहिए। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि कोई ऐसा स्कूल नहीं, जो री-एडमिशन के नाम पर पैसे की वसूली नहीं करता है। मंत्री रामदास सोरेन ने जवाब देते हुए कहा कि जिला स्तर से अनुशंसा प्राप्त होती है, तो कानून भी बनाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस प्राइवेट स्कूल से बेहतर विकल्प हैं। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में प्राइवेट स्कूल से ज्यादा अच्छे भवन, शिक्षक, लैब, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, सीबीएसई पैटर्न की पढ़ाई जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने और भी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोलने की बात कही है। गरीब के बच्चे शेष पेज 11 पर

# नकली शराब बनाने के कारोबार का उद्भेदन, चार गिरफ्तार, भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**



**छतरपुर।** पुलिस ने केरकी खुर्द गांव के चिरैयाटांड़ में छापेमारी अभियान चलाकर नकली अंग्रेजी व देशी शराब बनाने के कारोबार का उद्भेदन कर चार लोगों को मौके से गिरफ्तार कर जेल भेज दी। यह जानकारी एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार देर रात केरकी खुर्द गांव के टोला चिरैयाटांड़ में लाल बिहारी सिंह पिता स्व. खेदु सिंह के घर छापेमारी की गई। उसके घर से विभिन्न कंपनियों का लेबल लगा छोटी-बड़ी बोतलों में भारी मात्रा में अवैध देशी, विदेशी शराब भरा, खाली बोतल, लेबल-स्टीकर, ढक्कन बरामद किया गया। शराब का जखीरा मिलने के बाद इस व्यसाय में संलिप्त वहां पर मौजूद लाल बिहारी सिंह, पिता स्वः खेदु सिंह, केरकीखुर्द,कुटीया मोड़ चराई निवासी आनंद प्रसाद,अजय प्रसाद दोनो पिता बिहारी प्रसाद को गिरफ्तार कर शेष पेज 11 पर

### नामकुम में सड़क हादसा, 1 की मौत

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में रायसा मोड़ के पास मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पर खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, चार लोग घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक की हालत गंभीर बताई जाती है। जानकारी के अनुसार, नामकुम थाना क्षेत्र के टाटा-रांची रोड स्थित रायसा मोड़ पर एक तेज रफ्तार कार ने मंगलवार की सुबह वहां खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। इस हादसे में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। नामकुम थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि सुबह में करीब पांच बजे यह हादसा हुआ है। इसमें ड्राइवर की मौत कार की स्टेयरिंग में फंसने की वजह से हो गई। आगे की सीट पर उसके बगल में बैठा युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया है।

# जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक मामले में आठ गिरफ्तार

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** जेएसएससी-सीजीएल 2024 के पेपर लीक मामले में झारखंड सीआईडी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी अनुराग गुप्ता के आदेश कर सीआईडी ने यह कार्रवाई की है। गिरफ्तार आरोपितों में पांच आईआरबी के जवान है। इनमें कुंदन कुमार, रोबिन कुमार, अखिलेश कुमार, गौरव कुमार, अभिलाष कुमार शामिल है। इसके अलावा, एक असम रायफल का जवान राम निवास राय और एक होमगार्ड जवान निवास कुमार राय के अलावा एक अन्य व्यक्ति कविराज शामिल है। अनुसंधान के क्रम में ज्ञात हुआ कि इस गिरोह का तथाकथित सरगना गोरखपुर का निवासी है। मामले का अनुसंधान जारी है। सीआईडी के अनुसंधान के क्रम में पता चला कि परीक्षा के पूर्व ही एक गिरोह के सदस्य की ओर से अभ्यार्थियों को सीजीएल पेपर के प्रश्नों को देने के नाम पर धन उगाही की गई है, जिससे आमजन में सीजीएल प्रश्न पत्र लीक के संबंध में अफवाह एवं सुगबुगाहट शुरू हो गई। 21 सितंबर और 22 सितंबर को राज्य के सभी जिलों में परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की गई थी। सीजीएल पेपर में कथित धोखाधड़ी और सीजीएल परीक्षा के उम्मीदवार के साथ धोखाधड़ी और दिग्भ्रमित करके प्रश्नपत्र देने के नाम पर धन उगाही का मामला सामने आया था।

इंडिया

# तमिल और हिंदी की लड़ाई पब्लिक की नहीं, नेताओं के वर्चस्व की



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

डीएमके और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के बीच बहस की कहानी तमिलनाडु में हिंदी लागू करने के विरोध के इतिहास से जुड़ा है। 1930 के दशक के अंत में तत्कालीन मद्रास प्रेसीडेंसी में कांग्रेस सरकार ने चरणबद्ध तरीके से स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई अनिवार्य की पर तत्कालीन मद्रास के प्रधानमंत्री (जैसा कि तब नाम था) सी राजगोपालाचारी ने बाद में अपना रुख पूरी तरह बदल दिया। 1950 के दशक तक उन्होंने कहना शुरू कर दिया कि यदि मातृभाषा के अलावा कोई दूसरी भाषा पढ़ाई जानी है तो वह हिंदी नहीं अंग्रेजी होनी चाहिए। इसका विरोध करने वाले राम मनोहर लोहिया के लिए उनका कहना था कि अंग्रेजी बोलचाल और व्यवहार में पूरी तरह भारतीय भाषा बन चुकी है। 1965 में प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने अंग्रेजी के बजाय हिंदी को केंद्र और राज्यों के बीच संवाद की भाषा बनाने की पहल की। इसका मद्रास में कड़ा विरोध हुआ, जिसका फायदा डीएमके ने उठाया। शास्त्री जी द्वारा फैसला वापस लिए जाने के बावजूद कांग्रेस को खामियाजा भुगतना पड़ा और वह राज्य में सत्ता से वंचित हो गई। 1967 के बाद से तमिलनाडु में केवल एक या दूसरी द्रविड़ पार्टी ही सत्ता में रही है। एमके स्टालिन और उनके सलाहकारों ने सोचा कि जब 1967 में मात्र हिंदी का विरोध करने पर सत्ता चली गई थी तो आज भी इसका विरोध खतरे से खाली नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जोर-शोर से 'काशी तमिल संगम' का प्रचार, नए संसद भवन में 'सेंगोल' की स्थापना और तमिलनाडु के हिंदुत्व उद्धारक के रूप में एक पूर्व आईपीएस अधिकारी को खड़ा करने से स्पष्ट है कि भाजपा तमिलनाडु में अपनी पैठ बनाने के लिए दांव चल चुकी है। तमिल भाषा में कालजयी साहित्य की रचना हुई है। वहीं, सामाजिक तौर पर जाति और लिंग भेद के विरुद्ध आंदोलन भी हुए हैं, जिनका प्रभाव हिंदी भाषी राज्यों की तुलना में वहां अधिक दिखाई दिया। हिंदी पट्टी के राज्यों की तुलना में तमिलनाडु औद्योगिक रूप से कहीं अधिक विकसित है और वहां प्रति व्यक्ति आय भी हिंदी भाषी राज्यों की तुलना में अधिक है। तमिलों को भी आत्मसम्मान



उतना ही प्यारा है, जितना कि बंगाली,मराठी,ओडिया और गुजरातियों को। इस भावनात्मक मुद्दे में ही राजनीति की धुरी है। 1976 के पहले तक शिक्षा राज्य का विषय थी आपातकाल के समय इसे समवर्ती सूची में डाल दिया गया। इसे तानाशाही माना गया। केंद्र ने सालों से अलग-अलग आयोगों द्वारा अनुशंसित 'त्रिभाषा फॉर्मूला' का हवाला दे यह प्रस्ताव रखा कि मातृभाषा और अंग्रेजी के साथ तीसरी भाषा के तौर पर हिंदी पढ़ाई जा सकती है। प्रधानमंत्री इस विषय पर चुप रहे हैं, लेकिन गृहमंत्री इस बात पर जोर देते रहे हैं कि हिंदी और सिर्फ हिंदी ही दूसरे राज्यों के लोगों से संवाद की भाषा होनी चाहिए। आधी सदी, लगभग 1965 से 2014 तक केंद्र सरकार ने गैर-हिंदी भाषी क्षेत्रों में हिंदी को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने का प्रयास नहीं किया। इसके बाद भी लोगों के एक राज्य से दूसरे राज्यों में जाने और फिल्म तथा टेलीविजन के माध्यम से हिंदी का प्रसार हुआ। इसने हिंदी सिनेमा और टेलीविजन सीरियल को सरल हिंदी दी। पिछले महीने मोहन भागवत ने हिंदुओं से अंग्रेजी को छोड़ने की बात की, जिस तरह से एक बार लोहिया ने किया था। संघ प्रमुख ने भी अंग्रेजी को अभिजात वर्ग की भाषा बताया। उन्होंने उम्मीद जताई की भारत में जल्द ही यह भाषा खत्म हो जाएगी, लेकिन ऐसा होना संभव नहीं। अगर पीछे देखें तो 1990 के दशक से अंग्रेजी का प्रसार अधिक तेजी से हुआ है। सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में तेजी इसलिए आई, क्योंकि हमारे प्रमुख इंजीनियरिंग कॉलेज अंग्रेजी में पढ़ाते थे। कई साल पहले से विचारक चंद्रभान प्रसाद तर्क देते रहे हैं कि दलितों को आधुनिक व्यवसायों में प्रवेश पाने के लिए अंग्रेजी सीखनी चाहिए। उन्होंने डॉ बीआर आंबेडकर का उदाहरण देते हुए कहा, 'अंग्रेजी शेरनी का दूध है, इसे पीने वाले ही दहाड़ेंगे।' जब प्रसिद्ध कन्नड़ लेखक अपनी भाषा पर गर्व करते हुए कह रहे थे कि स्कूलों में अंग्रेजी नहीं पढ़ाई जानी चाहिए, तब दलित बुद्धिजीवियों ने जवाब दिया था- पहले आपने हमें संस्कृत से दूर रखा, अब अंग्रेजी के लिए कर रहे हैं। ये सब आपके (उच्च जाति के) विशेषाधिकार को बनाए रखने के लिए है। विदेशों तक में हिंदी में बोलने वाले नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने से पहले हिंदी और अंग्रेजी दोनों ही भाषाएं पूरे भारत में व्यापक रूप से जानी जाने लगीं, भले ही इनमें से एक या दोनों भाषाओं को समझने वाले बहुत से भारतीय उन्हें आसानी से पढ़ या बोल नहीं पाते थे। गैर-हिंदी भाषियों द्वारा हिंदी और भारतीयों द्वारा अंग्रेजी को अपनाया जाना स्वैच्छिक और स्वतःस्फूर्त था। इसका देश पर राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से भी प्रभाव पड़ा। वर्चस्व की लड़ाई लड़ रहे मोदी विरोधी हिंदी विरोध के नाम पर मोदी विरोध को भी बढ़ावा देना चाहते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना याचिका पर झारखंड सरकार को जारी किया नोटिस

- पुलिस सुधार का मामला, मई में होगी अगली सुनवाई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट पुलिस सुधार को लेकर वर्ष 2006 के आदेश को लागू करने के लिए दायर याचिका पर मई में सुनवाई करेगा। मंगलवार को वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण और दुष्यंत दवे ने चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली बेंच से कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। उसके बाद कोर्ट ने झारखंड सरकार के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर झारखंड सरकार को नोटिस जारी किया। प्रशांत भूषण ने कहा कि राज्य सरकारों में पुलिस प्रमुखों की नियुक्ति में जबरदस्त भ्रष्टाचार है। एक राज्य के बाद दूसरा राज्य सुप्रीम कोर्ट के फैसले और दिशा निर्देशों की अवहेलना कर रहा है।

उन्होंने कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं होगा, तो सब कुछ खत्म हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट में सितंबर, 2024 में दाखिल याचिका में आरोप लगाया गया है कि झारखंड में स्थायी डीजीपी की नियुक्ति नहीं कर सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के प्रकाश सिंह के फैसले का उल्लंघन किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि किसी भी राज्य में जब स्थायी डीजीपी की नियुक्ति होगी, तो उसका कार्यकाल कम से कम दो साल का होगा और इस नियुक्ति को यूपीएससी के अनुमोदन की भी जरूरत होती है।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, तीन घायल



**छतरपुर।** थाना क्षेत्र के मंदेया गांव में मंगलवार की दोपहर दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक की महिला की मौत समेत तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही छतरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंच और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। वहां गंभीर स्थिति को देखते ही महिला शोभा देवी को एमएमसीएच रेफर किया गया। उक्त महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान चैनपुर थाना क्षेत्र के लाली गांव निवासी चंदन बैठा की पत्नी शोभा देवी (26वर्ष) के रूप में हुई है। शोभा अपने मायके छतरपुर के मनहू गांव गई हुई थी। मायके से अपने रिश्तेदार योगेन्द्र कुमार (20 वर्ष) के साथ बाइक से छतरपुर बैंक के काम से जा रही थी। इस दौरान मंदेया गांव के पास नशे में धुत एक बाइक सवार ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। शोभा सहित चार लोग मनहू निवासी योगेंद्र कुमार, चन्दन कुमार, इमामगंज बिहार निवासी मधु कुमार, उदय पासवान घायल हो गए। सभी घायलों का अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदनीनगर रेफर कर दिया गया। एमएमसीएच पुलिस चौकी के एएसआई सुशीला टियू, शशि पांडेय, जवान महेन्द्र कुमार, विकास कुमार ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### फर्नीचर शोरूम का शुभारंभ

**पांकी।** प्रखंड के गजबोर रोड स्थित जिओ ऑफिस के सामने चौरसिया कांप्लेक्स में फर्नीचर शोरूम (एमएस विनोद इंटरप्राइजेज) का भव्य शुभारंभ मंगलवार की सुबह विधिवत पूर्जा अर्चना के बाद की गई। प्रोपराइटर विनोद कुमार ने बताया कि इस शोरूम में आज के जमाने के नए व अत्याधुनिक फर्नीचर, आकर्षक रेंज में उपलब्ध है। शोरूम में लग्जरी बेड, दीवान, ड्रेसिंग टेबल ,सोफा सेट, डाइनिंग टेबल ,गद्दा सहित अन्य तरह के फर्नीचर उचित मूल्य पर उपलब्ध है। मौके पर मुखिया मुकेश सिंह, रीना देवी, चिंता देवी, समाजसेवी अरविंद सिंह, मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र पासवान, राहुल गुप्ता ,रामविलास यादव, ज्ञानेश्वर यादव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# सड़क निर्माण कार्य कर रहे मजदूर की माओवादियों ने की पिटाई, मामला दर्ज

**ट्रैक्टर में रखें सीमेंट की बोरियां में पानी डाला, कार्य को बंद करने की दी धमकी**

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के डंडीला में सड़क निर्माण कार्य में लगे मजदूर के साथ माओवादियों द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना 23 मार्च की बतायी जाती है। इस संबंध में डंडीला गांव निवासी ललन राम ने हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि गांव में अभय इंटरप्राईजेज द्वारा सड़क निर्माण कार्य हो रहा है। इस कार्य में वह मजदूरी का काम करता है। 23 मार्च की रात में कार्य स्थल पर सो रहा था। इस बीच साढ़े दस बजे हथियार से लैस 5 से 7 की संख्या में कुछ लोग पहुंचे और उसे जगाकर बाहर ले जाकर कहा कि हमलोग माओवादी हैं। मालिक से कह देना, जब तक लेवी नहीं मिलता है, कार्य बंद रहेगा। इसके बाद लोगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। ट्रैक्टर में रखे सीमेंट की बोरी में पानी डाल दिया और जाते जाते धमकी भी दी कि अगर सड़क में कार्य लगा तो जान से मार कर घर में आग लगा देंगे। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।




# एलटी तार के चपेट में आने से युवक की मौत



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के झरगाड़ा गांव के खेत में गिरे हुए एलटी तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। घटना मंगलवार की सुबह की बतायी जाती है। मृतक की पहचान झरगाड़ा गांव निवासी सुदामा बैठा के पुत्र सुनील बैठा 38 वर्ष के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि सुबह में अपने गेहूं के खेत पर गये थे। वहां खेत में बिजली प्रवाहित एलटी तार टूटकर गिरा था, जिसके चपेट में आकर पूरी तरह झुलस गया। आनन- फानन में उसे तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सक ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस अस्पताल पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया। इस घटना को लेकर बिजली विभाग के प्रति काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की लापरवाही के चलते युवक की मौत हुई है। इस घटना को लेकर समाज सेवी कृष्णा बैठा ने सरकार से आपदा प्रबंधन राहत कोष से मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा व सरकारी नौकरी देने की मांग की है।

### एएसआई पर दुर्व्यवहार करने का आरोप

**हरिहरगंज।** प्रखंड के बभंडी ग्राम निवासी अशोक सक्सेना ने मंगलवार को पलामू एसपी कार्यालय में आवेदन देकर हरिहरगंज थाना के एएसआई रमेश राम पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उसे थाना बुलाकर उक्त अधिकारी ने गाली-गलौज करते हुए दुर्व्यवहार किया है। एएसआई रमेश राम ने बताया कि सुलतानी गांव के मालती देवी ने थाना में आवेदन देकर अशोक सक्सेना पर एजेंसी द्वारा सोलर सिस्टम खरीदने के पुराने मामले में हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। इसकी पूछताछ करने के लिए उन्हें थाना में बुलाया गया था। अशोक सक्सेना किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थे। उन्होंने कहा कि गाली गलौज करने तथा दुर्व्यवहार करने का आरोप बेबुनियाद है।

# पूर्ण योजनाओं का नियमानुसार भुगतान करने का निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को जिला पंचायती राज पदाधिकारी विनय कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठक में सभी पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिव ने भाग लिया। पंचायती राज पदाधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधियों व पंचायत कर्मियों के साथ विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की । बैठक में 15 वें वित्त आयोग मद से क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई। पूर्ण योजनाओं का नियमानुसार भुगतान कर राशि समय से खर्च करने का निर्देश दिया गया। पंचायत सुदृढ़ीकरण योजना में प्राप्त राशि से पंचायत भवन में बिजली, पानी, शौचालय, इंटरनेट आदि की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही उक्त प्राप्त राशि का उपयोगिता प्रमाणपत्र समय से जमा करने का भी निर्देश दिया गया। जिन पंचायतों में पंचायत ज्ञान केंद्र स्थापित किया जा चुका है, वहां के केंद्र प्रत्येक कार्य दिवस में खोलने का निर्देश दिया गया। सभी पंचायत भवन को प्रतिदिन खोलने और कार्य का निष्पादन पंचायत भवन से करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित डीपीएम पंचायती राज प्रकाश झा, प्रखंड समन्वयक अमित कुमार गुप्ता,प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी शंभू कुमार, कनीय अभियंता पीयूष पांडे, लेखा लिपिक सह कंप्यूटर ऑपरेटर आलोक कुमार ,सभी पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिव थे।

# एटीएम केंद्र से ग्राहकों को नहीं मिल रही सुविधा

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक की शाखा परिसर में स्थापित एटीएम केन्द्र से ग्राहकों को नियमित सेवा नहीं मिलने से परेशान हैं। मंगलार को इसके खुलने की प्रतीक्षा में कई ग्रामीण महिला-पुरुष केन्द्र के बाहर घंटों बैठे रहे। दोपहर तक इस केन्द्र का शटर खुला ही नहीं। ग्राहकों को किसी भी काउंटर पर पासबुक प्रिंट कराने की सुविधा तो वर्षों पूर्व ही हटा ली गई है। इसके लिए शाखा में अलग से स्थापित किए प्रिंटर मशीन भी तीन मीहने से खराब बताया जाता है। दूसरी ओर स्थानीय ग्राहक सेवा केंद्रों पर पासबुक प्रिंट कराने की सुविधा उपभोक्ताओं को दी गई है। इन केन्द्र पर पूरे दिन इतनी भीड़ रहती हैं कि कोई भी संचालक निःशुल्क यह सेवा देने में रुचि रखता ही नहीं। इन केंद्रों पर उपभोक्ताओं को जाने पर प्रायः प्रिंटर मशीन खराब रहने या सॉफ्टवेयर काम नहीं करने की बात कह दिया जाता है। इस संबध में शाखा प्रबंधक ओमप्रकाश ने बताया कि सॉफ्टवेयर में काम चलने की वजह से प्रिंटर संचालित नहीं हो पा रहा है। इस समस्या को कितने दिनों में दूर होने की संभावना पर कहा कि उन्हें मालूम नहीं। उपभोक्ताओं का कहना है कि इन कामों को लेकर सुदूर कई किलोमीटर से चलकर बैंक परिसर आने के बाद उन्हें बिना काम किये वापस होना पड़ता है। उपभोक्ता राकेश कुमार, मीरा देवी, अनूप कुमार सिंह, ज्ञानी कुमार, कनिष्क कुमार, गायत्री देवी आदि ने बैंक के विभागीय उच्चाधिकारी व जिला प्रशासन से अविलंब इस समस्या को दूर कराने का आग्रह किया है।




### तापमान में वृद्धि, जन जीवन पर पड़ने लगा असर

**मोहम्मदगंज।** तापमान में वृद्धि के साथ गर्मी की वजह से असज स्थिति पैदा हो गई है। कुछ दिनों तक मौसम के बदले मिजाज में सामान्य और सुकूनदायक वातावरण बताया जाता था। बारिश और तेज हवाओं के बहने के बाद पहले की गर्मी से काफी राहत मिल गई थी। मगर इसके बाद फिर से अप्रत्याशित रूप से बढी गर्मी ने लोगों की परेशानी बढा दी। बताया जाता है कि 30 मार्च तक ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। जैसा कि मौसम पूवार्नुमान में भी बताया गया है। ऐसे में मौसम में इस उतार-चढ़ाव से सर्दी, खांसी और बुखार जैसी मौसमी बीमारियों से त्रस्त लोगों की भीड़ डाक्टरों के पास देखी जाती है। ऐसे में मरीजों के इलाज को लेकर परिवार के अन्य सदस्यों की अस्पताल और दवाओं के लिए भागदौड़ बढ गई है।

## न्यूज बॉक्स

### वीरधवर में शिव मंदिर जमीन की बंदोस्ती की शिकायत, एसडीओ ने दिए जांच के आदेश

**मोहम्मदगंज।** कोल्हुआ-सोनबरसा पंचायत अंतर्गत वीरधवर में शिव मंदिर प्रांगण की सरकारी जमीन की बंदोस्ती करा लेने की शिकायत वहां के ग्रामीणों ने वीरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद से की है। इसमें बताया गया है कि शिव मंदिर प्रांगण की सरकारी भूमि का सहारबिहरा के खास व्यक्ति ने हालिया सर्वे में गलत तरीके से बंदोस्ती करा लिया है। शिकायत पत्र में जमीन के नये पुराने खाता व प्लॉट के साथ ही संबंधित व्यक्ति के नाम का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि इस भूमि पर स्थित 250 साल से प्राचीन शिव लिंग पर 50 साल पहले मंदिर बनवाया गया है। जिसके प्रति ग्रामीणों की अपार आस्था है। ग्रामीणों ने इस मामले में उचित कार्रवाई करते हुए इस धरोहर को बचाने की गुहार लगाई है। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने प्राप्त शिकायत के आलोक में स्वयं जांचकर नियमानुसार विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए कृत कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन उन्हें समर्पित करने का निर्देश अंचल अधिकारी को दिया है। इसमें हस्ताक्षर करने में उक्त के अलावा अनिल कुमार, कविता कुमारी, सरिता देवी विक्रमा मेहता, सीमा देवी, वृंदा देवी, देवराज मेहता, मिथिलेश कुमार लाल, रघुवीर मेहता,उर्मिला देवी,विकास कुमार मेहता,धनंजय कुमार मेहता, विपीन मेहता, मुन्ना कुमार सहित अन्य कई लोग शामिल हैं।

### 58,570 निबंधित मनरेगा मजदूरों में 21,429 जॉब कार्डधारी कर रहे हैं काम

**हुसैनाबाद।** प्रखंड में निबंधित मजदूरों की संख्या 58,570 हैं। इनमें 21,429 जॉब कार्ड धारियों को 100 दिन रोजगार की गारंटी के तहत कार्य कर रहे हैं। बीपीओ चन्द्रशेखर दुबे ने बताया कि काम मांगने के बाद जॉब नियमित कार्डधारियों को काम दिया जाता हैं। हुसैनाबाद की 22 पंचायत में करीब एक हजार से अधिक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। लोटनिया पंचायत के मुखिया विनोद कुमार सिंह उर्फ लाल सिंह ने बताया कि इस पंचायत से करीब 400 मजदूर पलायन कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि मलवरिया, लोटनिया, ककोरिया, बरवाडीह एकौनी सहित कई गांवों के मजदूर पलायन कर गए हैं। उन्होंने बताया कि साल में एक बार धान की खेती होती है। उसके बाद सिंचाई के अभाव में किसी फसल की पैदावार नहीं होती है। मनरेगा योजना में भी मजदूरों को मजदूरी समय पर नहीं मिलता है। तीन तीन माह से मनरेगा मजदूरों को पैसा नहीं मिलने से उनके घर की माली हालत बिगड़ गई है। जिसके कारण मजदूर पलायन करते हैं।

### एकडरी मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकडरी के छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय अविष्कार अभियान तहत को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए। शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत रांची और अन्य जगहों के लिए भेजा गया है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य निर्मल कुमार ने कहा कि इस तरह के शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को ज्ञान बढाने में काफी मददगार साबित होता है। प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार ने बताया कि सभी बच्चे रांची और उसके आसपास क्षेत्रों का दार्शनिक स्थलों का भ्रमण करेंगें। उन्होंने कहा कि आज के समय में किताबी ज्ञान के साथ बाहरी दुनिया का भी ज्ञान रखना जरूरी है। बच्चों को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि स्कूल आधारित ज्ञान को स्कूल से बाहर के जीवन से जोड़ने के साथ शिक्षा को आनंदपूर्ण और सार्थक गतिविधि बनाने, नवाचार और प्रौद्योगिकी के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय आविष्कार अभियान की स्थापना गई है। इसका उद्देश्य बच्चों में जिज्ञासा और रचनात्मकता, प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देना तथा इन विषयों के प्रति रुझान और प्रतिभा दिखाने वालों को प्रोत्साहित करना और उन्हें अकादमिक उत्कृष्टता और अनुसंधान की उंचाई तक पहुंचने में सहायता प्रदान करना है। भ्रमण पर जाने वाले छात्र-छात्राओं में उत्साह का माहौल है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार, शिक्षक पुनम कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, उपेन्द्र, असलम, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य राजेन्द्र यादव आदि ने हरी झंडी दिखा कर छात्र-छात्राओं को रवाना किया। शैक्षिक भ्रमण पर जाने वाले छात्र छात्राओं में अनुज कुमार यादव, अयुष पाल लवकुश कुमार सौरव कुमार, अलीजुफेकार, गुड़िया कुमारी, सुरुचि प्रिया, सनिया कुमारी आदि का नाम शामिल है।

# एसडीएम ने कुदाल चलाकर किया सफाईअभियान का नेतृत्व



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत की बिगड़ी सफाई व्यवस्था और नजदीक आ रहे ईद व रामनवमी पर्व को देखते हुए मंगलवार को एसडीएम गौरांग महतो के नेतृत्व में शहर के लंबी गली, राजटोली, इस्लांगज मुहल्ले समेत कई जगहों पर बने नाली व सड़कों सफाई अभियान चलाया गया। एसडीओ द्वारा खुद उक्त मोहल्ला में पहुंच कर नगर पंचायत सफाई कर्मियों के साथ स्वयं से कुदाल उठाकर नाली की सफाई करने लगे। इसकी सूचना मिलते ही अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी टीके हंस समेत नगर पंचायत कार्यालय के सभी कर्मी आनन-फानन में सफाई स्थल पर पहुंचे। एसडीएम ने सफाई कर्मियों और सफाई जमादारों को निर्देश दिया कि जिन स्थानों पर नाली में जल जमाव और सफाई नहीं हुई है। उसे तत्काल सफाई करें। एसडीएम गौरांग महतो ने बताया कि शहरी क्षेत्र के लोगों द्वारा रोज शिकायत मिल रही थी कि पर्व का समय नजदीक आ रहा है। लेकिन नगर पंचायत द्वारा नालियों की सफाई नहीं होने से बदबू आ रही नाली का गंदा पानी सड़को पर बह रहा है। मस्जिदों के आस पास भी नाली का जल जमाव बना हुआ है। लोगों की इस समस्या को देखते हुए सफाई अभियान चलाया गया है।

# धावाडीह संकुल स्तरीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न



नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** धावाडीह संकुल स्तरीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में संकुल के 12 विद्यालयों के छात्रों समेत शिक्षक, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य मंगलवार को शामिल हुए। इसमें विद्यालय के सभी उत्कृष्ट कार्य में भाग लेने वाले तीन-तीन छात्रों को रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धावाडीह पंचायत की मुखिया रिंकी यादव के साथ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरिप्रसाद ठाकुर, बीआरपी शमशाद,संकुल साधन सेवी सुधीर कुमार मिश्रा, सुरेंद्र राम, एमडीएम प्रभारी विवेक सिंह राम अमृतम लेखपाल जयप्रकाश ठाकुर को छात्रों के द्वारा पुष्प देकर स्वागत किया गया। इस दौरान सभी विद्यालयों के छात्रों को पुरस्कृत किया गया। संकुल स्तर के तीन विद्यालयों का पारितोषिक के लिए चयन किया गया। इसमें प्रथम पुरस्कार सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए हरिजन टोला उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहरा पोखरी को दिया गया। दूसरा स्थान पर राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय करमा तथा तीसरा स्थान पर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कुमराही टोला शामिल हैं। मुखिया रिंकी यादव ने कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाले सभी बच्चों को अपने घर का बच्चा समझ कर पठन-पाठन कराने की जरूरत है, ताकि उसका भविष्य उज्जवल हो। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए पोशाक की राशि बच्चों के खाते में विभाग को ट्रांसफर करने की शिकायत कई अभिभावकों द्वारा की गई है। विभाग को तत्परतापूर्वक अमल करने की जरूरत है । इस दौरान मोहम्मद आसिफ, शैलेंद्र कुमार, बीआरपी चंद्रशेखर आजाद ,शिक्षक बिमला कुमारी, रामफल उरांव मोहम्मद कुतुबुद्दीन ,सेठा यादव, जसवंत यादव, संजययादव, सुनील विश्वकर्मा ,अखिलेश मिश्रा, रेनू मिश्रा ,मालती देवी विजेंद्र कुमार समेत सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### एक दशक में दरकने लगी दंगवार-कादलकुर्मी व्यस्तम मुख्य पथ

**हैदरनगर।** अनुमंडल क्षेत्र के दंगवार से कादलकर्मी वाया जपला, हैदरनगर, मोहम्मदगंज मुख्य पथ एक दशक में विभिन्न स्थानों पर दरार पड़ने के साथ ही गड्ढों में बदलता जा रहा है। इसकी मरम्मति नहीं होने से खासकर दोपहिया वाहनों को निर्वाध आवागमन में परेशानी बढ़ गई है। भाजपा कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह, प्रेमतोष सिंह, झारखंड सरकार के पूर्व समाज बोर्ड के सदस्य व भाजपा नेत्री मधुलता रानी, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अजय जायसवाल व धीरज कुमार सिंह ने बताया कि इस पथ का जीर्णोद्धार एक दशक पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुबर दास के कार्यकाल में पूरी गंभीरता के साथ कराया गया था। उन्होंने बताया कि एमडीआर (मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड) योजना से इस पथ का कायाकल्प अग्रवाल कंस्ट्रक्शन नामक संवेदक ने पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराया था। वर्तमान में इस पथ कई किस्सों में दरारें पड़ने के अलावे गड्ढों के होने से वाहनों के संख्यालन में खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण मार्ग में अविलंब मरम्मति नहीं कराई गई तो वाहन संचालकों के लिये स्थिति भयावह होगी। साथ ही इस पथ पर बड़े वाहनों का क्षमता से अधिक परिचालन होने से पथ की आयु बर्बाद हो रही है। इस पथ से पलामू जिले के हुसैनाबाद, मोहम्मदगंज, उंटारी रोड, बी मोड़, रेहला, पड़वा मोड़, मेदिनीनगर, बिहार के सोननगर, औरंगाबाद, सीमावर्ती गढ़वा जिला के मझिआंव, कांडी, रमना, भवनाथपुर आदि अंतर्राज्यीय कनेक्टिविटी रहने से काफी संख्या में छोटे बड़े वाहनों को परिचालन होने से व्यस्त रहता है। उन्होंने राज्य सरकार सहित जिला प्रशासन से इस पथ की मरम्मति के प्रति तत्काल गंभीरता से लेने का आग्रह किया है।

# खाता में आधार सीडिंग के लिए बैंक में उमड़ी महिलाओं की भीड़



नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजना मंईयां सम्मान योजना की राशि खाता में नहीं आने के कारण भारतीय स्टेट बैंक की छतरपुर शाखा में रोजाना महिलाओं की इतनी भीड़ लग रही है। बैंक परिसर में उमस के कारण महिलाएं बेहोश हो जा रही हैं। खाताधारी संगीता देवी,कौशल्या देवी,ममता देवी, सुगिया देवी,बुधनी कुंवर सहित अन्य ने बताया कि प्रतिदिन सुदूरवर्ती गांव की महिलाएं सुबह चार बजे ही बैंक के बाहर सड़क किनारे कतार में खड़ी हो जा रही है। महिलाओं का आरोप है कि वह कई दिनों से बैंक आ रही है। दिन भर भूखे प्यासे लाइन में आधार सीडिंग के लिए कागजात जमा कर रही, पर कर्मियों के द्वारा खाता में आधार नहीं जोड़ा जा रहा है, इस कारण सरकार द्वारा दी जाने वाली मंईयां सम्मान योजना की राशि से वंचित हो गई है। शाखा प्रबंधक नितिन कुमार ने कहा कि इस शाखा में भीड़ हमेशा रहती है। आधार सीडिंग के लिए अलग से काउंटर खोल युद्ध स्तर पर कार्य कराया जा रहा है।

**महापर्व**

# भीम चूल्हा का कोयल तट चैती छठ पर्व को लेकर व्रतियों की पसंदीदा स्थल बना

## 1 अप्रैल को नहाय खाय, 3 को उदीयमान सूर्य को अर्घ्यदान के साथ समापन होगा



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** कोयल-काशीसोत संगम, काशीसोत डैम सहित अन्य गांवों के नदियों के किनारे कार्तिक मास के छठ पर्व को लेकर गुलजार होते हैं। आसपास के गांवों के व्रतियों के लिए चैती छठ पर्व को लेकर भीम चूल्हा का कोयल तट ही पसंदीदा जगह बन जाता है। इसकी वजह पुजारी पंडित गंगा तिवारी ने गर्मी में भी निर्मल जल की उपलब्धता और इस जगह की रमणीयता को बताया। उन्होंने बताया कि पर्यटक स्थल बनने के बाद से अन्य पर्व की तरह चैती छठ पर्व के अनुष्ठान के लिए भीम चूल्हा को उपयुक्त स्थान माना जाने लगा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष चैती छठ पर्व 1 अप्रैल को नहाय-खाय के साथ शुरू होगा। 3 अप्रैल को संध्या में अस्ताचलगामी व 4 अप्रैल को उषा बेला में यानि उदीयमान सूर्य को अर्घ्यदान के साथ पारण से समापन हो जाएगा। उन्होंने बताया कि मान्यता अनुसार छठ व्रत संतान सुख और परिवार की खुशहाली के लिए मनाया जाता है। चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व में व्रतियों के साथ ही पूरा परिवार सात्विक जीवन व्यतीत करता है। इसे हिंदू धर्म में सबसे कठिन और सूयोर्पासना का सबसे महत्वपूर्ण व्रत माना गया है। हालांकि कार्तिक मास के व्रत से कम ही व्रती चैती छठ को मनाते हैं। लेकिन दोनों का धार्मिक महत्व एक समान होता है। इसमें 36 घंटे का कठिन उपवास के साथ भगवान सूर्य और छठी मईया की भी उपासना की जाती है।

### सूर्य पुत्र कर्ण ने सबसे पहले किया था व्रत

प्रचलित मान्यताओं के अनुसार उन्होंने बताया कि सबसे पहले सूर्य पुत्र कर्ण ने यह व्रत किया था। छठी मईया संतान सुख देने वाली देवी मानी जाती है। इसलिए खासकर, महिलाएं इस व्रत को बड़े ही शिद्दत के साथ करती हैं। उन्होंने कहा कि छठ पर्व एक व्रत ही नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और प्रकृति के प्रति आभार प्रकट करने का भी पर्व है। इसे पूरी श्रद्धा और नियमों के साथ करने से भगवान सूर्य और छठी मईया की बड़ी कृपा प्राप्त होती है। हिंदू धर्म में इस व्रत की इन्हीं खास विशेषताओं की वजह से इसे लोक आस्था के महापर्व की मान्यता प्राप्त हो गई है।

### विद्यालय में एमडीएम चावल की चोरी

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के एकडरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुसैनाबाद में सोमवार की रात्रि में चोरों ने भंडार कक्ष का ताला तोड़कर एमडीएम का चार बोरा चावल, बर्तन व पाइप की चोरी कर ली। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार ने हुसैनाबाद थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि जब मंगलवार को विद्यालय माता समिति की अध्यक्ष अनिता देवी व संयोजिका ललिता देवी ने इसकी सूचना दी। वहां पहुंचा, तो देखा की भंडार रुम का ताला टूटा है और सामान गायब हैं। इसकी लिखित शिकायत थाना में की। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि लिखित आवेदन के आलोक में जांच की जा रही हैं।

## पांडू अंचल कार्यालय में अधिकारियों की गैरमौजूदगी पर कांग्रेस ने जताई नाराजगी

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को सभी प्रखंड मुख्यालयों में सहायता केंद्र की शुरूआत की। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने उंटारी और पांडू प्रखंड कार्यालयों का दौरा कर जन समस्याओं की समीक्षा की। बिट्टू पाठक ने कहा कि पांडू अंचल कार्यालय अधिकारियों की गैरमौजूदगी में कंप्यूटर ऑपरेटर के भरोसे चल रहा है। उन्होंने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जनता की समस्याएं सुनने और समाधान करने के लिए कोई पदाधिकारी कार्यालय में उपस्थित नहीं थे। पाठक ने टेलीफोन पर डीडीसी से बात कर पूरे मामले की जानकारी दी और प्रशासन से तत्काल सुधार की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर समस्याओं का समाधान जल्द नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन के लिए बाध्य होगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार जनता के विश्वास को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रयासरत रहेगी। इस दौरान ईश्वरी सिंह, सन्नू खान, रिंकू सिंह, सच्चिदानंद शुक्ला, जितेंद्र कमलापुरी, मिट्ठू खान, अशोक पासवान, अनिल सिंह, सतनारायण तिवारी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कचहरी में ठेकेदार के पति ने जेई को पीटा, अगवा करने की कोशिश

### जेई ने शहर थाना में दी लिखित शिकायत, पुलिस कर रही मामले की जांच

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल मेदिनीनगर के जूनियर इंजीनियर (जेई) संजय कुमार पंडित के साथ कचहरी परिसर में मारपीट और अगवा करने का प्रयास किया गया। घटना के बाद जेई ने शहर थाना में आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।




### क्या है पूरा मामला?

धनबाद के बरवड्डा थाना क्षेत्र के खसी गांव के रहने वाले 32 वर्षीय जेई संजय कुमार पंडित ने अपने आवेदन में बताया कि एमएस आदित्य एवं कृष कंस्ट्रक्शन की संवेदक प्रीति सिंह के पति रोहित सिंह उन्हें कई दिनों से धमका रहे थे। रोहित सिंह का दबाव था कि वे मापी पुस्त में उनके बिल को जल्द से जल्द चढ़ाएं। जेई के अनुसार, रोहित सिंह ने 24 मार्च को भी कुछ अज्ञात लोगों के साथ कार्यालय आकर उन्हें धमकाया। लेकिन जब उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो 25 मार्च को दोपहर 12:10 बजे कार्यालय से बाहर निकलते समय उन पर हमला कर दिया गया।

### कैसे हुई घटना?

पीड़ित के अनुसार, वे जब कार्यालय से बाहर निकलकर अपनी गाड़ी में बैठे, तभी रोहित सिंह अपने सहयोगियों के साथ वहां पहुंचा। इसके बाद उसने जेई को गाड़ी से खींचकर बाहर निकाल लिया और उन पर हमला कर दिया। इस दौरान हमलावरों ने जेई को जबरन अगवा करने की कोशिश की और जान से मारने की धमकी भी दी। जब पीड़ित ने शोर मचाया, तो वहां मौजूद कार्यालय के कर्मचारी, अन्य संवेदक और राहगीर घटनास्थल पर पहुंचे। लोगों को आता देख हमलावरों ने धमकाते हुए कहा कि वे आगे भी जान से मारने का प्रयास करेंगे।

### मामले से उठे सवाल

इस घटना से सरकारी अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। अगर सरकारी कार्यालय में कार्यरत इंजीनियर को इस तरह धमकाया और पीटा जा सकता है, तो यह एक बड़ी समस्या है। वहीं, इस मामले के बाद अन्य सरकारी अधिकारियों और इंजीनियरों में भी डर का माहौल बन गया है। कई अधिकारियों ने सरकार और प्रशासन से अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

### हमलावर ने की घसीटने और काटने की धमकी

जेई ने अपने आवेदन में लिखा है कि जब कार्यालय के कर्मचारियों और अन्य संवेदकों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, तो रोहित सिंह ने दोबारा धमकी दी और कहा कि वह उन्हें मारकर फेंक देगा। इस दौरान उसने जेई की कॉलर पकड़कर घसीटने की कोशिश भी की। इसके बाद कर्मचारियों और संवेदकों ने मिलकर पीड़ित को कार्यालय के अंदर ले जाकर सुरक्षित किया और हमलावरों को वहां से हटाया।

### पुलिस का बयान

शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि जेई के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

कुटुमु खेल मैदान बचाने के लिए एकदिवसीय धरना

## पांच दिनों में समाधान नहीं हुआ तो अनिश्चितकालीन आंदोलन



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कुटुमु खेल मैदान बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले स्थानीय कचहरी परिसर में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना आयोजित किया गया। धरने की अध्यक्षता रामबचन राम ने की, जबकि संचालन झारखंड क्रांति मंच के महासचिव रवींद्र कुमार रवि ने किया। धरना में झारखंड क्रांति मंच और जन संग्राम मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि पांडु पुलिस खेल मैदान की जमीन पर दावा करने वाले श्यामलाल साव का सहयोग कर रही है।

### 40 वर्षों से खेल मैदान का उपयोग

झारखंड क्रांति मंच के शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने कहा कि कुटुमु के लोग पिछले 40 वर्षों से इस मैदान का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन अब इसे हड़पने की कोशिश की जा रही है। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर पांच दिनों के अंदर उनकी मांगों पर विचार नहीं हुआ तो खेल मैदान पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।

धरना में महेंद्र पाल, विमली देवी, राजू पासवान, अरविंद पाल, सोहर राम, विजय मंडेला सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## मेदिनीनगर में नवाब पार्कर एथनिक वियर आउटलेट का भव्य शुभारंभ





### पारंपरिक परिधानों के शौकीनों के लिए नया ठिकाना

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पंचमुहान चौक के निकट लजीज रेस्टोरेंट के नीचे नवाब पार्कर एथनिक वियर आउटलेट का भव्य शुभारंभ किया गया। कंपनी के डायरेक्टर कार्तिकेन कुमार और हर्षवर्धन ने फीता काटकर उद्घाटन किया। पहले ही दिन बड़ी संख्या में ग्राहकों ने खरीदारी कर इस नए आउटलेट में रुचि दिखाई। कंपनी के सेल्स अधिकारी के.के. ओझा ने बताया कि नवाब पार्कर एथनिक वियर प्रेमियों के लिए एक खास जगह होगी, जहां पारंपरिक और आधुनिक परिधानों का बेहतरीन कलेक्शन उपलब्ध रहेगा। आउटलेट में पुरुषों के लिए कुर्ता-पजामा, बंडी, शेरवानी, किड्स शेरवानी और कोट-पैंट का विस्तृत संग्रह मौजूद है।

**झारखंड में पहला स्टोर :** पटना से शुरू हुआ नवाब पार्कर ब्रांड अब झारखंड में अपने पहले स्टोर के साथ पहुंचा है। इससे पहले, मेदिनीनगर में इसके एथनिक वियर अलग-अलग दुकानों पर उपलब्ध थे, लेकिन अब ग्राहकों को एक ही स्थान पर संपूर्ण कलेक्शन मिलेगा।

**बजट में पारंपरिक परिधान :** डायरेक्टर कार्तिकेन कुमार ने बताया कि अन्य ब्रांड्स की तुलना में नवाब पार्कर किफायती दरों पर उच्च गुणवत्ता के एथनिक वियर उपलब्ध कराएगा। खासतौर पर मेदिनीनगर जैसे विकसित हो रहे शहर के लिए यह बेहद लाभदायक होगा।

### उत्पादों की रेंज

**कुर्ता :** 899 से 3000 रुपये तक
**शेरवानी :** 4599 से 30,999 रुपये तक। **कोट-पैंट:** 3299 से 8999 रुपये तक। **किड्स शेरवानी :** 3000 से 3500 रुपये तक।

इस अवसर पर बाबूलाल प्रेमकुमार के डायरेक्टर पंकज पोद्दार, अरुण कुमार, शुभम, टांकेश जैन समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# एनपीयू में समस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

### छात्र हितों की अनदेखी पर कार्रवाई की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) की विभिन्न समस्याओं को लेकर एनएसयूआई छात्र प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को कुलपति से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी के नेतृत्व में छात्र संगठन ने विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में मौजूद शैक्षणिक और प्रशासनिक दिक्कतों को उठाया। छात्र प्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालय भवन निर्माण कार्य को डीपीआर के अनुसार कराने, अनियमित रूप से हैंडओवर किए गए कार्यों की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा, शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारियों की कमी को दूर करने, परीक्षा विभाग में व्याप्त अनियमितताओं की जांच के लिए कमेटी गठित करने और छात्र संघ चुनाव शीघ्र कराने की मांग रखी गई। एनएसयूआई ने ज्ञापन में दीक्षांत समारोह शीघ्र आयोजित करने, विश्वविद्यालय में वकालत की पढ़ाई शुरू करने, जीएलए कॉलेज में एमएड और वाईएसएन महिला कॉलेज में बीएड की पढ़ाई शुरू करने की भी मांग की। साथ ही, जनता शिवरात्रि कॉलेज में संचालित विश्वविद्यालय पीजी डिपार्टमेंट को विश्वविद्यालय भवन में शिफ्ट करने और जीएलए कॉलेज परिसर में महिला छात्रावास को जल्द चालू करने की बात कही गई। छात्र संगठन ने सभी महाविद्यालयों में 75% उपस्थिति नियम, युवा महोत्सव, पठन-पाठन की बेहतरी और खेल सामग्री उपलब्ध कराने पर जोर दिया। एनएसयूआई ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर मांगों पर उचित पहल नहीं की गई, तो वे विश्वविद्यालय परिसर में आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जवाबदेही प्रशासन की होगी। इस मौके पर आशीष कुमार ठाकुर, ओमप्रकाश त्रिपाठी, रिशु दुबे, हाशिम बिस्मिल, विशाल कुमार, अंकित कुमार, शुभम कुमार सहित कई विद्यार्थी उपस्थित थे।



## झंडों से सजा शहर, रमजान की खरीदारी से बढ़ी चहल-पहल




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर में रामनवमी और सरहुल की तैयारियां जोरों पर हैं। जगह-जगह भगवा और सरहुल के झंडे लहराने लगे हैं, जिससे शहर का माहौल भक्तिमय हो गया है। बाजारों में पूजा सामग्री, महावीरी झंडे और अन्य धार्मिक वस्तुओं की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

सरना धर्मावलंबी सरहुल पर भव्य शोभायात्रा निकालते हैं, वहीं रामनवमी पर आकर्षक झांकियों के साथ महावीरी जुलूस निकलेगा। शहर में इन दोनों त्योहारों के झंडे साथ-साथ लहराते हुए गंगा-जमुनी तहजीब की झलक पेश कर रहे हैं। दूसरी ओर, रमजान के अंतिम दिनों में बाजारों में रौनक बढ़ गई है। लोग ईद की खरीदारी में व्यस्त हैं। कुल मिलाकर, मेदिनीनगर में धार्मिक और सांस्कृतिक उत्साह चरम पर है।

### त्योहारों की तिथियां

- 30 मार्च से नवरात्र का शुभारंभ
- 1 अप्रैल को सरहुल पर्व
- 31 अप्रैल को ईद

## भव्य मंगलवारी जुलूस निकला, जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा शहर

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रामनवमी की तैयारियों के तहत महावीर नवयुवक दल जेनरल, सर्वोदय संघ समेत विभिन्न पूजा समितियों और संघों के तत्वावधान में मंगलवार की रात मेदिनीनगर सहित पूरे पलामू जिले में दूसरे मंगलवारी का भव्य जुलूस निकाला गया। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरा शहर जय श्रीराम और जय बजरंग बली के नारों से गूंज उठा।

**भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु :** जुलूस के दौरान वीरों के वीर हनुमान जब चले..., अंजनी का लाला बड़ा मतवाला..., हवा में उड़ता जाए रे मेरा राम दुलारा..., श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में... जैसे भक्ति गीत बजते रहे, जिन पर श्रद्धालु झूमते और भक्ति में लीन होकर नाचते नजर आए।



**जुलूस का भव्य मार्ग और आयोजन :** मेदिनीनगर शहर में यह भव्य जुलूस कोयल नदी किनारे से निकला, जो शिवाला चौक, गणेश लाल अग्रवाल उच्च विद्यालय रोड, जैन मंदिर रोड, पंचमुहान और बाटा रोड होते हुए हनुमान मंदिर पहुंचा। इसके बाद सब्जी बाजार, बलीसाव चौक, मदन मोहन रोड, लालकोठा और माली मोहल्ला होते हुए कोयल नदी किनारे पहुंचकर संपन्न हुआ।

**समिति और संघों की अगुवाई यू में निकला जुलूस :** मंगलवारी जुलूस का नेतृत्व श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल के अध्यक्ष युगल किशोर ने किया। इस दौरान विभिन्न पूजा समितियों और संघों के गणेश गिरी, अंकित प्रताप देव, अभिषेक राज, मुकेश कुमार और आकाश कुमार समेत कई श्रद्धालु और पदाधिकारी शामिल रहे।

**रामनवमी को लेकर बढ़ा उत्साह :** रामनवमी से पहले निकाले जा रहे मंगलवारी जुलूसों से श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस दौरान रामभक्तों का जोश चरम पर था, और पूरा शहर भक्ति में डूबा नजर आया। आगामी दिनों में रामनवमी को लेकर शहर में और अधिक भव्य तैयारियां की जा रही हैं।

## नकली शराब फैक्ट्री पर बड़ी कार्रवाई, 40 लाख की स्प्रिट और 150 पेटी नकली शराब जब्त

### दो गिरफ्तार, बिहार भेजी जाती थी नकली शराब



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नकली और अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्पाद विभाग और स्थानीय पुलिस ने नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के महुअरी गांव में छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली शराब और स्पिरिट बरामद किया। इस दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनसे पूछताछ जारी है। उत्पाद अधीक्षक संजीव कुमार देव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार रात महुअरी गांव में धीरज सिंह के घर छापेमारी कर 550 गैलन स्पिरिट और करीब 150 पेटी नकली अंग्रेजी शराब जब्त की गई। जब्त माल की कीमत लगभग एक करोड़ रुपये आंकी जा रही है। इस गिरोह का नेटवर्क बिहार तक फैला हुआ था, जहां नकली शराब की बड़ी खेप भेजी जाती थी। छापेमारी के दौरान नौडीहा बाजार थाना की पुलिस और छतरपुर एसडीएम आशीष गंगवार भी मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि बिहार के कुछ शराब माफिया धीरज सिंह के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर यह अवैध धंधा चला रहे थे। इससे पहले भी छतरपुर, चौखड़ा, रामगढ़ और लठेया में पुलिस और उत्पाद विभाग ने नकली शराब के बड़े भंडार पकड़े थे। बीते सोमवार को छतरपुर के चेराई से भी पुलिस ने नकली अंग्रेजी शराब बरामद की थी। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि इस अवैध धंधे में शामिल अन्य अपराधियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## कचहरी चौक पर सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र घायल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के कचहरी चौक पर सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र घायल हो गए। दोनों को एमएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के सोतम डबरा गांव निवासी सूरज साव (45) और उनके पुत्र राम कुमार (20) स्कूटी से किसी काम से शहर आए थे। जब वे मुख्य बाजार की ओर जा रहे थे, तभी कचहरी चौक पर एक स्कॉर्पियो चालक ने अचानक गाड़ी का गेट खोल दिया, जिससे टकराकर दोनों सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने घायलों को उसी स्कॉर्पियो से अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

## त्योहारी सीजन में फलों व मेवों की मांग में भारी इजाफा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** त्योहारी सीजन में फलों और मेवों की मांग में भारी इजाफा हुआ है, जिससे कीमतों में तेजी देखी जा रही है। रमजान के दौरान इफ्तार में फलों और मेवों की खपत बढ़ जाती है, वहीं कुछ दिनों बाद शुरू होने वाले नवरात्र में भी इनकी मांग बनी रहती है। इस कारण बाजार में फलों और ड्राई फ्रूट्स की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं की जेब पर असर पड़ रहा है।

**फलों की कीमतों में बढ़ोतरी, लोग महंगे दामों पर खरीदारी को मजबूर :** फलों की आपूर्ति कम होने से कीमतें बढ़ गई हैं। खासकर अमरूद, नाशपाती और कश्मीरी सेब बाजार से लगभग गायब हो चुके हैं। आमतौर पर रमजान और नवरात्र के दौरान लोग फलों का अधिक सेवन करते हैं, लेकिन दामों में आई तेजी के कारण लोगों को बजट में कटौती करनी पड़ रही है।



**मौजूदा बाजार दर (प्रति किलो):**
**सेब :** 240 रुपये
**केला :** 60 रुपये
**पपीता :** 40 रुपये
**अंगूर :** 100 रुपये

फल विक्रेताओं के अनुसार, कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा और त्योहारों के करीब आने के साथ दरों में और बढ़ोतरी हो सकती है।

ड्राई फ्रूट्स के दाम भी आसमान पर, आम जनता की पहुंच से दूर ड्राई फ्रूट्स की कीमतों में भी भारी इजाफा हुआ है। रमजान और नवरात्र के कारण इनकी मांग बहुत अधिक है, लेकिन लगातार बढ़ती कीमतें उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा रही हैं।

**ड्राई फ्रूट्स के मौजूदा दाम (प्रति किलो):**
**मखाना :** 1300-1800 रुपये
**काजू :** 1000 रुपये
**बादाम :** 800 रुपये
**पिस्ता :** 800 रुपये
**अंजीर :** 1200 रुपये
**अखरोट :** 1200 रुपये
**किशमिश :** 280 रुपये
**छुहारा :** 250 रुपये
**खजूर :** 400 रुपये

व्यापारियों का कहना है कि रमजान और नवरात्र की बढ़ती मांग के कारण कीमतों में यह उछाल आया है। वहीं, परिवहन लागत और आपूर्ति में कमी भी महंगाई की एक प्रमुख वजह बनी हुई है।

### खाद्य सामग्रियों की कीमतों में भी बढ़ोतरी

त्योहारी सीजन में न सिर्फ फल और मेवे, बल्कि घरेलू उपयोग की कई वस्तुओं के दाम भी बढ़ गए हैं। खाद्य तेल, दालें और अन्य जरूरी चीजों के दामों में भी इजाफा दर्ज किया जा रहा है, जिससे आम जनता की मुश्किलें बढ़ रही हैं।

त्योहारों के मद्देनजर कीमतों में गिरावट की संभावना फिलहाल कम ही नजर आ रही है। व्यापारियों का कहना है कि जब तक आपूर्ति सुचारू नहीं होती, तब तक फलों और मेवों के दाम इसी तरह ऊंचे बने रहेंगे।

## मोहर्रम इंतजामिया कमेटी ने युगल किशोर व टीम को किया सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मोहर्रम इंतजामिया कमेटी और अंजुमन इस्लामुल मुस्लिमीन कमेटी ने श्री महावीर नवयुवक दल के जनरल युगल किशोर और उनकी टीम को सम्मानित किया। कमेटी के जनरल जीशान खान, सदर मुस्तफा कमाल और अन्य सदस्यों ने उनके आवास पर जाकर पगड़ी, माला और बुके भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर जीशान खान ने कहा कि पलामू में गंगा-जमुनी तहजीब की परंपरा सदियों से चली आ रही है, जिसे सभी समुदाय मिलकर कायम रखेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के सभी पदाधिकारी और सदस्य रामनवमी कमेटी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर भाईचारे के साथ त्योहार मनाने में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व पलामू सदर हाजी ललन, झामुमो के जिला अध्यक्ष सन्नू सिद्दीकी, पूर्व जनरल इजरायल आजाद उर्फ मिंटू, मुकेश अग्रवाल, भोला, अभिषेक राज, शुभम कुमार, बबली कुमार, पप्पू कुरैशी, मुन्ना खान, नयाज अहमद, मो. कलाम, गुड्डू खान, फैसल आलम, जफर महबूब, नवाज आलम समेत कई लोग उपस्थित थे।

## वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने कुलपति से की मुलाकात, बोनाफाइड प्रमाण पत्र जल्द देने की मांग

**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के जिला अध्यक्ष विपिन यादव और उपाध्यक्ष कृष्णा यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति और कुलसचिव से मुलाकात कर जीएलए कॉलेज में विद्यार्थियों को बोनाफाइड प्रमाण पत्र न मिलने की समस्या उठाई। छात्र नेताओं ने बताया कि कई विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा, जिससे वे छात्रवृत्ति से वंचित हो सकते हैं। कुलसचिव ने जुलाई तक प्रमाण पत्र जारी करने का आश्वासन दिया, लेकिन छात्रों ने तुरंत उपलब्ध कराने की मांग की। अंततः फैसला हुआ कि विद्यार्थी प्राचार्य को आवेदन देकर बोनाफाइड प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान विक्रम, प्रेम, मणि, अरविंद, आशीष, प्रिंस समेत कई छात्र उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में महिला समेत दो घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग अलग जगह दुर्घटना में एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। खैरवा गांव के समीप पहली दुर्घटना में बिहार के रोहतास तीउरा परछा निवासी ललिता देवी पति रामकिशन साह, उसका भाई दीपक कुमार बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। उक्त दोनों का सीएचसी भवनाथपुर में प्राथमिक ईलाज के बाद गंभीर रूप से घायल दीपक कुमार को बेहतर ईलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि ललिता देवी परछा अपने घर से सोन नदी नाव से पार कर अपने भाई दीपक के साथ बाइक पर बैठकर मायके पाचाडूमर जा रही थी। इसी दौरान खैरवा गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रहे एक अन्य बाइक से उनकी बाइक की सीधी टक्कर हो जाने से दोनों घायल हो गए। दूसरी घटना में थाना क्षेत्र के बघमनवा निवासी हसनैन अंसारी पिता कुर्बान अंसारी ने अपनी पत्नी के साथ लड़ाई झगड़ा कर सोमवार की शाम कीटनाशक दवा खाकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ईलाज के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया। हसनैन अंसारी कुछ दिनों पूर्व कमाकर घर वापस आया था। वहां सोमवार की शाम किसी बात को लेकर दोनों पति पत्नी के बीच कहा सुनी हो गई थी।

### अनियंत्रित बाइक टेंपो से टकराई, युवक गंभीर

**चिनीयां।** थाना क्षेत्र के सिगसिगा कला गांव निवासी उपेंद्र सिंह 22 वर्ष मंगलवार को एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना चिनियां बस स्टैंड स्थित एक मोबाइल दुकान के सामने हुई। वहां सड़क किनारे खड़ी टेंपो से उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक टेंपो चालक अपना वाहन सड़क किनारे खड़ा कर मोबाइल बनवा रहा था। इस दौरान पीछे से मोटरसाइकिल बनवाकर लौट रहे उपेंद्र सिंह ने तेज रफ्तार में टेंपो को टक्कर मार दी, जिससे वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके माथे पर गहरी चोट आई है। घटना के बाद बस स्टैंड पर मौजूद व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव करते हुए दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। घायल उपेंद्र सिंह का इलाज टेंपो चालक की ओर से कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क किनारे अनियंत्रित वाहनों की पार्किंग पर ध्यान देने और सुरक्षा के उचित उपाय करने की मांग की है, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### 120 विद्यार्थियों को मिला साइकिल



**रमना।** प्रखंड परिसर में कल्याण विभाग द्वारा मंगलवार को भागोडीह उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले हर विद्यार्थियों को साइकिल दें रही ताकी कोई भी विद्यार्थी को आवागमन में कोई कठिनाई न हो। भागोडीह उच्च विद्यालय के 120 बच्चों के बीच कल्याण पदाधिकारी राहुल प्रकाश ने साइकिल वितरण किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश कुमार पांडेय, सहायक अध्यापक नरेन्द्र कुमार ठाकुर उपस्थित थे।

## एक नजर

### पंचायत सचिव के खिलाफ शिकायत, हटाने की मांग



**धुरकी।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत गनियारी कला के ग्रामीणों ने अपने पंचायत सचिव अजय कुमार के विरुद्ध मनमानी का आरोप लगाते हुए उन्हें पंचायत से हटाने की मांग प्रखंड विकास पदाधिकारी से की है। ग्रामीण इबरार अंसारी, उपेन्द्र यादव,मनीष तुरिया ने बीडीओ जुल्फीकार अंसारी को शिकायती आवेदन देकर कहा कि पंचायत सचिव अजय कुमार के पद पर बीते दो वर्षो से एक ही जगह जमे हुए हैं, इतने वर्षों से आखिर किस आधार पर ये एक ही पंचायत में पंचायत सचिव पद पर जमे हैं।, इनका तबादला आखिर अब तक क्यों नही किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि एक ही पंचायत में लगातार जमे रहने के कारण पंचायत सचिव मनमानी कर रहे हैं। पंचायत कार्यालय का काम प्रखंड मुख्यालय में बैठकर निष्पादन करते हैं।

### मारपीट में महिला घायल



**रंका।** रंका थाना क्षेत्र में बकरी द्वारा फसल चराने पर दो गुट में मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। इस संबंध में घायल महिला के पति रामजी चौधरी ने बताया कि पास के ही संतोष चौधरी, छोटू चौधरी, गिरवर चौधरी, शकुंति देवी पता टोला नून गाछ ग्राम रकसी थाना रमकंडा ने मिलकर टांगी और डंडा से सिर पर वार कर कर घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि गिरवर चौधरी का बकरी सूर्यकुमारी देवी के खेत में जा कर फसल खा गया था। सूर्यकुमारी देवी के मना करने पर आपस में विवाद हो गया। मारपीट में सूर्चकुमारी देवी घायल हो गई। उसे इलाज के के लिए रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। वहां प्रभारी पदाधिकारी डॉक्टर असजद ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया हैं।

### बुलडोजर से अतिक्रमण हटाया गया

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी की भूमि को अतिक्रमणकारियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर दुकानें लगाई गई थी। इस मामले को लेकर करीब 15 दिन पूर्व अंचल के सरकारी अमीन द्वारा भूमि का सीमांकन कराया गया था। इसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने अतिक्रमणकारियों को कई बार गुमटी व दुकानें हटाने का निर्देश दिया, लेकिन आदेश का कोई प्रभाव नहीं दिखा। मंगलवार को प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राकेश सहाय तथा कांडी थाना प्रभारी अविनाश राज के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। बुलडोजर की मदद से विद्यालय की भूमि पर अवैध रूप से रखे गुमटी और दुकानों को तोड़कर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस दौरान अंचल व थाना की पुलिस बल तैनात रही। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई के बाद अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने विद्यालय की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन का आभार जताया।

# एसपी ने थाना का किया औचक निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी(गढ़वा)।** एसपी दीपक कुमार पांडेय ने खरौंधी थाना का मंगलवार को निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी दीपक कुमार पांडेय ने संधारण पंजी को चेक किया। इसमें मिले त्रुटियों को जल्द सुधार करने का निर्देश थाना प्रभारी को दिया। इसके अलावे नवनिर्मित थाना भवन (जिसमें थाना संचालित है) का निरीक्षण किया। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने कहा खरौंधी थाना का निरीक्षण किया गया। थाना का बाउंड्री नहीं है उसके लिए हमलोग पत्राचार करेंगे। साथ ही थाना में पदस्थापित पदाधिकारी जवान की जो समस्या है उसका भी अवलोकन किया गया है। थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि थाना में आने वाले आगंतुक को शुद्ध पीने की पानी की व्यवस्था नहीं है। उसे जल्द दूरकर लिया जाएगा। थाना में कुछ कांड लंबित है उसे जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही बताया थाना का वाहन को मरम्मत की जरूरत है उसे भी तत्काल कर लिया जायेगा। आने वाले दिनों में जिला को कुछ नए वाहन मिलने वाले है। जैसे ही नए वाहन मिलेगा। सभी थानों में बांट दिया जाएगा। इस दौरान एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी एसआई सुरेंद्र दुबे सहित सभी स्टाफ उपस्थित थे।

### रमजान आपसी भाईचारे व इंसानियत का संदेश देता है: फिरोज अंसारी

**मेराल।** माहे रमजान सिर्फ रहमतों और बरकतों का महीना है। रमजान आपसी भाईचारे और इंसानियत का भी संदेश देता है। रोजा सिर्फ भूखे प्यास रहने का नाम नहीं, बल्कि अश्लील या गलत कामों से बचना होता है। उक्त बातें राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष व गढ़वा जिला मेराल दुलदुलवा गांव निवासी फिरोज अंसारी ने कही। उन्होंने जिला वासियों को माहे रमजान से जुड़ी अहम जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस्लाम धर्म में हर मुस्लिम पुरुष और महिला पर रोजा रखना फर्ज है। साथ ही ईमानदारी और सच्चाई के साथ नमाज अदा करना, कुरान पढ़ना जरूरी बताया गया है।

# उज्जवला योजना के लाभुकों का ई-केवाईसी जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय में मंगलवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के कनेक्शन के संचालन के लिए एसओपी के तहत जिला स्तरीय उज्ज्वला समिति की बैठक की गई। बैठक में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के नोडल ऑफिसर दिलीप कुमार कौशिक ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के परिपत्र के अनुसार पीएमयूवाई कनेक्शनों से निपटने के तौर-तरीकों को समझाया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत जो लाभुक गैस कनेक्शन के बाद अभी तक कोई रिफिल नहीं लिए है, उन्हें 15 दिनों के अंदर गैस वितरक के यहां ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। उसके लिए सभी ऐसे लाभुकों को ऑयल मार्केटिंग कंपनी की ओर से अपने-अपने लाभुकों को नोटिस भेजे जायेंगे। लाभुकों द्वारा ई-केवाईसी नहीं किए जाने पर उनका गैस कनेक्शन हटा दिया जायेगा। गढ़वा जिला अंतर्गत ऐसे कुल 4464 लाभुक हैं। उनमें आईओसीएल के 2521, एचपीसीएल के 154 और बीपीसीएल के 1789 लाभुक शामिल हैं। बैठक में उपरोक्त के अलावा अपर समहार्ता राज महेश्वरम, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडेय सहित अन्य मौजूद थे।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई एवं उसके निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। 2009 में बहाल हुई महिला गृहरक्षकों ने ड्यूटी नहीं दिए जाने के संबंध में आवेदन देते हुए बताया कि नए महिला गृहरक्षकों की बहाली के बाद से सिर्फ उन्हीं को ड्यूटी दिया जा रहा है। जिसकी वजह से हम सभी को ड्यूटी नहीं दिया जा रहा है, जबकि हम सभी इसी पर पूर्णतः आश्रित है और हम लोग की उम्र सीमा भी समाप्त हो चुकी है, जिससे कि हम सभी अब आगे किसी भी नौकरी के लिए आवेदन नहीं कर सकते हैं। हम सभी को बच्चों की शादी पढ़ाई-लिखाई इत्यादि कार्य करने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। अतः उन सभी महिला गृहरक्षकों ने ड्यूटी दिलाने हेतु उपायुक्त से अनुरोध किया। प्रखंड खरौंधी के ग्राम सुंडी के बसंत मिंज ने बंद पड़े आंगनबाड़ी केंद्र को फिर से चालू करने के संबंध में आवेदन उपायुक्त को सौंपा। अरंगी की संगीता देवी ने बताया कि वह अबुआ आवास योजना की पात्र लागू है और उनका सूची में भी नाम है। आठ महा पूर्व उनका जियो टैग भी हो चुका है, परंतु अभी तक प्रथम किस्त का भुगतान नहीं किया गया है। रहें हैं। उन्होंने शीघ्र ही अबुआ आवास का लाभ दिलाने का उपायुक्त से अनुरोध किया। जनता दरबार में आमजनों के विभिन्न समस्याओं से संबंधित 30 से अधिक मामले प्राप्त हुए। कुछ मामलों को लेकर उपायुक्त ने टेलीफोन माध्यम से संबंधित पदाधिकारी से बात कर आवश्यक निर्देश दिए।

# श्रमिको को चिकित्सा सहायता योजना व मातृत्व प्रसुविधा योजना में लाभ दिलाने का निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सिविल सर्जन डॉ.अशोक कुमार की अध्यक्षता में सीएस कार्यालय में श्रम अधीक्षक संजय आनंद ने चिकित्सकों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य झारखंड भवन व अन्य सन्निर्माण, कर्मकार बोर्ड अंतर्गत निबंधित श्रमिकों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी और उन में सुधार के लिए सुझाव प्राप्त करना था। बैठक के दौरान श्रम अधीक्षक संजय आनन्द ने बताया कि चिकित्सा सहायता योजना के तहत डॉक्टर द्वारा दिये गए बेड रेस्ट के आधार पर श्रमिकों को अधिकतम 40 दिनों की मजदूरी का भुगतान किया जा सकता है। इसके अलावा चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना के अंतर्गत गंभीर बीमारियों की स्थिति में जिला स्तरीय मेडिकल बोर्ड की अनुशंसा पर श्रमिकों के रोग की स्थिति के अनुसार अधिकतम ढाई लाख रुपए तक की राशि सहायता के रूप में प्रदान की जा सकती है। महिला श्रमिकों के लिए संचलित योजनाओं पर विशेष चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि प्रथम दो प्रसूति अवस्थाओं में महिला श्रमिकों को 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने चिकित्सकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि उनके सकारात्मक प्रयास से इस संख्या में और भी अधिक इजाफा हो सकता है। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने सभी चिकित्सकों की ओर से पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया और शीघ्र एवम सही पहल का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सभी चिकित्सा प्रभारी एवम अन्य गण्यमान्य उपस्थित थें।

### भाकपा माले का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा

**श्री बंशीधर नगर।** भाकपा माले अनुमंडल कमेटी के नेतृत्व में कचहरी परिसर में आयोजित तीन दिवसीय धरना- प्रदर्शन कार्यक्रम दूसरे दिन भी जारी रहा। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता राजू विश्वकर्मा ने की। मौके पर किसान महासभा के जिलाध्यक्ष लालमुनी गुप्ता ने कहा कि भाकपा माले पार्टी अपने स्थापना काल से ही भूमिहीन,गरीब, किसान, मजदूर मेहनतकशों को न्याय, इन्साफ हक-अधिकार की बात करते आ रही है। लड़ाई को आगे बढ़ाने का काम कर रहे केतार, खरौंधी, भवनाथपुर पार्टी के एरिया सचिव कामरेड दिलीप गुप्ता को सोची समझी साजिश के तहत फर्जी मुकदमे में फंसाकर जेल में डालकर लड़ाई को कमजोर करने की साजिश किया गया है। गरीबों के दुश्मन ,दलाल, बिचौलिया, पुलिस प्रशासन, भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के उतरी हिस्से को गढ़ मानने वाले राजनीतिक नेता और कार्यकर्ता के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी।

## बैठक

### समेकित बिरसा ग्राम विकास सह कृषक पाठशाला योजना के तहत कार्यों की समीक्षा

# किसान आधुनिक तरीके से कृषि कार्यों को प्रत्यक्ष रूप में देख सकेंगे



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त अध्यक्ष डीएलएमसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समेकित बिरसा ग्राम विकास सह कृषक पाठशाला योजना अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा व विपत्र आदि के अनुमोदन के लिए जिला अनुश्रवण समिति की बैठक मंगलवार को की गई। बैठक में जिला में चल रहे दो कृषक पाठशाला क्रमशः प्रथम चरण में कृषक पाठशाला चामा मेराल व द्वितीय चरण में भवनाथपुर प्रखंड के बनसानी पंचायत के राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्र में चल रहे कृषक पाठशाला के कार्यों की समीक्षा की गई। इस योजना के अंतर्गत कृषक पाठशाला में विभिन्न प्रकार के कृषि, पशुपालन, मत्स्य एवं उद्यान विभाग की योजनाओं का समेकित प्रदर्शन किया जाएगा एवं इस पाठशाला के चारों ओर स्थित गांव को बिरसा ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां किसान इन पाठशालाओं से विभिन्न प्रकार की नई कृषि तकनीक का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे एवं कृषक पाठशाला में आधुनिक तरीके से कृषि कार्यों को प्रत्यक्ष रूप में देख सकेंगे। इस योजना अंतर्गत 25 एकड़ में पौधरोपण, हाई वैल्यू क्रॉप, विभिन्न प्रकार की अन्य कार्य जैसे-बकरी पालन, मुर्गी पालन, सूअर पालन, मछली पालन, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, कोल्ड स्टोरेज, कस्टम हायरिंग सेंटर, ड्रिप इरीगेशन, प्लास्टिक मल्चिंग एवं अन्य प्रकार के कार्य किए जाएंगे। उपायुक्त द्वारा वहां कार्य कर रहे संस्थाओं को सभी कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया एवं अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी को समय-समय पर चल रही योजना का भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, जिला मत्स्य पदाधिकारी धनराज कापसे, जिला पशुपालन पदाधिकारी वी.एस. सिंह, जिला गव्य विकास पदाधिकारी गिरीश कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल गढ़वा प्रेमलाल सिंह एवं कार्य कर रहे संस्था के प्रतिनिधिगण मौजूद थें।

## न्यूज बॉक्स

### मांडर धाम मंदिर में विशेष अनुष्ठान का आयोजन होगा

**भवनाथपुर।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर अधौरा स्थित मां शक्ति करतल पीठ मांडर धाम मंदिर में विशेष अनुष्ठान जा आयोजन होगा। चैता दुगोला कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। जिसकी सफल संचालन को लेकर भवनाथपुर पोखरा के पास एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।अध्यक्षता पंडरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अनिल कुमार चौबे ने की।बैठक में सरसम्मति से कार्यकारणी कमेटी का गठन किया गया।अध्यक्ष अनिल कुमार चौबे,सचिव राकेश कुमार रवि,कोषाध्यक्ष अमित यादव, महासचिव शुक्ला कुमार (कुमार डेकोरेशन),व्यवस्थापक राजेंद्र प्रसाद यादव,संयोजक शैलेश कुमार चौबे (मुखिया चपरी पंचायत),सह - संयोजक भानु प्रताप साह,सह - कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रजापति,उपाध्यक्ष राकेश गुप्ता,व्यवस्थापक अशोक गुप्ता को बनाया गया। कार्यकारणी कमेटी का गठन होने के बाद, सभी पदाधिकारियों से अपील की गई कि वह इस कार्यक्रम को सुंदर और व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने में तन, मन और धन से सहयोग करें। यह आयोजन क्षेत्रीय सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है, ताकि लोग एकजुट होकर नवरात्रि के महत्व को समझ सकें।

### प्रशिक्षण के बाद 13 छात्रों को बैंगलोर में मिली नौकरी

**भवनाथपुर।** प्रखंड के झगड़ाखाड़ स्थित कल्याण गुरुकुल से इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 13 छात्रों को बैंगलोर स्थित शोभा कंपनी में नौकरी मिली है। इन छात्रों को गुरुकुल में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ नंदजी राम, कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य बृजकिशोर ने छात्रों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस मौके पर बीडीओ नंदजी राम ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले कम पढ़े-लिखे युवाओं को हुनरमंद और दक्ष बनाना है। उन्होंने बताया कि कम पढ़े-लिखे बच्चों में भी अपार क्षमता होती है और यदि उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन दिया जाए तो वे भी अपनी मेहनत से सफलता पा सकते हैं। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे ईमानदारी से काम करें और राज्य का नाम रोशन करें।कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य बृजकिशोर ने बताया कि यह 47वां बैच है, जो प्रशिक्षण प्राप्त कर नौकरी के लिए बाहर जा रहा है। अब तक इस गुरुकुल से प्रशिक्षण प्राप्त कर 1350 छात्र अन्य राज्यों में काम कर रहे हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति अब पहले से बेहतर हो गई है। उन्होंने क्षेत्र के अन्य युवाओं से भी अपील की कि वे कल्याण गुरुकुल से जुड़ें, ताकि ज्यादा से ज्यादा युवक प्रशिक्षित हो सकें और बेरोजगारी की समस्या कम हो सके। इस कार्यक्रम में ट्रेनर शशिकांत दुबे,गौतम पांडेय, एमई नसरीन बानो,आरएस पाठक, निरंजन पाठक सहित अन्य उपस्थित थे।

### विकास कार्य जल्द शुरू नहीं होने पर भाजपा आंदोलन करेगी: उपेंद्र दास

**खरौंधी (गढ़वा)।** भाजपा मंडल इकाई खरौंधी की ओर से कार्यालय पर प्रेसवार्ता आयोजित की गई। भाजपा ने पिछले दिनों भवनाथपुर में झामुमो के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही के पुतला दहन कार्यक्रम को पूरी तरह हास्यास्पद करार दिया है। भाजपा नेताओं ने इसे वर्तमान विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा की नाकामी को छुपाने का एक असफल प्रयास बताया है। भाजपा नेता उपेंद्र दास व राजेश कुमार रजक ने कहा विधायक अनंत प्रताप देव चुनाव के दौरान भवनाथपुर में पावर प्लांट खरौंधी में डोमनी बराज सहित कई बड़े-बड़े वादे किए थे। रोजगार तथा पलायन को रोकने के लिए क्षेत्र में पावर प्लांट लगाकर स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने का वादा किया था। अब किसी युवा को काम के लिए गुजरात, महाराष्ट्र या राजस्थान नहीं जाना पड़ेगा और न ही बाहर से किसी मजदूर की लाश घर आयेगी। लेकिन हाल ही में विधानसभा सत्र में उनकी ही सरकार ने स्पष्ट कर दिया कि पावर प्लांट भवनाथपुर में नहीं लगेगा। बल्कि उसे कहीं और स्थानांतरित कर दिया जाएगा। यह उनके वादों की पोल खोलने के लिए काफी है। भाजपा नेताओं ने कहा क्षेत्रीय विधायक का झूठ उजागर होने लगा तो जनता का ध्यान भटकाने के लिए जेएमएम के तथाकथित नेताओं ने भानु प्रताप शाही का पुतला दहन कर दिया। लेकिन जनता अब सब जान चुकी है।


**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT**
**NAGAR PANCHAYAT, CHHATTARPUR**
**SHORT TERM TENDER NOTICE NO.- NPC-NIT-10/2024-25**

1. Name &Address of office Inviting Tender :- Executive officer, Nagar Panchayat, Chhattarpur
2. Date of e-publication of tender :- Date :- 27.03.2025, Time:- 11: 00 AM
3. Document downloading start Date :- Date :- 28.03.2025, Time:- 11: 00 AM
4. Bid submission end date :- Date :- 11.04.2025, Time :- 03:00 PM
5. Bid opening date (online) :- Date :- 12.04.2025, Time :- 11:00 AM
6. Mode of Submission of Bids :- e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in)
7. Helpline Number :- 9471125404

| SL No. | Name of Scheme | Estimated Cost | Cost of Bid Document | EMD @2% | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्य मद–नागरिक सुविधा मद | | | | | |
| 1 | Construction of RCC Drain from Satan Yadav to Near Lal Dev Yadav House in Ward No. 01 | 967147.00 | 5000.00 | 19343.00 | 60 Days |
| 2 | Construction of RCC Drain from Anil Paswan to Chhatihari Aahar in Ward No. 02 | 996947.00 | 5000.00 | 19939.00 | 60 Days |
| 3 | Construction of RCC Drain from Aangan Bari Transformer to near Chandip Paswan House in Ward No. 05 | 990164.00 | 5000.00 | 19803.00 | 60 Days |
| 4 | Construction of RCC Drain from Kalyan Yadav House to near Karamdev Yadav in Ward No. 06 | 996018.00 | 5000.00 | 19920.00 | 60 Days |
| 5 | Construction of RCC Drain from Durga Mandap to near Vishwanath Paswan House in Ward No. 08 | 995799.00 | 5000.00 | 19916.00 | 60 Days |
| 6 | Construction of Drain from H/O Kayil Yadav to H/O Mukhdev Yadav House in Ward No. 16 | 990524.00 | 5000.00 | 19810.00 | 60 Days |
| 7 | Construction of Drain from H/O Balram Saw to H/O Birbal saw House in Ward No. 15 | 990533.00 | 5000.00 | 19811.00 | 60 Days |
| 8 | Construction of Drain from H/O Mahendra Chaudhary to H/O Murari Yadav toward Nala in Ward No. 12 | 994743.00 | 5000.00 | 19895.00 | 60 Days |
| 9 | Construction of Drain from H/O Krishna Saw to H/O of Surendra Saw in Ward No. 11 | 640245.00 | 5000.00 | 12805.00 | 60 Days |
| कार्य मद– शहरी परिवहन मद | | | | | |
| 10 | Construction of PCC from Purana Nagar Panchayat to near Jitendra Gupta House in Ward No. 03 | 961537.00 | 5000.00 | 19231.00 | 60 Days |
| 11 | Construction of PCC Road from Mohhamad Jaan House to sonu Thakur house in ward no. 04 | 996217.00 | 5000.00 | 19924.00 | 60 Days |
| 12 | Construction of PCC Road from Prasad Prajapati to Lakhan Ram in ward No. 04 | 988541.00 | 5000.00 | 19771.00 | 60 Days |
| 13 | Construction of PCC from Masihani Urawn Tola Akhara Baigama PCC Road in Ward No. 07 | 866270.00 | 5000.00 | 17325.00 | 60 Days |
| 14 | Construction of PCC Road from H/O Santosh Chandravanshi to H/O Vijay Yadav via Baigahi Bandh in Ward No. 14 | 999207.00 | 5000.00 | 19984.00 | 60 Days |
| 15 | Construction of PCC Road from Khatin Aanganbadi toward Chhatiyari ghat checkdam in Ward No. 13 | 995694.00 | 5000.00 | 19914.00 | 60 Days |
| 16 | Construction of PCC Road from H/O Naushad anwar to Dom Aahar in Ward No. 10 | 995784.00 | 5000.00 | 19916.00 | 60 Days |
| 17 | Construction of PCC Road from H/O Ajay Singh towards Saraidih main road till Aahar in Ward No. 09 | 996141.00 | 5000.00 | 19923.00 | 60 Days |

नोटः–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जाएगी।
2. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
3. निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयाँ http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर पंचायत कार्यालय, छतरपुर के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस के कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
4. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशीप अथवा पार्टनरशीप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
5. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जप्त कर ली जायेगी।
6. जिन किन्हीं भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, छतरपुर।

PR 349187 District(24-25)D

# अंकित हत्याकांड में तीन भाई मास्टरमाइंड समेत 5 गिरफ्तार

● पुलिस ने चार दिन के अंदर हत्याकांड का खुलासा किया



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** चतरा शहर के चर्चित अंकित गुप्ता हत्याकांड का पुलिस ने उद्भेन करते हुए घटना के 4 दिनों के अंदर हत्याकांड के मास्टरमाइंड सुशांत कुमार समेत 5 को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। साथ ही हत्या में प्रयुक्त लाठी, चाकू को पुलिस ने बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में शहर के नयकी तालाब निवासी सुशांत कुमार, सुमित कुमार, सौरभ कुमार तीनों के पिता सुरेश साव, मिलेश कुमार पिता स्व. मनोज साव, डाढ़ा गांव निवासी विष्णु कुमार शामिल हैं। सुशांत के पिटाई का बदला लेने के लिए अंकित की हत्या की गयी थी। उपरोक्त जानकारी एएसपी अभियान रित्विक श्रीवास्तव ने मंगलवार को सदर थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। बताया कि 20 मार्च की रात करीब 8 बजे चतरा मेन रोड स्थित पत्थलदास मंदिर के पास दीभा मोहल्ला निवासी अंकित गुप्ता पिता संतोष गुप्ता को कुछ अपराधियों ने जान मारने की नियत से लाठी-डंडे और चाकू से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। गंभीर अवस्था में घायल का इलाज के दौरान 21 मार्च की सुबह रांची रिम्स में मौत हो गयी थी। उक्त मामले के उद्भेन को लेकर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने एसआईटी का गठन किया था। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या की घटना में शामिल पांच आरोपियों को घटना के 4 दिनों के अंदर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार सुशांत ने पुलिस को बताया कि सरस्वती पूजा के समय उसे दीभा मुहल्ला में अंकित कुमार व अन्य ने काफी पीटा था। मारपीट के बाद घरवाले और दोस्तों द्वारा उसे बार-बार यह कहकर शर्मिंदा किया जाता था कि बार-बार मार खाकर आ जाते हो। इससे आवेश में आकर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया। एएसपी ने बताया कि हत्याकांड में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। जल्द सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। टीम में एएसपी अभियान के साथ एसडीपीओ संदीप सुमन, प्रशिक्षु डीएसपी वसीम रजा, सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार, एसआई कुमार गौतम, मनीष कुमार, अभय कुमार आदि शामिल थे।

## ट्रक वाहन मालिकों ने किया आंदोलन, कोल ट्रांसपोर्टिंग कराया ठप

**टंडवा (चतरा)।** मंगलवार को अपने पांच सूत्री मांगों के आलोक में आंदोलनरत ट्रक वाहन मालिकों ने आम्रपाली कोल परियोजना से ट्रांसपोर्टिंग कार्य को पूरी तरह से बाधित करा दिया। सूचना मिलने पर प्रबंधन के अधिकारी आनन-फानन में आंदोलनकारियों के बीच पहुंचे। वहां आग्रह के बाद वाहन मालिक सिर्फ शिवपुर रेलवे साइडिंग तक कोयले की ढुलाई पर सहमत हुए। समाचार लिखे जाने तक आरसीआर व सेल के कोयले की ढुलाई को पूरी तरह से ठप बताया गया। आंदोलनकारी आम्रपाली परियोजना प्रबंधन पर छलावा करने के आरोप लगा रहे थे। आंदोलन में शामिल वाहन मालिक संघ के आशुतोष मिश्रा, सीसीएल प्रबंधन पर आरोप लगाया कि तीन फरवरी को जीएम अमरेश सिंह की मौजूदगी में हुई बैठक के बाद, जो लिखित सहमति पत्र घोषणा किया गया था उसे अमल में नहीं लाया गया। इससे आक्रोशित होकर वाहन मालिक कोल डिस्पैच बाधित करने पर मजबूर हुए हैं। बता दें कि पिछले दिनों हुई द्विपक्षीय वार्ता में 25 हजार टन से कम कोयले की ढुलाई ट्रकों से करने, ट्रकों के लिए प्रतिदिन 400 सौ फार्मेट देने, कोल स्टॉक खदान से उपर बनाने, आरसीआर के लिए अच्छी गुणवत्ता वाला कोयला उपलब्ध कराने व विस्थापित प्रभावित क्षेत्र के ट्रकों से ढुलाई में प्राथमिकता पर लिखित आश्वासन दिया गया था। आंदोलन कर रहे वाहन मालिकों में आशुतोष मिश्रा, प्रह्लाद सिंह,रितेश चौधरी , प्रकाश यादव,शिव प्रसाद गुप्ता, उमेश यादव, इन्द्रदेव साहु, बद्री साव, रामप्रवेश चौधरी, महेश वर्मा समेत कई वाहन मालिक मौजूद थे।

## अधूरे योजनाओं को जल्द करें पूर्ण : बीडीओ

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को विभिन्न योजनाओं की समीक्षा किया गया।योजनाओं की समीक्षा प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने किया। बीडीओ ने मनरेगा सहित अन्य अधूरे योजनाओं को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया है। साथ ही साथ प्रखंड के विभिन्न पंचायत में किए जा रहे को कूप निर्माण को जल्द पूर्ण करने,अबुआ आवास में मजदूरों का डिमांड करने करने का भी निर्देश दिया।जबकि मापी पुस्तिका तैयार करते हुए पूर्ण योजनाओं को बंद करने को कहा। बीडीओ ने आवास प्लस के तहत प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के लाभुको को जिओ टेक करने को कहा। बैठक में 15वें वित योजना की भी समीक्षा किया गया मौके पर प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी दिगंबर पांडेय,प्रखंड समन्वयक फरहत नाजनी,बीपीओ रामकुमार सिंह, एई मनोज कुमार,जेई सचिनदत्त शर्मा, पंचायत सचिव उज्ज्वल कुमार सिंह,चितरंजन शर्मा, सहित मनरेगा कर्मी थे।

## न्यूज बॉक्स

### जल छिड़काव के लिये किया गया मिस्ट कैनन का उद्घाटन

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी परियोजना प्रबंधन द्वारा मंगलवार को जल छिड़काव करने वाले मिस्ट कैनन का उद्घाटन किया गया। बताया गया कि काफी दिनों से पर्यावरण को स्वच्छ रखने, आमजनों के स्वास्थ्य और सड़कों में सुरक्षित परिचालन के लिए इसकी आवश्यकता महसूस की जा रही थी। खास कर गर्मी के दिनों में सूखे राख हवा में उड़ते हैं, जिस पर जल छिड़काव कर इसे काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकेगा। मौके पर जीएम(एफएम) रविन्द्र शर्मा, एचओडी (एचआर) नीरज रॉय समेत अन्य मौजूद थे।

### जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में 53 आवेदनों की अनुशंसा

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति द्वारा कुल 59 अभ्यावेदनों की समीक्षा के विचार-विमर्श के बाद समिति 59 में 53 अभ्यावेदनों की अनुशंसा की। सड़क दुर्घटना, वज्रपात से मानव व मवेशियों की मौत, डोभा, नदी, जलाशयों में डूबने से हुई मौत, सर्पदंश आदि से संबंधित आवेदनों पर विचार-विमर्श किया गया। अंचल व अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा आवेदनों के जांच व सत्यापन के आधार पर प्राप्त प्रस्ताव को भुगतान के लिए स्वीकृति दी गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, लातेहार राजीव रंजन, विधि शाखा प्रभारी पदाधिकारी अनिल मिंज उपस्थित थे।

### भौरों के काटने से एक दर्जन घायल, कई की स्थिति गंभीर

**कान्हाचट्टी (चतरा)।** कान्हाचट्टी प्रखंड के तुलबुल स्थित प्रसिद्ध तमासिन प्रांगण में भौरों के काटने से एक दर्जन लोग घायल हो गए। जिसमें कई की स्थिति नाजुक बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार तमाशीन जलप्रपात में हो रहे हरी कीर्तन में आरती हवन के दौरान अचानक भौरों ने आतंक मचाया। इस दौरान हरी कीर्तन में शामिल कइयों ने तलाब और चादर ओढ़ जान बचाई। घायलों में हरी कीर्तन के आयोजक शंकर लाल, बिजय पांडेय, निर्मल यादव, विजय सिंह आदि शामिल है। जिसमें निर्मल यादव और बिजय पांडेय की स्थिति नाजुक है। उन्हें सादर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### भू-माफिया के विरुद्ध एक दिवसीय धरना दिया

**चतरा।** गांव गणराज्य संगठन, महिला मुक्ति संघर्ष समिति और युवा चेतना मंच के सदस्य भू माफिया और झारखंड प्रशासन के विरुद्ध हंटरगंज प्रखंड कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। सबसे पहले प्रदर्शनकारियों ने पानी टंकी से जन आक्रोश रैली निकाली बाजार होते हुए हंटरगंज प्रखंड कार्यालय पहुंचे। वहां लोगों ने अंचल अधिकारी के समक्ष अपनी मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने हंटरगंज प्रखंड कार्यालय के समक्ष झारखंड प्रशासन व भू माफियाओं के विरुद्ध नारेबाजी की। ज्ञापन में खुटिकेवाल कला गांव हल्का नंबर 7 हंटरगंज के खाता नंबर 44 प्लॉट नंबर 52 मालिकाना निर्धारण तदोपरांत सामुदायिक भवन निर्माण हेतु निर्देश, कथित व्यक्ति अपने खुटिकेवाल कला का निवासी घोषित करना, वहीं इस धोखाधड़ी करने वाले कथित व्यक्ति के उपर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। इसके साथ खुटिकेवाल कला के लगभग 105 एकड़ जमीन विवाद से मुक्त करने की भी मांग की है। ताकि बिना डर व साहस के साथ उक्त भूमि पर लोग अपना स्वामित्व कायम रख सके।

### राजस्व शिविर में दर्जनों मामला का निष्पादन

**गिद्धौर (चतरा)।** अंचल कार्यालय में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता अंचल अधिकारी अनंत शयनम विश्वकर्मा ने किया। शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांव से करीब एक दर्जन भूमि से संबंधित मामले आए। मौके पर कई मामलों का निष्पादन किया गया। जबकि कई मामले में आवेदकों से भूमि से संबंधित आवश्यक कागजात अंचल कार्यालय में समर्पित करने का निर्देश दिया गया। शिविर में दाखिल खारिज,राजस्व रशीद,शुद्धिकरण,उतरा अधिकारी नामांतरण सहित अन्य मामले आए। सीओ ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को अंचल कार्यालय में राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में भूमि से संबंधित आवेदक पहुंच कर इसका सीधा लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने भूमि से संबंधित आवश्यक कागजात के साथ अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचने की अपील ग्रामीणों से किया है।

## मॉडल विद्यालय में नामांकन प्रवेश परीक्षा का ऑनलाइन आवेदन आज से शुरू



**बालूमाथ।** मॉडल विद्यालय बालूमाथ में वर्ष 2025 के लिए नामांकन प्रवेश परीक्षा मंगलवार से आरंभ हो गई है। बता दें कि मॉडल स्कूल बालूमाथ में वर्ग 6 से वर्ग 12 तक की पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम से होती है। यह विद्यालय पूर्ण रूप से निःशुल्क है। 25 मार्च 2025 से किसी भी कैफे से मॉडल स्कूल बालूमाथ में नामांकन के लिए ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। इसके लिए न्यूनतम आयु 1 अप्रैल 2025 को 10 वर्ष व अधिकतम 12 वर्ष होना चाहिए। यह परीक्षा पूर्णतः निःशुल्क है। इसमें आवेदन प्रपत्र एवं परीक्षा देने के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है।आवेदन प्रपत्र भरने की तिथि 25 मार्च 2025 से 15 अप्रैल 2025 तक निर्धारित है। उक्त परीक्षा की तिथि 4 मई 2025 को निर्धारित है। परीक्षा ओएमआर शीट पर आधारित होगी। जिसमें अंग्रेजी के 30 अंक गणित के 30 अंक व सामाजिक विज्ञान के 40 अंक रहेंगे। उक्त परीक्षा फॉर्म भरने में किसी भी तरह का परेशानी होने व विद्यालय संबंधित किसी भी तरह का पूछताछ,जानकारी करना हो तो वह विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार से मिल सकते हैं या उनके मोबाइल नंबर 933449782 जानकारी लिया जा सकता है।

## रामनवमी, ईद, सरहुल को लेकर शांति समिति की बैठक, लिए गए निर्णय

**महुआडांड़ (लातेहार)।** थाना परिसर में रामनवमी, ईद, सरहुल त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवपूजन बहेलिया की अध्यक्षता में मंगलवार को शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों,आम लोगों से कार्यक्रमों की संपूर्ण जानकारी प्राप्त की। साथ ही जुलूस का रूट चार्ट, अखाड़ा का लाइसेंस वालंटियर का नाम थाना में जमा करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपस्थित प्रबुद्ध जनों ने सड़कों पर बह रही गंदे नाली के कारण त्योहार के समय हो रही परेशानियों की तरफ प्रशासनिक पदाधिकारी का ध्यान आकर्षित किया। पदाधिकारी ने जल्द से जल्द कार्य करने की बात कही। लोगों से भी आग्रह किया कि अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखें। नाले में कूड़े प्लास्टिक ना डालें। बैठक में उपस्थित प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायत के मुखिया व जनप्रतिनिधियों ने लोगों से सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवपूजन बहेलिया ने उपस्थित लोगों को बताया कि डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। सोशल मीडिया समेत उपद्रवी तत्वों पर पुलिस प्रशासन अपनी नजर बनाए रहेगी। किसी भी तरह के अफवाह पर ध्यान नहीं देना है। ऐसी कोई सूचना मिलती है, तो पहले पुलिस को इसकी जानकारी दें।

## महिला-पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता तीन अप्रैल से शुरू

**लातेहार।** जिला खेल स्टेडियम स्थित वॉलीबॉल मैदान में मंगलवार को जिला लीग कम नॉकआउट महिला-पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता को लेकर आयोजित बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गय। प्रतियोगिता आगामी 3 अप्रैल से 8 अप्रैल तक निर्धारित है। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए बैठक की अध्यक्षता पंकज तिवारी ने की। प्रतियोगिता के पुरुष-महिला विजेता टीम को 11 हजार की नकद राशि व ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। महिला-पुरुष उपविजेता टीम को 5000 की राशि व ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले लातेहार जिला के सभी टीमों को लीग मैच में ज्यादा मैच खेलने का अवसर प्राप्त होगा। लीग प्रतियोगिता के विजेता टीम को नॉक आउट में प्रवेश दिया जाएगा। बैठक में आयोजन समिति के सचिव प्रवीण मिश्रा, वरीय उपाध्यक्ष रंजीत पांडेय, उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार छोटू, आलोक कुमार सिंह, राजीव कुमार गुप्ता, कामिल अंसारी, कोषाध्यक्ष नीरज चंद्रा, सदस्यों में शुभम कुमार साव उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का सेमीफाइनल व फाइनल मैच रात्रि में आयोजित करने पर विचार विमर्श किया गया।

## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में कक्षा एक में नामांकन के लिए ऑनलाइन लॉटरी किया गया

**लातेहार।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में कक्षा एक में नामांकन के लिए ऑनलाइन लॉटरी 25 मार्च को किया गया। मौके पर प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य आशीष टैगोर, शिक्षक अविश कुमार समेत कई अभिभावक मौजूद थे। प्राचार्य ने बताया कि 40 छात्रों के नामांकन के लिए ऑनलाइन लॉटरी किया गया। कक्षा एक में नामांकन के लिए 167 आवेदन आये थे। इनमें आरटीई के तहत 132, इवीएस, बीपीएल के 31 आवेदन शामिल हैं। सर्विस कैटेगरी एक में 15, सर्विस कैटेगरी दो में एक, सर्विस कैटेगरी तीन में 14, सर्विस कैटेगरी चार में चार, सर्विस कैटेगरी पांच में 132 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें जेनरल कैटेगरी के 17, ओबीसी-सीएल के सात, ओबीसी-एनसीएल के 91, अनुसूचित जाति के 30,अनुसूचित जनजाति के कुल 22 आवेदन शामिल है। उन्होंने बताया कि कुल आवेदन में 105 बालक व 62 बालिकाओं के आवेदन प्राप्त थे। प्राचार्य ने बताया कि लॉटरी का परिणाम विद्यालय के वेबसाईट व सूचनापट में प्रकाशित कर दिया गया है।

**बाल वाटिका के लिए ऑनलाइन लॉटरी 28 को :** प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बाल वाटिका में नामांकन के लिए ऑनलाइन लॉटरी आगामी 28 मार्च की पूवाह्न 11.30 बजे से किया जायेगा। कुल 40 बच्चों का नामांकन किया जायेगा। उन्होंने ऑनलाइन लॉटरी में भाग लेने की अपील आवेदन किये बच्चों के अभिभावकों से की है।

## सरहुल पूजा धूमधाम से मानने के लिए कमेटी गठित, ऐश्वर्य बने अध्यक्ष

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** सरहुल पर्व धूमधाम से मनाने को लेकर प्रखंड सरना समिति की बैठक बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित सरना भवन परिसर में प्रखंड पड़हा राजा प्रभुदयाल उरांव की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में आगामी एक अप्रैल को सरहुल पर्व को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से कमेटी का अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव, उपाध्यक्ष संजय उरांव,उदय गंझू, सचिव शंकर उरांव, कोषाध्यक्ष संतु उरांव, उपकोषाध्यक्ष रामलाल उरांव, महामंत्री सुरेश उरांव को बनाया गया। वहीं संरक्षक समिति में प्रभुदयाल उरांव,संतोष उरांव, रीना उरांव, सोहराई भगत, लालजी उरांव मैंकल कुजूर, अमित उरांव ब्रह्मदेव उरांव रामकेवल उरांव सुरेंद्र उरांव प्रदीप गंझू ,संदीप उरांव ,शुक्रा भगत, कर्मदेव उरांव ,उदय उरांव, जयप्रकाश उरांव, जालंधर उरांव राजकुमार उरांव, सुरेंद्र गंझू ,लालू उरांव ,राजू उरांव,मुनेश्वर उरांव, कपिल उरांव, सतिश उरांव,नागदेव उरांव ,जगदेव उरांव ,राहुल, आनंद उरांव, मुकेश उरांव ,लालसहाय उरांव को शामिल किया गया है।



बता दे कि सरहुल पूजा को लेकर आदिवासी समाज में काफी उत्साह देखी जा रही है। बैठक में प्रखंड सरना समिति के दर्जनों लोग मौजूद थे।

## पुल रेलिंग मरम्मत में अनियमिता

**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ पंचायत के राजडंडा में चल रही पुल मरम्मती में भारी अनियमिता की बात ग्रामीणों द्वारा कही जा रही है। आरसीडी विभाग से पुल समेत कई अन्य पुल में रेलिंग ,पारापेट, रंग रोगन का कार्य में अनियमिता बरती जा रही है। ग्रामीण का कहना है कि गुणवत्ता पूर्ण कार्य नहीं हो रहा है। घटिया छड़, सीमेंट, बालू का उपयोग किया जा रहा है। छड़, सीमेंट एवं अन्य मात्र में सही अनुपात के अनुरूप मसाला नहीं बन रहा है। पुल एवं रेलिंग मरम्मती कार्य मजदूर के भरोसे चल रहे है। निर्माण स्थल में कोई भी विभागीय जेई उपस्थित नहीं है। संबंध में आरसीडी विभाग के अधिकारी विजय बखला को कॉल किया गया, लेकिन अधिकारी द्वारा कॉल नहीं उठाया गया।

## खराब ट्रांसफार्मर को बदलने के काम में तेजी लाए : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में विद्युत विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बिजली आपूर्ति विभाग के संपूर्ण कार्यों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य प्रगति में बाधक बन रहे समस्याओं को संबंधित विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर दूर करने का निर्देश दिया। खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलने, आए दिन बिजली की समस्या, कई इलाकों में पुराने बिजली तार को बदलने सहित बिजली की अन्य कई समस्याओं पर चर्चा कर विद्युत कार्यपालक अभियंता को उक्त समस्याओं का



त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। विद्युत आपूर्ति, सुदृढ़ बिजली-व्यवस्था के अलावा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ करने का निर्देश संबंधित को दिया गया। उपायुक्त ने बिजली विभाग के अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में विद्युत कार्यपालक अभियंता प्रहलाद मेहता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## रामनवमी पूजा समिति के सदस्य की मौत

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी प्रखंड के चट्टी निवासी रामनवमी पूजा समिति के समर्पित सदस्य बबलू गुप्ता की मौत रांची रिम्स में इलाज के दौरान हो गई। दिवंगत अपने पीछे तीन बच्ची व पत्नी छोड़ गए हैं। दिवंगत बबलू लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। इनके असमय मौत से चट्टी समेत पूरे इटखोरी चौक में मातम छाया है। साथ ही क्षेत्र के लोगों के साथ रामनवमी पूजा समिति ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।


## महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार

### सूचना

यह आम जनता की जानकारी के लिए है कि प्रधान मंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) पर 01.04.2025 से शुरू होगी। यह पुरस्कार उन बच्चों को दिया जाता है जो बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और औद्योगिकी, पर्यावरण तथा कला और संस्कृति के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के योग्य हैं।

5 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु का कोई भी बच्चा (31 जुलाई, 2025 तक), जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है, पुरस्कार के लिए पात्र है।

किसी भी नागरिक से खुले नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) के माध्यम से प्राप्त किए जाएंगे। पुरस्कारों के लिए स्वनामांकन और सिफारिशों, दोनों पर विचार किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31.07.2025 है। अधिक जानकारी के लिए कृपया राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) देखें।

**CBC : 46101/11/0013/2425**

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–N.I.T. No.-40/2024-25

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 09.04.2025 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 11.04.2025 के अपराह्न 3.00 (तीन) बजे तक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 11.04.2025 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा । 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल का कार्यालय हजारीबाग । |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा । |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| क्रम सं0 | कार्यकानाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repair of Toilet and Sewer Drainage system and Paver Block work at Sadar Hospital, Chatra For the Year 2024-25 | 40,42,400.00 | 81000.00 | 5000.00 | 04 Months |

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा

PR 349208 (Building)24-25*D

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ................ दिनांक ........................

### इच्छा की अभिव्यक्ति Expression of Interest (EOI) 35/2024–25

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत कचहरी परिसर के निकट पुराना समाहरणाय का बाउण्ड्री (दिवाल) धवस्त किया जाना है। इच्छुक संवेदक/एजेन्सी/व्यक्ति उक्त बाउण्ड्री को ध्वस्त करने हेतु दिनांक 04.05.2025 तक बन्द लिफाफे में दर जमा कर सकते है। ध्वस्त बाउण्ड्री का मलवा का उठाव स्वयं कर सकते है। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शुल्क मो0 5,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पदनाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। कोटेशन उसी दिन **3:00 बजे अपराह्न** नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष बन्द लिफाफा खोली जाएगी। लिफाफा समर्पित करने वाले संवेदक/एजेन्सी/व्यक्ति अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि ससमय उपस्थित रह सकते है।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 349165 District(24-25).D

## कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0,लोहरदगा
### प्रथम तल्ला विकास भवन, लोहरदगा

### ई0 आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या :– 02/2024–25/NREP/LOHARDAGA दिनांक 25.03.25

कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e Procutment पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NREP/LOHARDAGA /03/2024-25 | ग्राम गाराडीह में नेसार खान से घर के सामनें डांगो टोंगरी तक पी0सी0सी0पथ निर्माण | 47,07,817.00 | सैंतालीस लाख सात हजार आठ सौ सतरह रूपये मात्र। | दो माह | प्रथम |
| | | ग्राम तोड़ार सरना टोली में मंगरा उरांव के घर से झखरा तक 2315 फीट | 43,22,598.00 | तैंतालीस लाख बाईस हजार पॉच सौ अन्ठानबे रूपये मात्र। | दो माह | प्रथम |

2:– वेबसाईट में निविदा प्रकाश की तिथि:– :– 03.04.2025
3:– ई–निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि :– 19.04.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक
4:– निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 21.04.2025 को अपराह्न 3.30 बजे।
5:– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पत्ता :– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा।
6:– ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष स0:–8409767005
7:– निविदा में ग्रामीण कार्य विभाग के समुचित श्रेणी के संवेदक भाग ले सकते हैं।
8:– संवेदक का UCAN में निबंधन अनिवार्य है।
नोट:– निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगा।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0, लोहरदगा

PR 349199 Lohardaga (24-25)_D

## नववर्ष की तैयारियों को लेकर जय श्री राम समिति ने बैठक की



**लोहरदगा।** नववर्ष विक्रम संवत को लेकर कुडू प्रखण्ड के जिमा पंचायत व लावागाई पंचायत,भंडरा प्रखण्ड के ग्राम बेदाल,सेन्हा प्रखण्ड के ग्राम बरही,किस्को प्रखंड के अरेया, सदर प्रखण्ड के अरकोसा व मन्हो में जय श्रीराम समिति की बैठक की गई ' आयोजित बैठक में जिला पदाधिकारी मौजूद थे जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा सनातन समाज में परिवर्तन की लहर है पश्चिमी सभ्यता में जकडी हुई संस्कृति को छोड़ सनातन समाज के लोग अपनी संस्कृति को अपना रहे है जिसका असर पूरे भारत में देखने को मिल रहा है इसी का परिणाम है कि सनातन समाज की शक्ति महाकुंभ में देखने को मिला आगे कहा कि इस बार 30 मार्च 2025 को नववर्ष विक्रम संवत में ललित नारायण स्टेडियम से ऐतिहासिक शोभा यात्रा निकाली जाएगी ' जिसमें धर्म संस्कृति की झलक नजर आएगी ' जिला कार्यकारी अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा सनातन की संस्कृति सभ्यता आदिकाल से चली आ रही है इस सभ्यता संस्कृति को जातीयता जैसे जटिल समस्याओं के बंधन में बंधने के बावजूद कोई हिला नहीं पाया ' आज भी यह समस्या उत्पन्न होती रहती है परंतु सनातन की संस्कृति सभ्यता और परंपरा को जानने के बाद सनातन की शक्ति दिनों दिन बढ़ रही है और पश्चिमी सभ्यता छोड़ रहे है।

## तालाब से बरामद अज्ञात शव की हुआ शिनाख्त

**सेन्हा-लोहरदगा।** डांडू ढवढा टोली में फुलझर नदी के समीप मांडू भगत के तालाब पिंड में बीते शनिवार को अज्ञात वृद्ध का शव मिला था। जिसका शिनाख्त नही के कारण शव को रांची शीतगृह में 72 घंटा के लिए रखा गया था. समाचार पत्र के माध्यम से अज्ञात शव मिलने की सूचना प्रकाशित किया गया था। जिस पर काफी प्रयास के बाद शव का शिनाख्त के पश्चात पता चला कि उक्त शव रांची जिला के बेड़ो थाना क्षेत्र अंतर्गत मसियातु नवाटोली निवासी स्व. मांगा उरांव का 60 वर्षीय पुत्र मजेया उरांव के रूप में किया गया। जिस पर परिजनों द्वारा पुलिस प्रशासन को अवगत कराते हुए कहा कि मजेया उराँव का मानसिक स्थिति ठीक नही होने के कारण घर से निकल गया था. जिसको हम सभी परिजन ढूंढ रहे थे.उसी दौरान समाचार पत्र के माध्यम से ज्ञात हुआ कि लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र में अज्ञात वृद्ध का शव मिला है. शव का शिनाख्त के पश्चात सेन्हा पुलिस पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया.जिसे पोस्टमार्टम के उपरांत अंतिम संस्कार के लिये घर वालों को सौंप दिया जायेगा।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो बाइक सवार घायल

**भंडरा।** रांची लोहरदगा मुख्य पथ के पझरी गांव के समीप मंगलवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो बाइक सवार व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया जिसे इलाज के लिए भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है। घायल की पहचान भरनो प्रखंड के खरखा गांव निवासी भुईंद्र सिंह के 42 वर्षीय पुत्र राजदीप सिंह व बेड़ो गड़गाव निवासी 46 वर्षीय योगी सिंह के रूप में की गई है। बताया जाता है कि मंगलवार को राजदीप सिंह व उनके मामा योगी सिंह घर से अपनी बाइक से अपने घर खरखा लौट रहा था। तभी रांची लोहरदगा मुख्य मार्ग के पझरी गांव के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने 108 वाहन से घायल को इलाज के लिए भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार कर दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर भेज दिया। भंडरा पुलिस इस मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

## बाइक को बचाने में अनियंत्रित होकर पलटा बोलेरो वाहन

**भंडरा ।** भंडरा थाना क्षेत्र के रांची लोहरदगा मुख्य पथ पझरी सेमरा मोड़ के समीप मंगलवार को बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर बोलेरो पलट गई। इसमें पति पत्नी व उनका पुत्र घायल हो गए। मौके पर पहुचे ग्रामीणों ने 108 वाहन से घायलों को भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। बताया जाता है की लोहरदगा मिशन चौक निवासी नारायण साहू के 38 वर्षीय पुत्र सिकंदर साहू अपनी पत्नीमालती देवी व पुत्र के साथ बोलेरो से रांची जा रहे थे इसी बीच पझरी सेमरा मोड़ के समीप मोटर साइकिल चालक ट्रक को ओवरटेक करने लगा। इसी बीच आगे चल रहे बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इससे बोलेरो सवार सिकंदर साहू बुरी तरह घायल हो गये जबकि उनकी पत्नी मालती देवी व पुत्र आंशिक रूप से घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों ने इलाज के लिए भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इस घटना मे सिकंदर साहू का एक हाथ फेक्चर हो गया है। डॉक्टरो ने इलाज के बाद घायलों को छुट्टी दे दी।

## चित्र व कहानी के माध्यम से छात्र छात्राओं को दी गयी शिक्षा



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित टाटा सिन्नी रिसकोर्स सेंटर में मंगलवार को छात्र छात्राओं को चित्र व कहानी के माध्यम से शिक्षा दिया गया.विद्यालय में वार्षिक परीक्षा सम्पन्न होने के पश्चात टाटा सिन्नी ट्रस्ट द्वारा कन्या मध्य विद्यालय में अध्ययनरत षष्ठ व सप्तम कक्षा के छात्र छात्राओं का पढ़ाई जारी रखने और सामान्य ज्ञान में रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को चित्र व कहानी के माध्यम से शिक्षा दिया गया.साथ ही सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी भी कराया गया.वही चित्र व कहानी के माध्यम से चित्र देखकर कहानी बनाना तथा दूरदर्शी यंत्र के बारे में टाटा सिन्नी ट्रस्ट के सीमा टोप्पो द्वारा विभिन्न तरह की जानकारी दी गई.जिसे चित्र व कहानी के माध्यम से शिक्षा प्राप्ति के लिये काफी उत्सुक नजर आये.मौके पर वर्षा कुमारी,खुशबू कुमारी,आशीष राम,आलीशान अली, प्रिया कुमारी, संतोषी कुमारी, रोहित लहेरी, शीतल कुमारी,कुश बैठा,सौरभ राम,आयुष गोप समेत सैकडों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## सरहुल, ईद और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**भंडरा/लोहरदगा।** सरहुल, ईद और रामनवमी पर्व हर्षोल्लास के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए मंगलवार को भंडरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। शांति समिति के सदस्यों ने बताया कि 31 को ईद है, इसमें ईदगाह और मस्जिद में नमाज पढ़ी जाएगी. सरहुल में 31 को उपवास, 01 अप्रैल को झखरा में पुजा किया जाएगा. झखरा के बाद गांव के पाहन घर घर जाकर फूलखोसी करते है और 03 अप्रैल को शोभा यात्रा निकाली जाएगी. सभी गांव से 24 खोड़हा शोभा यात्रा के रुप में गाजा बाजा के साथ भंडरा आते है और यहां मिलन होने के बाद सभी शाम में अपने अपने घर लौटेंगे. रामनवमी 6 अप्रैल को है. इस दिन भंडरा में भव्य मेला का आयोजन किया जाएगा. मेला में 32 अखाड़ा के अखाड़ेधारी झंडा लेकर नाचते गाते हुए आते है।

# ओलावृष्टि से प्रभावित लोगों को जल्द उचित मुआवजा भुगतान किया जाएगा : डॉ रामेश्वर



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मंगलवार को पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उराँव ने लोहरदगा विधानसभा अंतर्गत क्रमशः प्रखंड भण्डरा, प्रखंड लोहरदगा, प्रखंड किस्को, प्रखंड कुडू के प्रखंड मुख्यालय का मैराथन दौरा कर कृषकों एवं आमजनों से मुलाकात की और ओलावृष्टि से हुए नुकसान एवं प्रभावित कृषकों से मुलाकात किया। विभागीय पदाधिकारियों से बैठक कर जल्द कारवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि लोहरदगा में तेज बारिश एवं ओलावृष्टि के बाद फसल को हुए नुकसान का आकलन शुरू किया जा चुका है। फसलों के नुकसान पर मुआवजा राशि का भुगतान विभाग द्वारा जल्द किया जाएगा। जिले में गेहूं, सरसों, चना,टमाटर, प्याज, आलू, गोभी, मटर, तरबूज, खीरा सहित अन्य फसल भी ओलावृष्टि के कारण पूरी तरह बर्बाद हो गये हैं। यहां के किसानों के समक्ष अब आर्थिक संकट पैदा हो गया है। कई किसान ऋण लेकर खेती कर रहे थे लेकिन बारिश के कारण फसल पूरी तरह बर्बाद हो गया है। भण्डरा प्रखंड में 1480 , लोहरदगा प्रखंड में 36 एवं किस्को प्रखंड में 369, कुरु में 20 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसपर संवेदनशील रूप से कारवाई की जा रही है। विधायक ने कहा कि सभी ग्रामीणों को आश्वस्त करता हूँ जल्द छतिपूर्ति की जाएगी। अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर फसल के नुकसान की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया हुआ है। प्रखंड और अंचल के पदाधिकारियों को तीन दिनों के अंदर जिला मुख्यालय में फसल नुकसान के आकलन से संबंधित रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। मौके पर एडिशनल कलेक्टर जितेंद्र मुंडा, सभी अंचल के बीडीओ, सीओ, हाजी शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिप अध्यक्ष रीना भगत, विशाल डुंगडुंग, संदीप गुप्ता, सामूल अंसारी, तनवीर गौहर, सुशीला देवी, सरिता देवी, सोमे उराँव, नुसरत अंसारी, लालू उराँव, संतोषी उराँव, सुशील उराँव, सूरज मुंडा, जैनुल अंसारी, राजकुमार उराँव, अबू रेहान, रसीद अंसारी, नयूम अंसारी, मजीद पावरिया, मनोज टोप्पो, सुनील भगत, रखुल पावरिया,मुनि देवी, महावीर उराँव आदि उपस्थित थे।

## भंडरा में पंचायत समिति की बैठक हुई, अधिकारियों को मिला निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में मंगलवार को प्रखंड प्रमुख बरिया देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मनरेगा, अबुआ आवास, पीएम आवास, कल्याण, पशुपालन, कृषि, बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा सहित सभी विभाग के अधिकारी शामिल हुए। मौके पर प्रखंड प्रमुख बरिया देवी द्वारा सभी विभाग से क्रमवार रूप से संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से राशन कार्डधारियों का ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। साथ ही बाल विकास योजना द्वारा संचालित मातृत्व वंदना, सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना के लक्ष्य को अविलंब पूरा करने, लंबित अबूआ आवास, पीएम आवास योजना को पूर्ण करते हुए अभिलेख बंद करने का निर्देश प्रखंड समन्वयक को दिया है। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं



की जानकारी लेते हुए ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सुविधा सुदृढ़ करने का निर्देश दिया है। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि प्रखंड प्रशासन सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है। किसी भी क्षेत्र में सरकार द्वारा संचालित योजना का लाभ ग्रामीणों को मिलने में परेशानी होती है, तो उसकी सूचना अविलंब प्रखंड कार्यालय को देना सुनिश्चित करें, ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कराया जा सके। इस दौरान उन्होंने ओलावृष्टि से पीड़ित परिवार को मुआवजा हेतु आवेदन जमा होने की बात कही है। मौके पर मनीष अग्रवाल, रिंकी कुमारी, महिपाल उरांव, बिपता उरांव, रेहान आलम सहित प्रखंड के सभी विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## मुवावजा के दिये गये आवेदनों का निष्पादित करें

**सेन्हा-लोहरदगा।** अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी द्वारा प्रभारी कृषि पदाधिकारी,एटीएम व अंचल निरीक्षक तथा राजस्व कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित किया गया.आयोजित बैठक में ओलावृष्टि से प्रभावित नुकसान फसल का मुवावजा के लिये अंचल क्षेत्र के किसानों से आवेदन प्राप्त किया गया है.जिस पर अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी ने प्रभारी कृषि पदाधिकारी,एटीम,अंचल निरीक्षक और राजस्व कर्मचारियों को निदेर्शा देते हुए कहा कि प्राप्त सभी आवेदनों को आपदा विभाग के निदेर्शानुसार सूचीबद्ध ढंग से निर्गत करने का निर्देश दिया गया.जिसे किसानों को ससमय मुवावजा की राशि मिल सके साथ ही सभी प्राप्त आवेदनों को आपदा प्रबंधन विभाग को सीघ्र अग्रसारित करने का भी निर्देश दिया गया.अंचल कार्यालय सेन्हा व सभी पंचायत भवनों में जनसेवकों द्वारा शिविर आयोजन कर ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों से आवेदन प्राप्त किया जा रहा।

## शिक्षा मंत्री से मिला झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ



**लोहरदगा।** झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ नवनियुक्त पीजीटी एवं प्रयोगशाला सहायकों के वेतन भुगतान को लेकर गंभीर है। इस मामले को लेकर संघ के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ठाकुर ने मंगलवार को झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन तथा माध्यमिक शिक्षा निदेशक राकेश प्रसाद से मुलाकात कर ज्ञापन दिया ' मौके पर श्री ठाकुर ने नवनियुक्त पीजीटी तथा प्रयोगशाला सहायकों के समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि पिछले 9 महीने से वेतन भुगतान नहीं होने कर्मियों की आर्थिक स्थिति कैमरा गई है तथा कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ' विभाग द्वारा आश्वासन दिया गया की बकाया वेतन हर हाल में अप्रैल महीने तक भुगतान कर दिया जाएगा ' इसकी जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि विभागीय एवं जिला कार्यालयों की शिथिलता के कारण नवनियुक्त पीजीटी तथा प्रयोगशाला सहायकों के साथ पुराने पीजीटी का वेतन भुगतान सच समय नहीं हो पता है इसको लेकर शिक्षकों मे रोष है ।

### लोहरदगा सदर थाना में शांति समिति की बैठक हुई

# ईद, सरहुल, रामनवमी और नव वर्ष विक्रम संवत पर सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने का आह्वान

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा ।** सदर थाना परिसर में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी त्योहारों–ईद, सरहुल, रामनवमी और नव वर्ष विक्रम संवत–को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग, नगर परिषद, शांति समिति के सदस्य, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी आशुतोष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी गौरी शंकर शर्मा, पुलिस निरीक्षक सह सदर थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर और नगर परिषद प्रशासक मुक्ति कीड़ों ने संयुक्त रूप से की। अधिकारियों ने सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारे और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने धार्मिक सहिष्णुता, सामाजिक समरसता और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। सभी ने एकमत होकर कहा कि लोहरदगा की पहचान गंगा-जमुनी तहजीब, आपसी मेल-जोल और शांति से है, जिसे बनाए रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।



अंचलाधिकारी आशुतोष कुमार ने कहा कि त्योहार हमारे समाज की संस्कृति, परंपरा और मूल्यों का प्रतिबिंब होते हैं। इन्हें आपसी प्रेम, सद्भाव और सौहार्द के साथ मनाना हमारा कर्तव्य है। शांति समिति की भूमिका ऐसे अवसरों पर और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। हम सभी को मिलकर किसी भी तरह की अफवाहों, गलतफहमियों और विवादों से बचना चाहिए। अगर कोई भी शरारती तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है, तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने नागरिकों से सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से सतर्क रहने और कोई भी जानकारी साझा करने से पहले सत्यापन करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी बनती है कि वह शांति और सौहार्द को बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करे। बैठक में ईद, सरहुल, रामनवमी और नव वर्ष विक्रम संवत से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ईद के अवसर पर किन-किन स्थानों पर ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। जिला स्तरीय सरहुल महोत्सव के रूट, कार्यक्रमों और सांस्कृतिक आयोजनों की विस्तृत जानकारी दी गई। यह सुनिश्चित किया गया कि सभी लोग नियमों और दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सुचारू रूप से इसमें भाग लें। रामनवमी पर्व के सभी रूटों और जुलूस की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। इस दौरान धार्मिक संगठनों, श्रद्धालुओं और समितियों को नियमों एवं मार्गदर्शिका की जानकारी दी गई। इसके साथ ही नव वर्ष विक्रम संवत के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि यह यात्रा धार्मिक एवं सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण होती है, जिसमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी होती है।


## कार्यालय उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार
(जिला ग्रामीण विकास शाखा)

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

सरकार के अपर सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 244 (अनु0) दिनांक 27.02.2025 के द्वारा मनरेगा अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत (1) आम, (2) अमरूद, (3) नींबू, (4) संतरा, (5) चिकू, (6) कटहल, (7) नाशपाति, (8) बेर, (9) लीची एवं (10) ड्रम स्टीक के पौधों की गुणवत्तापूर्ण खरीददारी की जानी है। इस हेतु L1 दर निर्धारण के लिए NHB निबंधित झारखण्ड के नर्सरी से पौधा क्रय किया जाना है। अतः (1) आम, (2) अमरूद, (3) नींबू, (4) संतरा, (5) चिकू, (6) कटहल, (7) नाशपाति, (8) बेर, (9) लीची एवं (10) ड्रम स्टीक पौधा का L1 दर निर्धारण हेतु इच्छुक NHB से निबंधित आपूर्तिकर्त्ता से मुहरबंद अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ताओं द्वारा सीलबंद लिफाफे में तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड अलग–अलग लिफाफा में दिनांक 04/04/2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक निविदा स्पीड पोस्ट/ निबंधित डाक/ हाथो हाथ जिला ग्रामीण विकास शाखा, लातेहार के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदा दिनांक– 05/04/2025 को अपराह्न 03:00 बजे निविदादाता या प्रतिनिधि (प्राधिकृत पत्र के साथ) समक्ष खोली जायेगी। लिफाफा पर साफ–साफ शब्दों में बिरसा हरित ग्राम योजना (मनरेगा) अंकित कर जमा कर सकते हैं। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरणी एवं शर्त्तें लातेहार जिला के Official Website- https://latehar.nic.in एवं जिला ग्रामीण शाखा, लातेहार के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

उपायुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक
लातेहार

PR 349178 Rural Development (24-25)_D

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक 1280 दिनांक 24.03.2025

**शुद्धि – पत्र**

कार्यालय ज्ञापांक 1111 दिनांक 10.03.2025 द्वारा सैरात बन्दोबस्ती सूचना आमंत्रित की गयी थी। उक्त सैरात बन्दोबस्ती सूचना में निम्नांकित तिथि एवं स्थल में आंशिक संशोधन की जाती है :–

(1) निम्नवत् तिथि में संशोधन :–

| क्रमांक | नाम | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | डाक से संबंधित कागजात जमा करना | 24.03.2025 | 27.03.2025 |
| 2 | खुली डाक बोली | 25.03.2025 एवं 27.03.2025 | 28.03.2025 एवं 29.03.2025 |

(2.) सैरात A. के क्रमांक–1 एवं B. के क्रमांक–11 में आंशिक संशोधन निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | सैरातों का नाम | वर्ष 2025–26 के लिए सरकारी डाक राशि | जमानत की राशि (सरकारी डाक राशि का 5%) | रूट |
|---|---|---|---|---|
| **A. सब्जी बाजार सैरात** | | | | |
| 1 | मुख्य सब्जी बाजार क्षेत्र (मुख्य सब्जी बाजार मो0 42,00,000/- एवं गल्ला बाजार मो0 3,50,000/-) | 45,50,000/- | 2,27,500/- | कन्नी राम चौक भाया हॉस्पीटल चौक भाया जेलहाता भाया कचहरी रोड़ से भाया गिरिवर स्कूल भाया शिवाला रोड़, भाया कन्नी राम चौक तक |
| | सदीक मंजिल चौक, | 4,00,000/- | 20,000/- | संदीक मंजिल चौक से कोयल पुल बस स्टोप तक, संदीक मंजिल चौक से नावाटोली हनुमान मन्दिर तक, के0जी0 स्कूल रोड़ से कॉपरेटिभ मोड तक। |
| **B. वाहन पार्किंग सैरात** | | | | |
| 11 | रेड़मा चौक से जी0एल0ए0 कॉलेज रजवाडीह टैम्पु स्टेण्ड एवं रेड़मा चौक से चियाँकी स्टेण्ड तक। | 7,00,000/- | 35,000/- | रेड़मा चौक भाया रांची रोड़ भाया चियांकी, रेड़मा चौक भाया जी0एल0ए0 कॉलेज रजवाडीह टेम्पु स्टेण्ड तक। |
| | बैरिया टेम्पु स्टेण्ड। | 3,00,000/- | 15,000/- | बाईपास रोड़ भाया बैरिया चौक, भाया बिसफुटा चौक क्षेत्र एरिया। |

शेष शर्तें यथावत् रहेंगी। जिसका PR – 348337 है।

नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 349173 (District) 24-25 (D)

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा
(खेल शाखा)
Email id-lohardagadso@gmail.com

**सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखण्ड रॉची द्वारा लोहरदगा जिले में संचालित आवासीय बालक फुटबॉल प्रशिक्षण केन्द्र नदिया हिन्दु उच्च विधालय लोहदगा में प्रशिक्षुओं के रिक्त स्थानों को भरने हेतु प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 28.03.2025 को किया जाना निर्धारित है।

| क्र0 सं0 | प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | खेल विद्या का नाम | प्रतिभा चयन स्थल | रिक्त खिलाड़ियों की संख्या | निर्धारित तिथि एवं समय | सम्पर्क कर्मी का नाम एवं मोबाइल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | आवासीय बालक फुटबॉल प्रशिक्षण केन्द्र नदिया हिन्दु उच्च विधालय, लोहरदगा | फुटबॉल | नदिय हिन्दु उच्च विधालय मिनी स्टेडियम, लोहरदगा। | छः (06) | दिनांक 28.03.2025 को पूर्वाह्न 08:00 बजे से | 1.सुश्री मधु तिर्की, जिला खेल समन्वय, लोहरदगा।मो0नं0–9835709128 2.श्री अजय सुबास तिर्की प्रशिक्षक,मो0नं0 8877153784 3.सुश्री पुजा कुमारी, प्रशिक्षिका मो0 नं0 6202365439 |

चयन ट्रायल हेतु निर्धारित दिशा– निर्देश निम्नवत है:–

1. आवासीय क्रीडा प्रशिक्षण केन्द्र हेतु प्रशिक्षुओं के उम्र सीमा की गणना वितीय वर्ष 2025–26 के 01 अप्रैल को 10 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिया हो एवं 14 वप्र की आयु पूर्ण नहीं किया हो कि जाएगी (मान्य जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड एवं दो अद्यतन पासपोर्ट रंगीन फोटोग्राफ प्रस्तुत करना अनिवार्य है)
2. वैसे खिलाड़ी जिनकी आयु 14 वर्ष से अधिक है, लेकिन जिन्होने कम से कम राष्ट्रीय प्रतियागिताओं में भाग लिया हो अथवा राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त किया हो अथवा जिला स्तरीय चैम्पियनशिप मे स्वर्ण पदक प्राप्त किया हो उन्हें आवासीय क्रीडा प्रशिक्षण केन्द्र मे प्रवेश देने हेतु विचार किया जा सकता है।
3. विभाग द्वारा संचालित फुटबॉल डे–बोर्डिग प्रशिक्षण केन्द्र/फुटबॉल क्रीडा किसलय केन्द्र के वैसे खिलाड़ी जिन्होंनं कम से कम राष्ट्रीय चैम्पियन मे भाग लिया हो अथवा राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप मे पदक प्राप्त किया हो अथवा जिला स्तरीय चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया हो, उन्हे सीधे आवासीय क्रीडा प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश देने हेतु विचार किया जा सकता है।
4. खिलाड़ियों को झारखण्ड राज्य का निवासी होना अनिवार्य होगा।
5. चयन मानक (बैटरी टेस्ट एवं स्कील टेस्ट) के आधार पर परीक्षण परिणामें के आधार पर किया जाएगा।
6. उक्त प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी www.lohardaga.nic.in से आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं या जिला खेल कार्यालय, लोहरदगा से प्राप्त किया जा सकता है।
7. मेडिकल फिटनेस – खिलाड़ी को निर्धारित चिकित्सीय परीक्षण में फीट होन पर ही नामांकन संबंधित प्रशिक्षण केन्द्र में किया जाएगा।
8. चयनित खिलाड़ियों को प्रशिक्षण केन्द्र मे नामांकन से पूर्व माता/पिता/अभिभावक का सहमति पत्र (Consent Letter) प्रस्तुत करना होगा।

जिला खेल पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 349198 Lohardaga(24-25).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
(rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

**अल्पकालीन ई– निविदा आमंत्रण सूचना**

अल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या– RDD/SD/LOHARDAGA/E-11/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Renovation of Hospital Building Painting and Waterproffing work of Hospital Building, Kalyan Hospital, Hesal, Basardih, Dist.-Lohardaga. | 18,66,800.00 | 37,500.00 | 5000.00 | 2 माह |
| 2 | Renovation of Hospital Building Glass, Paver Block and Bathrooms work of Hospital Building, Kalyan Hospital, Hesal, Basardih, Dist.-Lohardaga. | 11,52,800.00 | 23,100.00 | 2500.00 | 2 माह |
| 3 | Renovation of Hospital Building Glass, Paver Block and Bathrooms work of Hospital Building, Kalyan Hospital, Hesal, Basardih, Dist.-Lohardaga. | 19,16,500.00 | 38,500.00 | 5000.00 | 2 माह |
| 4 | Renovation of Boundary Wall and Hospital Building Dismantling work of Hospital Building, Kalyan Hospital, Hesal, Basardih, Dist.-Lohardaga. | 24,58,900.00 | 49,200.00 | 5000.00 | 2 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 29.03.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 29.03.2025 से दिनांक 09.04.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, कार्यालय ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, लोहरदगा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 11.04.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
7. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दुरभाष संख्या :– 06526–295021
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 349151 Lohardaga(24-25)#D

# गुमला डीटीओ का सख्त आदेश बिना हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल

**नवीन मेल संवाददाता**

**पालकोट (गुमला)।** गुमला जिले में सड़क सुरक्षा नियमों को सख्ती से लागू करने के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) ने नया आदेश जारी किया है– नो हेलमेट, नो पेट्रोल। इसके तहत बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल देने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस आदेश की जानकारी डीटीओ गुमला ने जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को दी है।

पालकोट प्रखंड के निर्झर पेट्रोल पंप के संचालक ने बताया कि डीटीओ के निर्देशानुसार उनके पेट्रोल पंप पर भी इस नियम को सख्ती से लागू किया गया है। पंप परिसर में इस संबंध में सूचना चिपकाई गई है, ताकि वाहन चालकों को नियम का पालन करने के लिए जागरूक किया जा सके। डीटीओ ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों से अपील की है कि वे बिना हेलमेट पहने किसी भी व्यक्ति को पेट्रोल न दें और यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक करें। इस आदेश का मकसद सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और हेलमेट पहनने की आदत को बढ़ावा देना है।




## केंद्रीय महावीर मंडल सिसई द्वारा निकाला गया महावीर झंडा



**सिसई (गुमला)।** केंद्रीय महावीर मंडल सिसई ने राम नवमी को लेकर मंगलवार को शंखनाद करते हुए गाजे बाजे के साथ रामनवमी का महावीर झंडा निकाला। झंडा निकालने से पूर्व थाना रोड स्थित शिव मंदिर, हनुमान वाटिका में पूजा अर्चना कर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ एवं आरती किया गया। उसके बाद केन्द्रीय महावीर मंडल के कार्यकताओं एवं भक्तों ने संयुक्त रूप से सिसई चौक में परंपरागत रूप से महावीर झंडा का स्थापना किया। वही उन्होंने बताया कि इस बार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ रामनवमी त्योहार मनाने की तैयारी की जा रही है, जिसमें चौक चौराहा, हनुमान मंदिर सहित चारों तरफ महावीर झंडा, और भगवा पताका लगाया जाएगा। इस मौके पर महावीर झंडा स्थापना करने वाले केंद्रीय कमेटी के सदस्य विशाल गुप्ता ,सौरभ ताम्रकार,रक्षित गुप्ता , हनू गुप्ता, रंजन ठाकुर , सूरज ठाकुर, कुलदीप सैनी ,शुभम गुप्ता, धीरज साहू ,सूरज साहू, विकास लाल ,उमेश माली समेत भारी संख्या में राम भक्त मौजूद थे।

## गुमला में ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा नीलांबर-पीतांबर शाही भोगता शहादत दिवस



**गुमला।** खरवार भोगता समाज विकास संघ की एक अहम बैठक मंगलवार को पालकोट रोड स्थित संघ कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जीतु प्रधान ने की, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि आगामी 28 मार्च को प्रथम स्वतंत्रता सेनानी नीलांबर-पीतांबर शाही भोगता का शहादत दिवस ऐतिहासिक रूप से मनाया जाएगा। संघ के प्रमंडलीय अध्यक्ष मंगल सिंह भोगता ने कहा कि नीलांबर-पीतांबर शाही भोगता हमारे पूर्वज हैं, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। उनके त्याग और बलिदान के कारण हमारा समाज संगठित है, और उनके आदर्शों को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने बताया कि 28 मार्च को होने वाले शहादत दिवस समारोह में बड़ी संख्या में समाज के लोग जुटेंगे और इसे ऐतिहासिक बनाया जाएगा। संरक्षक बलराम प्रधान ने कहा कि भले ही हमारा समाज आर्थिक रूप से पिछड़ेपन का सामना कर रहा है, लेकिन खरवार भोगता समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। शिक्षा और जागरूकता के जरिए समाज को फिर से संगठित और विकसित किया जाएगा। इस दौरान संघ के अध्यक्ष जीतु प्रधान ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया, जबकि महासचिव भरत प्रधान ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में शिवशंकर भोगता, रिंकू सिंह, सीलो देवी, जसमती देवी, कृष्णा सिंह, रंथा प्रधान, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## स्कूल केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि एक परिवार की तरह होता है: प्रधानाध्यापक



**गुमला।** गुमला के मुरकुंडा स्थित ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल में फाइनल परीक्षा का रिजल्ट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अभिभावक बैठक भी हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में अभिभावकों और शिक्षकों ने शिरकत की और शिक्षा के महत्व पर विचार साझा किए। बैठक में अभिभावक फिरू उरांव ने कहा कि यह विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र में होते हुए भी अपनी अलग पहचान बना चुका है। उन्होंने बताया, मेरे तीन बच्चे इस स्कूल में पढ़ते हैं, और यहां नामांकन के बाद उनमें अनुशासन, संस्कार और खेलकूद में काफी सुधार हुआ है। वहीं, सुमन उरांव ने स्कूल में अंग्रेजी बोलचाल पर विशेष ध्यान देने की बात कही, ताकि बच्चे आधुनिक शिक्षा प्रणाली के अनुरूप आगे बढ़ सकें। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय उरांव ने कहा कि स्कूल केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि एक परिवार की तरह होता है। उन्होंने कहा, ₹हमारा उद्देश्य बच्चों को न केवल शिक्षा देना, बल्कि उनमें संस्कार और खेलकूद की भावना भी विकसित करना है। इस अवसर पर सहायक शिक्षकों निरंजना, रश्मी, सरिता, जीता, नेहा, रमेश, बलिंद्र, लक्ष्मण सहित सैकड़ों अभिभावक उपस्थित रहे। मणिभूषण, सुनीता, संजय, दुलारी, अनिमा, बीरेंद्र, फूलकुमारी सहित अन्य अभिभावकों ने भी विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

## अवैध लकड़ी लदा ट्रैक्टर जब्त चालक फरार

**भरनो (गुमला)।** वन विभाग की टीम ने नेशनल हाईवे-23 पर भरनो खरवागढ़ा के पास अवैध लकड़ी लदा एक ट्रैक्टर जप्त किया है। गुमला वन विभाग के प्रभारी वनपाल राकेश मिश्रा के नेतृत्व में अहले सुबह पेट्रोलिंग के दौरान यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, सिसई से भरनो की ओर एक ट्रैक्टर सखुआ की लकड़ी लेकर जा रहा था, जिसे देखते ही वन विभाग की टीम ने दुम्बो चौक के पास उसका पीछा किया। भागने के दौरान खरवागढ़ा के पास ट्रैक्टर का डाला पलट गया, जिससे चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर को जब्त कर लिया और हाइड्रा की मदद से पलटे वाहन को सीधा कर सिसई वन परिसर ले गई। जब्त लकड़ी की अनुमानित कीमत करीब 60,000 रुपये बताई जा रही है। वन विभाग ने अज्ञात लकड़ी तस्कर और चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इस छापेमारी टीम में प्रभारी वनपाल राकेश मिश्रा के साथ वनरक्षी प्रवीण तिर्की, सतीश भगत, रजत किरण डुंगडुंग और क्यूआरटी टीम शामिल थी।

## भरनो में सरहुल पर्व की भव्य तैयारी

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के नवाटोली स्थित पड़हा भवन के समीप मंगलवार को 21 पड़हा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य प्रकृति पर्व सरहुल के सफल संचालन की रूपरेखा तैयार करना था। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 1 अप्रैल को भरनो के बोडो सरना स्थल में विधिवत सरना पूजा के बाद भव्य सरहुल शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा मालगो मोड़, मिशन चौक, अस्पताल चौक, स्कूल चौक और ब्लॉक चौक से होते हुए नवाटोली स्थित पड़हा भवन पहुंचेगी। वहां सभी गांवों के खोड़हा दल पारंपरिक वेशभूषा में गीत और नृत्य प्रस्तुत करेंगे, साथ ही एक भव्य सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, पाहान, पुजार और प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि पारंपरिक वेशभूषा में गाजे-बाजे के साथ शामिल होंगे।

## साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस

# उप विकास आयुक्त ने सुनीं जनता की समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में जनसुनवाई हुई। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं उप विकास आयुक्त के समक्ष रखीं, जिन पर गंभीरता से सुनवाई कर आवश्यक निर्देश दिए गए।




**● अनुकंपा नियुक्ति, टावर समस्या और भूमि विवादों पर निर्देश**

स्व. विनय टोप्पो (पूर्व राजस्व उपनिरीक्षक, घाघरा) के आश्रित पुत्र के अनुकंपा नियुक्ति आवेदन पर कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को जांच के बाद नियमानुसार निर्णय लेने के निर्देश दिए गए।

डूहपानी पंचायत के रोकडेगा गांव में बीएसएनएल टावर बंद रहने से ग्रामीणों को बैंक केवाईसी और राशन उठाव में दिक्कतें हो रही थीं। इस समस्या के त्वरित समाधान हेतु भी संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया।

जन शिकायत निवारण दिवस में भूमि विवाद, जमीन मापी, दाखिल-खारिज, मईया सम्मान योजना की राशि, रोजगार, वेतन भुगतान, आवास जैसी समस्याएं प्रमुख रूप से उठीं, जिन पर उप विकास आयुक्त ने शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए।

**● 30 से अधिक आवेदकों से सीधा संवाद, त्वरित समाधान पर जोर**

आज की जनसुनवाई में 30 से अधिक नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। उप विकास आयुक्त ने हर शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को भौतिक सत्यापन कर जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## 25 युवाओं को मिला रोजगार

**गुमला।** प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल, गुमला में बैच नंबर-91 के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत कल्याण गुरुकुल, गुमला के प्राचार्य रामनरेश प्रसाद द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत से हुई। इसके बाद उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने प्रशिक्षणार्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे और उन्हें मेहनत, निष्ठा और समर्पण के साथ अपने करियर में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।


**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा**
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**-: रद्द संबंधी सूचना :-**

कार्यालय पत्रांक 197/जि0प0, दिनांक 06.02.2025 द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 24/24–25 (PR No. 345916 District (24-25) # D) को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा
PR 349200 District (24-25)_D

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com

**e-Tender Notice**

e-Tender in two parts i.e. technical (Part–I) and Financial (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound contractors for the under mentioned work:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Description of works | Completion Period | e-tender fee (Rs.) (non-refundable) including GST 18% | E. M. Deposit (Rs.) | Estimated Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 581/PR/JUSNL/ 2024-25 | Provision of deep boring with complete water supply system for all quarter at colony campus of 132/33 kV, GSS, Garhwa Road. | 02 Months | 1476/- | 16,200/- | 8,08,500.00 |
| Availability of Tender Documents on e-Tender website | | | | 27.03.2025 at 12:00 PM | | |
| Start Date & Time of upload of BID | | | | 27.03.2025 at 12:00 PM | | |
| End date and time of upload of BID | | | | 16.04.2025 Up to 04:00 PM | | |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | | | | 17.04.2025 at 04:30 PM | | |
| BID Opening date for Price Part | | | | Will be communicated later on | | |
| Tender Inviting Authority and address for communication | | | | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand | | |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9835768602 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनीशिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager,
Transmission Zone-IV, Medininagar
PR 349213 (Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd)24-25*D

**कार्यालय – उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**
**(जिला ग्रामीण विकास शाखा)**

**अतिअल्पकालीन निविदा**

मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक (N) 273 (अनु0), दिनांक 03.03.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में मनरेगा अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बागवानी हेतु लातेहार जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों में जैविक खाद, दवा, कीटनाशक एवं Polythene Sheet सामग्रियों का क्रय किया जाना है। जिले में पंजीकृत ग्राम संगठन/कृषक उत्पादक कम्पनी/कृषक उत्पादक समूह/कृषक को–ऑपरेटिव जिनके पास नीचे अंकित सामग्रियों के कारोबार करने का वैध लाईसेंस एवं GST निबंधन उपलब्ध है, इच्छुक निर्माताओं/आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 | सामग्री का नाम | विवरणी |
|---|---|---|
| 1 | जैविक खाद (Organic Fertilizer) | Vermi-Compost (in kg) |
| | | FYM (compost) (in kg) |
| | | Neem Oil cake (in kg) |
| | | Karanj Oil cake (in kg) |
| | | Bone meal (in kg) |
| | | SSP (in kg) |
| | | Dolomite (in kg) |
| 2 | फफुन्दनाशक (Fungicide) | Trichoderma viridi 1.5% WP (2x10^6-10^8 CFU /gm) |
| | | Chlorothalonil 75% WP (in kg) |
| | | Copper Oxychloride (Blue copper Or equivalent) 50% wp |
| 3 | कीटनाषक (Insecticides) | Fipronil 0.3 GR (in kg) |
| | | Azadirechtin 3000 PPM (in litre) |
| | | Lambda-Cyhalothrin 5% EC (in litre) |
| | | Bifenthrin 2.5% EC;Biflex TC or equivalent |
| 4 | रसायनिक खाद (Fertilizer) | Totoeare/Agromin or Equivalent |
| | | Urea |
| | | NPK 10:26:26 (Sufala or equivalent) |
| | | SSP |
| | | MoP (Potash) |
| 5 | Antibiotic | Plant Antibiotic (Kasugamycin 5%) or equivalent |
| 6 | पौलिथीन (Polythene) | Polythene for Jalkund (18ft X 14ft) 250micron UV resistant, 6Kg |
| 7 | अन्य (स्थानीय स्तर पर क्रय की जानेवाली सामग्री) | Nail (कील) (Per kg) (3") |
| | | GI Wire (तार) (Per kg) |
| | | Bamboo (One Pc. 50') |

इच्छुक निविदादाता/आपूर्तिकर्ताओं द्वारा सिलबंद लिफाफे में दिनांक 03/04/2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक निविदा जिला ग्रामीण विकास शाखा, लातेहार कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदा दिनांक– 04/04/2025 अपराह्न 03:00 बजे निविदादाता या प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। लिफाफा पर साफ–साफ शब्दों में बिरसा हरित ग्राम योजना अंकित कर जमा कर सकते हैं। निविदा की शर्त लातेहार जिला के Official Website- https://latehar.nic.in एवं जिला ग्रामीण विकास शाखा, लातेहार के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

PR 349180 (Rural Development)24-25*D
उपायुक्त–सह–जिला कार्यक्रम समन्वयक, लातेहार

**कार्यालयः– जिला परिषद, लातेहार**

**विभिन्न सैरातों की बन्दोबस्ती वर्ष 2025–26**

**सूचना**

| क्र | सैरात का नाम | थाना | बन्दोबस्ती का तिथि | समय | बन्दोबस्ती की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरैया पशु मेला, श्रावणी मेला एवं शुक्रवारीय हाट बाजार चन्दवा (दिनांक 15.03.2025 से होली 2026 तक) | चन्दवा | 03/04/2025 | 11:00 AM | 33,70,650 | 3,37,500 |
| 2 | बस पड़ाव चन्दवा। (दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 तक) | चन्दवा | 03/04/2025 | 11:00 AM | 28,19,225 | 2,82,000 |
| 3 | सुलभ शौचालय, चन्दवा। (दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 तक) | चन्दवा | 03/04/2025 | 11:00 AM | 8,165 | 1,000 |
| 4 | बस पड़ाव बालूमाथ। (दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 तक) | बालूमाथ | 03/04/2025 | 11:00 AM | 1785231 | 1,79,000 |
| 5 | बस पडाव बालूमाथ में सुलभ शौचालय। (दिनांक 01.04.2025 से 31.03.2026 तक) | बालुमाथ | 03/04/2025 | 11:30 AM | 472 | 500 |
| 6 | कार्तिक पूर्णिमा पशु मेला बालुमाथ। | बालुमाथ | 03/04/2025 | 11:30 AM | 17,94,000 | 1,79,500 |
| 7 | अषाढ़ी पशु मेला बालुमाथ | बालुमाथ | 03/04/2025 | 11:30 AM | 5,37,913 | 54,000 |
| 8 | बस पडाव बरवाडीह। | बरवाडीह | 03/04/2025 | 11:30 AM | 1,02,178 | 10,500 |

नोट :–
1. उक्त तिथि को डाक सम्पन्न नहीं होने पर दिनांक 04/04/2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे तथा यदि इस तिथि को भी डाक सम्पन्न नहीं हुआ तो पुनः दिनांक 05/04/2025 को पूर्वाहन 11:00 बजे बन्दोबस्ती की जाएगी।
2. निलामी की नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है तथा NIC Latehar के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।
3. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए स्थानीय प्रमाण पत्र/पहचान पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति (कोई एक) जमा करना अनिवार्य होगा। आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार
PR 349149 Rural Development(24-25)#D

**NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL NETARHAT**
P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR
(An Autonomous Institution under School Education & Literacy Department, Govt. of Jharkhand )

**Corrigendum**

No. 92 (Ref PR No:347712) Date – 24.03.2025

This is to inform you that due to unavoidable reason following changes have been made in Tender No. - 70.

| S.No | Tender No. | Particulars | Old Date For Submission of Tender | New Date for Submission of Tender | Old Date for opening Technical Bid/Financial Bid | New Date for opening Technical Bid/Financial Bid |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02. | Tender No. 70 | Renovation of Doctor's Quarter | 24.03.2025 11.30 a.m. | 03.04.2025 11.30 am. | Technical Bid 26.03.2025 01.30 p.m. Financial Bid 28.03.2025 01.30 p.m. | Tecnical Bid 03.04.2025 03.50 p.m. Financial Bid 04.04.2025 03.50 p.m. |

Rest Terms and Condition will remain the same as mentioned in above tender numbers.

Sd/-Principal
Netarhat Residential School
Cum-Member Secretary
Netarhat Vidyalaya Samiti
PR 349233 (Human Resource Developement)24-25*D

**NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL, NETARHAT**
P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR
(An Autonomous Institution under School Education & Literacy Department, Govt. of Jharkhand )

**Corrigendam**

No. 89 (Ref PR No:347713) Date – 24.03.2025

This is to inform you that due to unavoidable reason following changes have been made in Tender No. - 69.

| S.No | Tender No. | Particulars | Old Date For Submission of Tender | New Date for Submission of Tender | Old Date for opening Technical Bid/Financial Bid | New Date for opening Technical Bid/Financial Bid |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | Tender No. 69 | Renovation of Hospital Building | 24.03.2025 11.30 a.m. | 03.04.2025 11.30 am. | Technical Bid 26.03.2025 01.30 p.m. Financial Bid 28.03.2025 01.30 p.m. | Technical Bid 03.04.2025 03.50 p.m. Financial Bid 04.04.2025 03.50 p.m. |

Rest Terms and Condition will remain the same as mentioned in above tender numbers

Sd/-
Principal
Netarhat Residential School
Cum-Member Secretary
Netarhat Vidyalaya Samiti
PR 349229 (Human Resource Developement) 24-25 (D)

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD), RANCHI
Nirupan Bhawan, 3rdFloor, Room No. 401, 56-Set, Doranda, Ranchi-834002
e-Procurement (Short Tender Notice)

**Letter of Invitation (LOI) No.-22/2024-25 (1st Call)**

e-Tender Ref No:–RCD/PID/RANCHI/22/2024-25 Date:-24.03.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report (DPR) for Reconstruction/Strengthening of Bridge at Danro River,Village - Medhana (Belchampa) in 10th Km of Tildag Atola road including Approach Road, Land Acquisition Plan with ownership details , Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Utility Shifting Proposal etc under Garhwa Distict in the State of Jharkhand.*Only Empanelled consultant with RCD under category-II vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to bid. |
| 2 | Period of Completion of Work | 60 Days |
| 3 | Cost of Tender documents & Earnest Money Deposit | Cost of tender documents is Rs. 5000/(Non-Refundable) EMD:- The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 20000.00 (Twenty thousand only) as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 4 | Mode of Bid Submission | e-tendering (https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 5 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 27.03.2025,10:30 AM |
| 6 | Online LastDate/Time of Bid Submission | 09.04.2025, 17:00 PM |
| 7 | Date and Time of Bid opening | 11.04.2025, 17:30 PM |
| 8 | Bid validity | 120 days |
| 9 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division, RCD, Ranchi, Mob No.-9471650883 |

Note:- Only e-Tender shall be accepted. Further details can be seen on e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in/).

Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi
PR 349171 Road (24-25)_D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मेरे मन का राज्य अज्ञान से मलिन है। प्रभु! मुझे आशीर्वाद दें कि मैं आत्मानुशासन के सतत प्रयासों की निरंतर वर्षा द्वारा मैं अपनी आध्यात्मिक लापरवाही के नगरों से, अज्ञान के प्राचीन मलबे को हटाने में समर्थ बन सकूँ। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

### दस लाख जीव विलुप्ति के कगार पर

अध्ययन के अनुसार दस लाख जीव विलुप्ति के कगार पर हैं। 300 साल पहले मनुष्य ने पहली विलुप्ति डोडो पक्षी के रूप में देखी, जो जैविक दृष्टि से अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में पाए जाने वाले निकोबारी कबूतर के ही परिवार का पक्षी है। चार्ल्स डार्विन के विलुप्ति के औचित्य के तर्क अपनी जगह हों, लेकिन डोडो के लुप्त होने में मनुष्य के लिए एक पारिस्थितिकीय संदेश छिपा है। विलुप्ति शब्द तब से हमें परेशान कर रहा है, जब हमें इसके बारे में पता भी नहीं था। ऐसे समय में जब प्रजातियों के लुप्त होने की अवधारणा को हम समझ भी नहीं पाए थे, विलुप्ति को प्रकट करने वाला पहला जीव शायद डोडो ही था। मोटा और उड़ने में असमर्थ यह पक्षी 17वीं सदी में मॉरीशस द्वीप पर यूरोपीय नाविकों को मिला। पश्चिमी लोगों द्वारा किए गए शिकार के कारण इस पक्षी के लुप्त होने को सबसे शुरुआती ज्ञात विलुप्ति माना जाता है। डोडो मॉरीशस द्वीप का स्थानीय पक्षी था, जिसका सबसे करीबी जीवित रिश्तेदार निकोबार कबूतर है, जो भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पाया जाता है। पर विलुप्ति के बावजूद चार शताब्दियों से डोडो हमारी कला और तर्कों में एक प्रतीक बनकर रहा है।हम अपने पूर्वजों की गलतियों को सुधार नहीं सकते, लेकिन बची हुई प्रजातियों की रक्षा करने और उनका आनंद लेने के लिए नए संकल्प के साथ पारिस्थितिक दुख से उबर सकते हैं। प्राकृतिक दुनिया से संबंध बनाना बिल्कुल संभव है, जो हमें विकास की ओर ले जाता है। एक डोडो का वजन आसानी से 50 पाउंड हो सकता है, ऐसे में उसकी मोटाई उसकी अजीब छवि को बढ़ावा देने में मदद करती है। एक डोडो से 25 नाविकों का पेट भरा जा सकता था, भले ही डोडो का मांस चिकना और बेस्वाद होता था। नाविकों द्वारा शिकार किए जाने के कारण तथा यूरोपीय लोगों के साथ आए चूहों और सूअरों द्वारा उनके अंडों और आवास को नष्ट कर दिए जाने के कारण डोडो लंबे समय तक जीवित नहीं रहे। आखिरी डोडो को वर्ष 1700 से पहले ही मार दिया गया था। उस समय, मानवता आसानी से किसी प्रजाति के विलुप्त होने की कल्पना नहीं कर सकती थी। डोडो के गायब होने के बाद, कई लोगों ने सोचा कि उनका गायब होना मनुष्यों के लिए एक संदेश था। फ्रांसीसी जीवाश्म विज्ञानी जॉर्जेस कुवियर को लोगों को यह समझाने में सौ साल से ज्यादा का समय लग गया कि पृथ्वी से प्रजातियों को हमेशा के लिए खत्म किया जा सकता है। जीवाश्मों का इस्तेमाल करते हुए उन्होंने 1796 में तर्क दिया कि प्राकृतिक आपदाओं के चलते कई प्रजातियां विलुप्त हो गई थीं। मनुष्य हिमयुग के बाद से विलुप्ति का कारण बन रहे थे। डोडो के विनाश के बारे में एक नई समझ पैदा हुई, हालांकि इसमें हमेशा शोक शामिल नहीं था। डार्विन और उनके साथी उन कछुओं को नहीं बचा पाए, जो जल्द ही डोडो की तरह विलुप्ति का शिकार हो गए। डार्विन ने निश्चित रूप से डोडो के लिए शोक जताया, लेकिन उन्होंने विलुप्त होने को अन्य तरीकों से भी देखने की कोशिश की-एक रचनात्मक शक्ति के रूप में, जो विकास के लिए आवश्यक है।

*ओला वृष्टि से किसानों को करोड़ों का नुकसान हुआ साथ ही मौसम में हुए अचानक से बदलाव से कई लोग अस्वस्थ भी हो गए।*

# विश्व को नया आकार देने वाले भू-राजनीतिक रुझानों से निपटना



ट्रंप प्रशासन अपने दूसरे कार्यकाल में टैरिफ और 'अमेरिका को फिर से महान बनाने' की नीतियों पर दोगुना जोर दे रहा है। ट्रंप प्रशासन अतीत के गठबंधनों को फिर से परिभाषित और पुनर्लेखन करने का काम भी कर रहा है जिसकी गूंज यूरोप और एशिया में उनके सहयोगियों द्वारा महसूस की जा रही है। इन कदमों का उद्देश्य व्यापार संतुलन में सुधार और सार्वजनिक व्यय को कम करके अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। अमेरिका ने पेरिस समझौते व विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से खुद को अलग कर लिया है। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) से भी वह पहले ही अलग हो चुका है। ये कदम वैश्विक भू-राजनीतिक व्यवस्था में एक शून्य पैदा कर रहे हैं। यह शून्य लंबे समय तक नहीं रहेगा-इसे प्रतिस्पर्धी शक्तियों द्वारा भरा जाएगा। अमेरिका सबसे शक्तिशाली बना हुआ है और हम एक बार फिर एक बहुध्रुवीय दुनिया का उदय देख रहे हैं। विखंडित वैश्वीकरण, तकनीकी वर्चस्व की लड़ाई, ऊर्जा की भू-राजनीति और ढहता वैश्विक शासन विश्व को नया आकार देने वाले प्रमुख भू-राजनीतिक रुझान हैं जिनसे भारत को निपटना होगा।

### वैश्वीकरण का विखंडन

जैसा कि हम जानते हैं, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के युग में हमने जो वैश्वीकरण का युग देखा था, वह समाप्त होने वाला है। वैश्विक वित्तीय संकट के बाद से, हमने वैश्वीकरण का विखंडन देखा है। व्यापार युद्धों ने इस विखंडन को और तेज़ कर दिया है। कोविड-19 महामारी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भारी व्यवधान पैदा किया और इसके फलस्वरूप देशों और व्यवसायों को वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने के लिए प्रेरित किया। ट्रम्प प्रशासन द्वारा फिर से टैरिफ़ लगाने के साथ, व्यापार युद्धों का दूसरा युग हमारे सामने है। चाहे पारस्परिक हो या सभी टैरिफ़, व्यापार युद्ध विश्व व्यापार को बहुत ज़्यादा बाधित करेंगे। व्यापार युद्ध अब सिर्फ़ बिक्री की वस्तुओं के बारे में नहीं रह गए हैं। वे प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और औद्योगिक नीति जैसे कारकों को प्रभावित करते हैं। देश ऊर्जा और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक उद्योगों में संरक्षणवाद और क्षमताओं का निर्माण करने का सहारा ले रहे हैं। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के अधर में लटके होने के साथ, देश द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यापार समझौतों की ओर तेज़ी से बढ़ रहे हैं। फ्रेंड-शोरिंग का उदय और वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएं बनाने का लक्ष्य भारत के लिए अवसर प्रस्तुत करता है। हम सही नीतियों, रणनीतिक द्विपक्षीय व्यापार सौदों और व्यापार सुगमता पर ध्यान केंद्रित करके विनिर्माण के क्षेत्र में निवेश को आकर्षित कर सकते हैं।

### प्रौद्योगिकी : वैश्विक शक्ति के लिए युद्ध का मैदान

प्रथम औद्योगिक क्रांति से लेकर चौथी तक वैश्विक शक्ति गतिशीलता को आकार देने में प्रौद्योगिकी प्रमुख प्रेरक शक्ति रही है। आज के युग में, सेमीकंडेक्टर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और उभरती हुई प्रौद्योगिकियां प्रमुख प्रेरक शक्ति हैं। राष्ट्र तकनीकी संप्रभुता सुनिश्चित करने के लिए चिप निर्माण में अरबों रुपए डाल रहे हैं। एआई में देशों और कंपनियों से समान रूप से बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है। साथ ही, साइबर युद्ध और एआई द्वारा उत्पन्न जोखिमों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। साइबर युद्ध पूरे ऊर्जा ग्रिड को बाधित कर सकता है या भुगतान और बैंकिंग प्रणालियों को प्रभावित कर सकता है। एआई द्वारा संचालित भ्रामक सूचना चुनावों को बाधित कर सकते हैं और सामाजिक कलह को जन्म दे सकते हैं। एआई को दुनिया भर के समुदायों द्वारा आकार दिया जाना चाहिए, स्वामित्व में लिया जाना चाहिए और तैनात किया जाना चाहिए। हमें कुशलता से नवाचार करना चाहिए, कम से कम में अधिक करना चाहिए, ओपन सोर्स और सरल इंजीनियरिंग को बढ़ावा देना चाहिए और बहुभाषी और मल्टीमॉडल मॉडल बनाना चाहिए। वैश्विक समुदाय को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी, नुकसान को सीमित करते हुए समावेशी हो। भारत मॉडल, जिसमें प्रौद्योगिकी का उपयोग विभाजन को बढ़ाने के बजाय उसे पाटने के लिए किया जाता है, दुनिया के लिए एक आदर्श हो सकता है।

आज की बात



**अमिताभ कांत**
जी20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ

### ऊर्जा की भू-राजनीति और ऊर्जा परिवर्तन

स्वच्छ ऊर्जा की ओर बदलाव शक्ति गतिशीलता को फिर से परिभाषित कर रहा है। महत्वपूर्ण खनिजों (लिथियम, कोबाल्ट, दुर्लभ मृदा तत्वों) से समृद्ध राष्ट्र या इन महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण को नियंत्रित करने वाले देश अधिक प्रभावशाली बन रहे हैं। आज, लगभग 70-80 प्रतिशत दुर्लभ मृदा तत्वों (आरईई) निष्कर्षण और प्रसंस्करण चीन द्वारा नियंत्रित किया जाता है। दुनिया के 80 प्रतिशत सौर सेल चीन द्वारा उत्पादित किए जाते हैं और इसी तरह लगभग 70 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी भी चीन द्वारा उत्पादित की जाती हैं। चीन पहले से ही तकनीकी अपनाने के मामले में आगे है, ट्रम्प प्रशासन के तहत अमेरिका पेरिस समझौते से बाहर हो गया है और इसके बजाय वह जीवाश्म ईंधन विस्तार पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। यह वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन के लिए बहुत बड़ा जोखिम पैदा करता है। विकसित राष्ट्र पहले ही वैश्विक कार्बन बजट का 80 प्रतिशत हिस्सा खर्च कर चुके हैं और जी7 देशों से कोयले का चरणबद्ध तरीके से उन्मूलन अब 2030 के बजाय 2035 तक होगा। इसके अलावा, विकसित राष्ट्र विकासशील देशों को जलवायु वित्त और प्रौद्योगिकी प्रदान करने की अपनी जिम्मेदारी में विफल हो रहे हैं। इससे विकासशील देशों के लिए अपनी विकास महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बहुत कम जगह बचती है। स्वच्छ ऊर्जा की ओर हमारी दौड़ को वैश्विक गठबंधनों के नए रूपों की आवश्यकता है। देशों को अगली पीढ़ी के सौर पैनल, इलेक्ट्रोलाइज़र और वैकल्पिक सेल केमिस्ट्री (एसीसी) बैटरी जैसी तकनीक पर सहयोग करना चाहिए। भारत को निर्णायक रूप से कार्य करना चाहिए, ग्रीन हाइड्रोजन, सौर ऊर्जा और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में अपने घरेलू इकोसिस्टम का निर्माण जारी रखना चाहिए। हमें प्रसंस्करण और शोधन के लिए क्षमताओं का विकास करते हुए महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए व्यापार साझेदारी भी सुरक्षित करनी चाहिए।

### बढ़ते वैश्विक संघर्ष के बीच ढहता वैश्विक शासन

ऐसे समय में जब वैश्विक सहयोग की सबसे अधिक आवश्यकता है, हमारे पास जो संरचनाएं हैं, वे विफल हो रही हैं। संयुक्त राष्ट्र अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहा है। वैश्विक तापमान पहले ही 1.5 डिग्री सेल्सियस के सीमा को पार कर चुका है। ग्लोबल साउथ, अपने प्रतिनिधित्व और अपनी प्राथमिकताओं दोनों के मामले में हाशिये पर है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में गतिरोध बना हुआ है, विश्व व्यापार संगठन में विवाद समाधान तंत्र का अभाव है और कॉप29 बहुत जरूरी जलवायु वित्त पोषण प्रदान करने में विफल रहा है। यूक्रेन से लेकर गाजा और सूडान तक, दुनिया भर में संघर्ष बढ़ रहा है। जैसा कि पीएम मोदी ने बार-बार कहा है, जलवायु परिवर्तन, महामारी और वित्तीय अस्थिरता की आज की चुनौतियां राष्ट्रीय सीमाओं को नहीं देखती हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि हम पुरानी संस्थाओं के साथ 21वीं सदी की चुनौतियों से नहीं लड़ सकते। एक नए वैश्विक शासन ढांचे की आवश्यकता है जो ग्लोबल साउथ को अपने केंद्र में रखे और यह स्वीकार करे कि दुनिया अब कुछ चुनिंदा शक्तियों का क्षेत्र नहीं है। यह क्षण भारत के लिए एक वैकल्पिक वैश्विक आर्थिक मॉडल को आकार देने और अधिक समावेशी अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली की वकालत करने का एक अवसर है। आने वाला दशक वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था के भविष्य को आकार देगा। भारत उभर रहा है और वैश्विक मंच पर एक व्यावहारिक नेता के रूप में अपनी स्थिति बना रहा है। हम ग्लोबल साउथ के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों को सामने ला रहे हैं जबकि वैश्विक संघर्ष पर एक समझौतावादी रुख अपना रहे हैं। प्रधानमंत्री का हालिया बयान कि हमें मतभेद के बजाय संवाद पर जोर देना चाहिए, ने वैश्विक स्तर पर एक गूंज पैदा की है। भारत का कूटनीतिक संतुलन इस युग की एक परिभाषित विशेषता बन रहा है।

**(व्यक्त किए गए विचार व्यक्तिगत हैं)**

## सरकारी फाइलें और घोंघे की चाल


सरकारी दफ्तर की एक आलमारी में धूल से सनी एक फाइल आराम फरमा रही थी। यह फाइल पिछले सात सालों से अपनी बारी का इंतजार कर रही थी। फाइलों की इस कतार में उसकी स्थिति वैसी ही थी जैसे भारतीय सड़कों पर कोई शरीफ आदमी ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए चलता है-सब उसे धक्का देकर आगे निकल जाते हैं! मगर अफसरों की व्यस्तता ऐसी थी कि वे फाइलों को देखने के बजाय मोबाइल स्क्रीन पर 'वर्कलोड' नामक व्हाट्सएप ग्रुप में मीम्स देखना ज्यादा पसंद करते थे। एक बाबू ने फाइल की ओर देखा, झुंझलाया और बोला-"अरे! तू अभी तक यहीं पड़ी है? हफ्ते में एक बार आगे खिसक तो लिया कर, वरना अफसर को लगेगा तेरा कोई काम ही नहीं।"फाइल को आखिरकार एक क्लर्क की दया दृष्टि मिली। उसने उसे खोलकर झांकने की कोशिश की, लेकिन अंदर से उभरी धूल ने ऐसी छींक दिलाई कि वह फाइल समेत उल्टा गिर पड़ा। उसकी छींक से सारा दफ्तर गूंज उठा, मानो सदियों से सोए सरकारी तंत्र को कोई झकझोर कर उठा रहा हो। झल्लाकर क्लर्क ने फाइल उठाई और झाड़ते हुए बोला-"सात साल में एक बार धूल झाड़ो तो बवाल खड़ा कर देती हो, और खुद अफसरों के सामने तो मुँह तक नहीं खोलती!" पास खड़े चपरासी ने हंसते हुए कहा-"फाइलें बोलने लगें तो बहुतों की नौकरी चली जाएगी!" बड़ी मशक्कत के बाद फाइल अफसर की मेज तक पहुँची। अफसर ने उसे ऐसे देखा जैसे कोई माँ अपनी बारहवीं बार फेल हुए बेटे की मार्कशीट देखती है। "इतनी पुरानी? अरे, इसे निपटा देते हैं, वरना कल को जाँच आ जाएगी और कोई पूछ बैठेगा कि इतनी पुरानी फाइलें पेंडिंग क्यों हैं!" अफसर ने फाइल को आगे बढ़ाने की बजाय एक और नोटिंग जोड़ दी-"जाँच हेतु समिति गठित की जाए।" यानी फाइल की उम्र और बढ़ा दी गई। उधर, घड़ी की सुइयाँ घूमती रहीं, साल बीतते रहे, और फाइल सरकारी गलियारों में टहलती रही। समिति का गठन हुआ। समिति के सदस्यों ने बैठक रखी, चाय-समोसे खाए, कुछ मोटे-मोटे शब्द लिखे, और निर्णय लिया-"इस मामले में गहराई से अध्ययन आवश्यक है।" गहराई से अध्ययन के लिए फिर से एक नई समिति बनी। नतीजा? फाइल फिर से सरकारी गाड़ी के पायदान पर लटक गई, जैसे किसी ट्रेन में बिना टिकट यात्री दरवाजे पर लटका रहता है। चपरासी ने बाबू से कहा-"साहब, इस फाइल का क्या करना है?" बाबू ने गहरी सांस ली और जवाब दिया-"अभी कुछ दिन और लटका रहने दो, शायद खुद ही हल निकल आए!" फाइल को लगा कि अब वह धूल से नहीं, आंसुओं से भीग जाएगी। मगर, सरकारी फाइलों की किस्मत में केवल प्रतीक्षा लिखी होती है। इधर जनता सड़क पर प्रदर्शन कर रही थी-"हमारे हक का फैसला कब होगा? **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

# अभी भी होती है महिषा सुर मर्दिनि देवी के साथ महिषासुर की पूजा



दुर्गा के प्रति भारती समर्पण कोई नई बात नहीं है। यह आदि काल से बना हुआ है जबकि इसका चरमोत्कर्ष नवरात्र के साथ तब देखने को मिलता है जब चैत्र और आश्विन मास में यह पर्व देवी दुर्गा, देवी लक्ष्मी व देवी सरस्वती के स्वरूपों की उपस्थिति में पूरे उत्साह के साथ सार्वजनिक तौर पर मनाया जाता है। इस पूरे अनुष्ठान में देवी के विजय प्रतीक का साक्षात स्वरूप हमारे सामने होता है क्योंकि इसके साथ राक्षस महिषासुर पर विजय के उत्सव को उत्सव के तौर पर लेने की परंपरा रही है। मान्यताओं की मानें तो महिषासुर के अत्याचार से त्रस्त देवताओं की मुक्ति अभियान की पूर्णाहुति के तौर पर इस पूजा की शुरुआत हुई थी। यह एक ऐसा अभियान था जिसमें देवी दुर्गा व महिषासुर के बीच नौ दिनों तक युद्ध चला और दसवें दिन देवी दुर्गा ने महिषासुर का वध करके विश्व में अमन शांति कायम करने का एक चमत्कार कर दिखाया।

सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो श्री दुर्गा के प्रति यह समर्पण न केवल धार्मिक तौर पर अद्वितीय है बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी यह उतना ही महत्वपूर्ण है क्योंकि इस अनुष्ठान में शक्ति, साहस और बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक का जज्बा एक साथ छिपा हुआ है। सनातन संस्कृति की मानें तो श्री दुर्गा के प्रति यह समर्पण सार्वभौमिक है परन्तु झारखंड के इस अंचल में यह संदर्भ अपने आप में अनुठा रहा है। ऐसा इसलिए कि यदि बारीकी से देखें तो इतिहास से नजरें चुराकर यहां के हर गांव टोले की पूरबी सीमा में देवी गुड़ी के साक्षात दर्शन होते चले जाएंगे। इसी तरह आम धारणा के विपरीत आश्चर्यजनक तौर पर यहाँ महिषासुर के प्रति समर्पण की बातें भी सार्वजनिक पटल पर देखने को मिल जाएंगी। सामान्यतः यह एक अजीब सा प्रसंग हो सकता है परंतु यह सच तो यही है कि कभी छोटानागपुर की आध्यात्मिक राजधानी के तौर पर प्रतिष्ठित बसिया परगना के मुख्यालय में प्राक् ऐतिहासिक शिवलिंग के साथ आपको न केवल महिषासुर विग्रह के दर्शन हो जाएंगे बल्कि इस विग्रह के प्रति अगाध श्रद्धा के भाव भी दिखाई पड़ेंगे। यह एक बानगी है जबकि आस्था के इस सैलाब में यहाँ जय, विजय, श्री लक्ष्मी, श्री सरस्वती, श्री कार्तिक, श्री गणेश व महिषासुरमर्दनी सहित तमाम विग्रहों के संपूर्ण स्वरूप का सहज सरल दर्शन भी होते चले जाएंगें। संदर्भों की दृष्टि से देखें तो यह कोई छोटी घटना नहीं है क्योंकि आम धारणा के विपरीत यहां की माटी में आतंकमर्दिनी के साथ साथ आतताइयों के प्रतीक महिषासुर में विद्यमान शक्ति व सद्गुणों के अंतर्गत गुरु तत्व देखने की परंपरा का निर्वाह होता चला आ रहा है।

उल्लेखनीय है कि शारदीय नवरात्र व चैती दुर्गा पूजा के दौरान बंगाल सहित पूरे संसार में मेढ़ लगाकर महिषासुरमर्दिनि के लिए अनुष्ठान संपन्न किये जाते हैं। परगना मुख्यालय बसिया में ऐसा कुछ भी नहीं है क्योंकि यहाँ सालों भर देवी के सभी विग्रहों की निरंतर पूजा तो होती ही है परन्तु साथ में महिषासुर की भी पूजा होती है। यहाँ के मुख्य बाजार के पास "मंडा-महादेव" की चर्चा प्रासांगिक है जिसके प्रांगण में आप बहुत सहजता के साथ महिषासुर के दर्शन कर सकते है। इस दर्शन के बाद महज कुछ सौ मीटर की दूरी पर ब्राह्मण टोला के बीचोंबीच एक प्राचीनतम कलेवर में आप समस्त विग्रहों सहित देवी श्री दुर्गा के आवाहन का सौभाग्य भी प्राप्त कर सकते हैं। यहाँ समाज रूप से दोनों की पूजा होती है। इस संबंध में स्थानीय आस्था की मानें तो यहां महिषासुर और आदि शक्ति दुर्गा के इन दोनों विग्रहों में एक अलौकिक शक्ति का वास है। अब जज्बा, आस्था व समर्पण की त्रिवेणी की दृष्टि से देखें तो यह सबकुछ मनोकामना पूर्ति से साक्षात्कार के साक्षात स्वरूप से कम नहीं है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**केदारनाथ दास**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

बिना वेश बदले यहाँ, चल जाता है काम।
'मारीचों ने ठग लिए, युग के कितने 'राम'।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# असंख्य हिंदु मंदिरों को तोड़ने के 'इतिहास' का नाम है 'औरंगजेब'

औरंगजेब एक धर्मांध शासक था। औरंगजेब ने इस्लाम को राज्य धर्म बनाया। बहुसंख्यक हिंदुओं को इस्लाम धर्म में परिवर्तित किया। उसने सामाजिक, राजनीतिक दुर्व्यवहार किया। वह कभी भी सर्व समाज का हितैषी नहीं रहा। सम्पूर्ण मानवता के लिए कभी स्वीकार करने वाला शासक नहीं बन पाया। साम्राज्य जरूर बढ़ता गया। उसने हिन्दुओं के प्रति ही नहीं शिया मुसलमानों के प्रति भी घृणित आचरण किया। राज्य की सेवाओं में शियाओं को औरंगजेब ने पृथक कर रखा था। औरंगजेब की क्रूरता की पराकाष्ठा इस सीमा तक थी, कि उसने हिन्दुओं पर (जजिया) तीर्थ कर व्यापारिक कर जैसी कठोरताएं की थी। हिंदुओं को भारत में ही अपमानित करने के साथ उसने राज्य की सेवाओं से हटाने की भी कार्रवाई की थी। असंख्य हिन्दू मंदिरों को तोड़ने, देवी-देवताओं की मूर्तियों को अपमानित कर तोड़ने के इतिहास का नाम है औरंगजेब।

औरंगजेब ने कभी मानवीय मूल्यों को नहीं समझा। वह भारत को दारुल हरब में परिवर्तित करने के लिए जीवन भर जुटा रहा। प्रत्येक भारतवासी को यह बात समझना होगा कि वह विदेशी हमलावर था। वह लाखों कत्ल करने वाले तैमूरलंग, बाबर, नादिरशाह, गजनी, गोरी, गाजी, खिलजी की तरह लुटेरा युद्ध पिपासु था। इन विदेशी आक्रांताओं ने लगातार मंदिरों,नगरों, गांवों को लूटा। कत्लेआम किया। भारत की संस्कृति, सभ्यता को तहस-नहस करने में कोताही नहीं बरती। बावजूद इसके भारत मे इनकी तरफदारी करने वाले अनेक लोग सक्रिय हैं। औरंगजेब को लेकर पूरे राष्ट्र में बहस है। एक तरफ बहस में भारत को एक संस्कृति एक राष्ट्र मानने जानने वाले लोग हैं, दूसरी तरफ विदेशी आक्रमणकारियों को उनके सैकड़ों वर्ष मृत्यु के पश्चात गले लगाने को आतुर दिखाई दे रहे हैं। उनके प्रतीकों को लेकर हल्ला मचा रहे हैं।

ऐसी स्थितियां भारत के मन को चिंतित और व्यथित करने वाली हैं। इससे अनेक प्रश्न भी उभर रहे हैं। भारत के वह लोग जो विदेशी हमलावरों की स्मृतियों को आखिर क्यों सजाने और संवारने को लेकर तत्पर हैं। झगड़े पर आमादा हैं। यह प्रश्न राजनीतिक नहीं है। यह भारत के "स्व" और भारत की संस्कृति पर हमला है। भारत की रिद्धि, सिद्धि और समृद्धि से जुड़े प्रश्न हैं। इस पर तो बात होनी ही चाहिए कि विदेशी आक्रांताओं का महिमा मण्डन करने वाले आखिर चाहते क्या है ? औरंगजेब के कालखंड में हिन्दू अपने मंदिरों की मरम्मत नहीं कर सकते थे। उसका सीधा आदेश था कि मंदिरों की मरम्मत न करने दी जाए। उसने अपने सूबेदारों को सभी हिन्दू मंदिरों एवं पाठशालाओं को तोड़ने की आज्ञा भी दी थी। इससे हिन्दू अपने धर्म की शिक्षा का प्रचार प्रसार न कर पाएं। बनारस का विश्वनाथ मंदिर, मथुरा का केशव देव मंदिर, गुजरात का सोमनाथ मंदिर ध्वस्त किए गए। साथ ही अधिकांश उत्तर भारत के बड़े-बड़े मंदिरों को तोड़ दिया गया था। औरंगजेब के अधीनस्थ हिन्दू राजाओं के राज्यों में भी मंदिर, पाठशालाएं ध्वस्त की गईं। इन सभी स्थानों पर औरंगजेब के आदेश अनुसार मस्जिद बनाई गईं। 1679 में हिंदुओं पर जजिया (धार्मिक कर) लगा दिया गया।

इसके लिए सभी गैर मुसलमानों को तीन वर्गों में बांटा गया। हिन्दुओं पर तीर्थ यात्रा कर लगाया गया। जबकि मुसलमान तो व्यापारिक कर से भी मक्त थे। हिन्दू व्यापारियों से वस्तुओं के मूल्य का पांच फीसदी धन "कर "के रूप में लिया जा रहा था। हिन्दुओं को लगान और विशेष स्थान की नियुक्तियों से हटा दिया गया था। साल 1674 में गुजरात में धार्मिक अनुदान में हिन्दुओं को दी गई भूमि को जब्त कर लिया गया। 1688 में हिन्दुओं के त्योहार और उत्सव पर प्रतिबंध लगाया गया था। उसी समय राजपूतों के अतिरिक्त सभी हिन्दुओं को पालकी या अच्छे घोड़े की सवारी करने और हथियार रखने से भी रोक दिया गया था। इस तरह की प्रताड़ना का सीधा अर्थ धर्म परिवर्तन ही था। इतिहासकार लेनपूल ने लिखा है, ''अपने इतिहास में मुगलों ने पहली बार एक कट्टर मुसलमान को बादशाह के रूप में देखा। औरंगजेब 40 वर्ष की आयु में बादशाह बना था।'' उसकी धार्मिक असहिष्णुता के कार्यों पर विचार करते हुए डॉ. एसआर शर्मा ने लिखा, ''ये सभी कार्य एक योग्य शासक अथवा एक निर्माणकर्ता राजनीतिज्ञ के नहीं थे, बल्कि एक अंधी धर्मांधता का विस्फोट था जो, उन्हें निःसंदेह अन्य सभी क्षेत्रों में मेधावी औरंगजेब के लिए शोभनीय न था।'' औरंगजेब की धार्मिक नीति के विरुद्ध पहला संगठित विद्रोह जाटों ने किया था। मथुरा में वीर सिंह बुंदेला द्वारा बनवाए गए केशव देव मंदिर को तोड़कर उसी स्थान पर मस्जिद स्थापित की।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**अरुण कुमार दीक्षित**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

बिहार बोर्ड रिजल्ट 2025

# 12वीं में बेटियों ने फिर मारी बाजी, तीनों स्ट्रीम में बनीं टॉपर

**पटना (आईएएनएस)**

बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। इसमें एक बार फिर बेटियों ने बाजी मारी है। इस बार भी तीनों स्ट्रीम आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस में छात्राओं ने शीर्ष स्थान हासिल कर अपने प्रदर्शन का लोहा मनवाया है। आर्ट्स स्ट्रीम में अंकिता कुमारी और शाकिब शाह, साइंस स्ट्रीम में प्रिया जायसवाल और कॉमर्स स्ट्रीम में रोशनी कुमारी ने टॉप किया। रिजल्ट में 86.56 फीसदी छात्र-छात्राएं सफल हुए हैं। इस वर्ष आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस तीनों स्ट्रीम के परिणाम एक साथ जारी किए गए हैं। आर्ट्स स्ट्रीम में अंकिता कुमारी (वैशाली) और शाकिब शाह (बक्सर) ने संयुक्त रूप से टॉप किया। दोनों ने 500 में से 473 अंक प्राप्त कर 94.6 प्रतिशत स्कोर किया। दूसरे स्थान पर अनुष्का कुमारी (मुजफ्फरपुर) और रोकैया फातिमा (बेगूसराय) रहीं, जिन्होंने 500 में से 471 अंक (94.2 प्रतिशत)



प्राप्त किए। तीसरे स्थान पर आरती कुमारी (सारण), सानिया कुमारी (सोनपुर) और अंकित कुमार (गया) ने 500 में से 470 अंक (94 प्रतिशत) हासिल किए। चौथे स्थान पर अंशु रानी (पटना) ने 500 में से 469 अंक (93.8 प्रतिशत) प्राप्त किए। पांचवें स्थान पर चंद्रमणि लाल (मुजफ्फरपुर), ऋषु कुमार (सहरसा), संजना कुमारी (मुजफ्फरपुर), तनु कुमारी (पूर्वी चंपारण) और अर्चना मिश्रा (गया) ने 500 में से 468 अंक (93.6 प्रतिशत) प्राप्त कर अपनी जगह बनाई।

कॉमर्स स्ट्रीम में भी छात्राओं ने बढ़त बनाई। पहले स्थान पर रौशनी कुमारी (वैशाली) रहीं, जिन्होंने 500 में से 475 अंक प्राप्त कर 95 प्रतिशत स्कोर किया। दूसरे स्थान पर अंतरा खुशी (औरंगाबाद) ने 500 में से 473 अंक (94.6 प्रतिशत) प्राप्त किए। तीसरे स्थान पर सृष्टि कुमारी (मधुबनी) और निशांत राज ने 500 में से 471 अंक (94.2 प्रतिशत) प्राप्त किए। चौथे स्थान पर निधि शर्मा (अररिया) और अदिति सोनकर (रोहतास) ने 500 में से 470 अंक (94 प्रतिशत) प्राप्त किए। पांचवें स्थान पर अंशु कुमारी (भोजपुर) ने 500 में से 469 अंक (93.8 प्रतिशत) प्राप्त किए।

साइंस स्ट्रीम में प्रिया जायसवाल (पश्चिम चंपारण) ने 500 में से 484 अंक प्राप्त कर 96.8 प्रतिशत स्कोर के साथ टॉप किया। दूसरे स्थान पर आकाश कुमार (अरवल) रहे, जिन्होंने 500 में से 480 अंक (96 प्रतिशत) प्राप्त किए। तीसरे स्थान पर रवि कुमार (पटना) ने 500 में से 478 अंक (95.6 प्रतिशत) हासिल किए। चौथे स्थान पर अनुप्रिया (जमुई) और प्रशांत कुमार (वैशाली) ने 500 में से 477 अंक (95.4 प्रतिशत) प्राप्त किए। पांचवें स्थान पर अतुल कुमार मौर्य (कैमूर), अंकित कुमार (बेगूसराय) और वर्षा रानी ने 500 में से 476 अंक (95.2 प्रतिशत) प्राप्त कर अपनी जगह बनाई।

## बिहार बोर्ड का 12वीं का रिजल्ट घोषति, साइंस में प्रिया जायसवाल और कॉमर्स में रोशनी कुमारी ने किया टॉप



बिहार बोर्ड 12वीं कक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी), पटना के मुख्य भवन में मंगलवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोर्ड अध्यक्ष आनंद किशोर और बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने इस साल के इंटरमीडिएट परीक्षा के परिणाम की घोषणा की। आर्ट्स स्ट्रीम में अंकिता कुमारी और शाकिब शाह, साइंस स्ट्रीम में प्रिया जायसवाल और कॉमर्स स्ट्रीम में रोशनी कुमारी ने टॉप किया। रिजल्ट में 86.56 फीसदी छात्र-छात्राएं सफल हुए हैं। इस वर्ष आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस तीनों स्ट्रीम के परिणाम एक साथ जारी किए गए हैं। आर्ट्स स्ट्रीम में कुल 82.7 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं, जबकि कॉमर्स स्ट्रीम में 94.77 प्रतिशत सफल रहे। साइंस स्ट्रीम में 89.66 प्रतिशत छात्रों ने सफलता प्राप्त की है। आर्ट्स स्ट्रीम में अंकिता कुमारी और शाकिब शाह ने 473 अंक (94.6 प्रतिशत) प्राप्त कर टॉपर बने। वहीं, साइंस स्ट्रीम में प्रिया जायसवाल ने 484 अंक (96.8 प्रतिशत) के साथ टॉप किया है। कॉमर्स स्ट्रीम की टॉपर्स रोशनी कुमारी रही हैं।

# सौ दिवसीय अभियान ने टीबी मुक्त भारत के लिए तैयार किया एक मजबूत आधार : पीएम

**नई दिल्ली (हि.स.)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का एक लेख साझा करते हुए कहा कि हाल ही में संपन्न 100-दिवसीय सघन टीबी मुक्त भारत अभियान ने टीबी मुक्त भारत के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट में कहा, "टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई में उल्लेखनीय प्रगति देखी जा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने हाल ही में संपन्न 100-दिवसीय सघन टीबी मुक्त भारत अभियान पर महत्वपूर्ण जानकारी दी है, जिसने टीबी मुक्त भारत के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है, इसे अवश्य पढ़ें। नड्डा ने एक्स पोस्ट में कहा कि इस विश्व क्षय रोग दिवस



पर मैं इस बात पर बहुत गर्व के साथ विचार करता हूं कि भारत टीबी के खिलाफ़ लड़ाई में किस तरह से अपनी रणनीति को फिर से लिख रहा है। हाल ही में संपन्न 100-दिवसीय सघन टीबी मुक्त भारत अभियान ने न केवल नवाचार की शक्ति का प्रदर्शन किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि समुदायों को संगठित करना कार्यक्रम संबंधी दृष्टिकोण को बदलने जितना ही महत्वपूर्ण है।

मामलों का पता लगाने में तेज़ी लाकर, मृत्यु दर को कम करके और नए संक्रमणों को रोककर, इस अभियान ने टीबी मुक्त भारत के लिए एक मज़बूत नींव रखी है। भारत सिर्फ़ टीबी से नहीं लड़ रहा है, हम इसे हरा रहे हैं। नड्डा ने लेख में कहा कि यह अभियान 7 दिसंबर, 2024 को टीबी के मामलों का पता लगाने, मृत्यु दर को कम करने और नए मामलों को रोकने के उद्देश्यों के साथ शुरू किया गया था।

100-दिवसीय सघन टीबी मुक्त भारत अभियान ने टीबी का समय रहते पता लगाने के लिए अत्याधुनिक रणनीतियां शुरू कीं, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि बिना लक्षण वाले लोगों की भी पहचान की गई- जिनका अन्यथा निदान नहीं हो पाता और उनका इलाज किया गया। पोर्टेबल एक्स-रे मशीनों को सीधे उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों के पास ले जाया गया, जिनमें मधुमेह, धूम्रपान करने वाले, शराब पीने वाले, एचआईवी से पीड़ित, बुजुर्ग, कम बीएमआई वाले और टीबी रोगियों के घरेलू संपर्क शामिल थे।

### 100 दिवसीय अभियान अभी शुरुआत है : नड्डा

नड्डा ने अपने लेख के माध्यम से कहा है कि 100 दिवसीय अभियान अभी शुरुआत है। भारत इन प्रयासों को पूरे देश में बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर नागरिक चाहे वे कहीं भी रहते हों, को आधुनिक निदान, गुणवत्तापूर्ण उपचार और अटूट सामुदायिक समर्थन तक पहुंच प्राप्त हो। जिस तरह भारत ने कोविड-19 परीक्षण को तेज़ी से बढ़ाया, उसी तरह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय अगली पीढ़ी के टीबी निदान में निवेश कर रहा है ताकि अंतिम मील तक तेज़ और अधिक सटीक परीक्षण लाया जा सके।

## अवैध मदरसों पर सरकार की कार्रवाई का बोर्ड ने किया समर्थन

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने प्रदेश में अवैध रूप से संचालित मदरसों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। सरकार ने मदरसों की फंडिंग की भी जांच शुरू कर दी है। मदरसा बोर्ड ने इस कार्रवाई का समर्थन किया है। सरकार ने अब तक 136 मदरसों को कागजात की कमी के कारण सील किया है। राज्य में करीब 450 पंजीकृत मदरसे हैं, जो शासन को अपने दस्तावेज, बैंक खाते और आय-व्यय की पूरी जानकारी प्रस्तुत करते हैं। वहीं, अनुमान है कि 500 से अधिक ऐसे मदरसे हैं जो बिना किसी मान्यता के संचालित हो रहे हैं। इन मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों का सत्यापन और आर्थिक स्रोतों की जांच अब सरकार द्वारा की जा रही है। उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने सरकार की इस कार्रवाई को सही ठहराया है। उन्होंने कहा, "मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उनकी सरकार ईमानदारी और पारदर्शिता के लिए जानी जाती है।

## संविधान बदल देंगे, ऐसी सोच रखने का अधिकार किसी को नहीं : इमरान मसूद

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके



शिवकुमार के संविधान बदलने वाले बयान पर भाजपा की आपत्ति पर प्रतिक्रिया दी। मंगलवार को न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान कांग्रेस सांसद ने कहा कि भाजपा बेवजह के आरोप लगाती है। डीके शिवकुमार ने ऐसा कुछ भी नहीं कहा है, अगर कहा भी है तो बहुत ही हल्के अंदाज में। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत होगी तो हम इसे भी करेंगे। संविधान में संशोधन हुए हैं। लेकिन, इस देश में किसी को भी डॉ. अंबेडकर के संविधान को बदलने के बारे में सोचने का अधिकार नहीं है। जो लोग इसके बारे में बात करते हैं, वे पहले ही 400 से 240 पर आ गए हैं और उन्हें 240 से 100 पर आने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।

कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने नवरात्रि के दौरान मीट की दुकानों को बंद करने की भाजपा विधायक की मांग पर कहा कि नवरात्रि के दौरान बाजार स्वाभाविक रूप से बंद हो जाते हैं। क्योंकि मांग नहीं होती है। इसलिए वे अपने आप बंद हो जाएंगे। उन पर प्रतिबंध लगाने की क्या जरूरत है?

स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा विवाद पर कांग्रेस सांसद ने कहा कि बेवजह की बातों पर बहस हो रही है। अभिव्यक्ति की आजादी है। सरकार आलोचना से क्यों डरती है? सत्ता में बैठे हैं तो आलोचना सहने का दम भी होना चाहिए। ममता बनर्जी सरकार पर बंगाल भाजपा ने आरोप लगाया है कि वोटर लिस्ट से हिन्दुओं के नाम काटे जा रहे हैं। इस पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा, "चुनाव आयोग किसका है? देश का बच्चा-बच्चा जानता है कि चुनाव आयोग किसके इशारे पर काम करता है।

## बिना नक्शा के निर्माण मामले में सपा सांसद की बढ़ रहीं मुश्किलें, रिपोर्ट के बाद तय होगी कार्रवाई

**संभल (आईएएनएस)।** सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के बिना नक्शा पास कराए निर्माण कराने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में अभी तक कुल 14 तारीखें लग चुकी हैं। सोमवार को भी एक टीम मौके पर पहुंची। उसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई तय होगी। संभल की एसडीएम वंदना मिश्रा ने बताया कि सपा सांसद के यहां अधिकारी पैमाइश करने पहुंचे थे। बिना अनुमति के नवनिर्माण के मामले में अधिकारी निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। इस दौरान जरूरी जानकारियां जुटाई गईं। यह प्रकरण पिछले साल 5 दिसंबर से चल रहा है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

### ईद पर 32 लाख गरीब मुस्लिमों को मिलेगी 'सौगात-ए-मोदी' किट, जेडीयू और भाजपा बोली-

## हर समुदाय का सम्मान करती है सरकार

**पटना (आईएएनएस)**

ईद-उल-फितर के अवसर पर केंद्र सरकार देश भर के 32 लाख गरीब मुसलमानों को 'सौगात-ए-मोदी' किट की भेंट करेगी। बिहार सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद खान ने इस पर खुशी जताते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है बिहार के मेहनतकश समुदाय को इससे लाभ मिलेगा।

बिहार सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "मैं अपने नेता नीतीश कुमार का आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिन्होंने 2005 के बाद हमारे मेहनतकश समुदाय के लिए हर तरह का विकास किया, चाहे वह स्कूल हो, छात्रावास



हो, कॉलेज हो, मदरसे हों या फिर रोजगार से जुड़े मामले हों। हमारे नेताओं ने पीएम मोदी से बातचीत की, हमें पूरा भरोसा है कि बिहार को इससे लाभ होगा और हमें कोई तोहफा जरूर मिलेगा। बिहार विधानसभा के बाहर आरजेडी विधायकों के विरोध प्रदर्शन को लेकर मंत्री मोहम्मद जमा खान ने कहा, "विपक्ष की बात मत कीजिए, वे अप्रासंगिक हैं।

### वकीलों ने शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल, कहा-

## हमारी लड़ाई भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के खिलाफ

**प्रयागराज (आईएएनएस)**

दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा का इलाहाबाद हाईकोर्ट में तबादला होने के बाद विवाद उत्पन्न हो गया है। जस्टिस यशवंत वर्मा के तबादले से हाईकोर्ट बार एसोसिएशन नाराज है। इसके विरोध में इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह विरोध वर्तमान में किसी कोर्ट या जज के खिलाफ नहीं, बल्कि



उनके खिलाफ है जिन्होंने न्यायालय की व्यवस्था को धोखा दिया है। हमारी लड़ाई भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों और उस व्यवस्था के खिलाफ है जो पारदर्शी नहीं है। फिलहाल हमारी मांग ट्रांसफर आदेश पर पुनर्विचार करने और उसे वापस लेने की है।

## सीएम ने पेश किया 1 लाख करोड़ का बजट, महिला समृद्धि से लेकर आयुष्मान योजना का ऐलान

- **वित्त वर्ष 2025-26 के लिए दिल्ली का एक लाख करोड़ रुपये का बजट पेश**

**नई दिल्ली (हि.स.)**

दिल्ली की मुख्यमंत्री एवं वित्त विभाग संभाल रही रेखा गुप्ता ने मंगलवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एक लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के बजट की तुलना में यह 31.5 फीसदी अधिक है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बजट पेश करते हुए बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में दिल्ली का बजट 78 हजार 800 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2024-25 में घटकर सिर्फ 76 हजार करोड़ रुपये रह गया था। हालांकि, पहली बार अगामी वित्त वर्ष के लिए दिल्ली को 1 लाख करोड़ रुपये का बजट मिला है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि है। बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सदन को बताया कि सरकार को 68,700 करोड़ रुपये कर से प्राप्त होगा। वहीं 750 करोड़ रुपये कर के अतिरिक्त कमाई से, 15 हजार करोड़ रुपये लघु अवधि कर्ज से और 1 हजार करोड़ रुपये सड़क निधि से आएंगे। इसके अलावा 4,128 हजार करोड़ रुपये केंद्र सरकार की योजनाओं से आएंगे और 7,341 करोड़ रुपये केंद्र सरकार से मदद के रूप में लिए जाएंगे।

### दिल्ली के बुनियादी ढांचों पर होगा काम



रेखा गुप्ता ने दिल्ली की सड़कों को सुधारने, विकास को रफ्तार देने, बुनियादी ढांचों को सुधारने के लिए बजट में 28 हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 28 हजार करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय से दिल्ली में सड़क, पुल, जल निकासी, ट्रांसपोर्ट और अन्य सार्वजनिक सेवाओं में व्यापक सुधार होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट दिल्ली को एक स्मार्ट और आधुनिक शहर में बदलने की दिशा में एक मजबूत कदम है। हर घर साफ पानी और सीवर सिस्टम अपग्रेडमुख्यमंत्री ने हर घर साफ पानी और सीवर सिस्टम के अपग्रेड की बात कही। जल आपूर्ति और स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए 9 हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

### आयुष्मान योजना के लिए बजट में 2144 करोड़ रुपए का प्रावधान

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने बजट भाषण में दिल्ली की जनता के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत 10 लाख रुपये तक के इंश्योरेंस कवर का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के 5 लाख रुपये के कवर के साथ दिल्ली सरकार लोगों को 5 लाख रुपये का टॉप-अप देगी। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में इसके लिए 2144 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**दिल्ली बजट में महिला समृद्धि योजना :** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के बजट में महिला समृद्धि योजना के लिए 5100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। महिला समृद्धि योजना के तहत दिल्ली की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये मिलेंगे।

# जर्मनी और थाईलैंड के धार्मिक नेता पहुंचे वाराणसी, विश्व शांति के लिए किया गंगा पूजन

**एजेंसी। वाराणसी**

जर्मनी और थाईलैंड के धार्मिक नेताओं ने श्रद्धालुओं संग मिलकर विश्व शांति और रूस-यूक्रेन युद्ध की समाप्ति के लिए गंगा में अभिषेक और वैदिक अनुष्ठान किया। इस दौरान उन्होंने गंगा नदी में 15 हजार मछलियां भी छोड़ीं। विदेशी धार्मिक नेताओं ने गंगा नदी में अभिषेक और वैदिक अनुष्ठान को लेकर आईएएनएस से खास बातचीत की। जर्मनी के धर्मगुरु थॉमस गेरहार्ड ने कहा कि जर्मन सरकार और उससे जुड़े लोग, जो यूक्रेन के युद्ध में शामिल हैं, वे सिर्फ राजनीति करते हैं। लेकिन, मैं विश्व की स्वतंत्रता और विश्व शांति के लिए काम करता हूं। इसलिए मैं जर्मन राजा के रूप में भारत आया, ताकि हिंदू और सभी धर्मों की ताकत



से मिलकर दुनिया में शांति ला सकूं। जर्मनी और भारत की दोस्ती के साथ थाईलैंड का साथ लेकर आज हमने विश्व शांति के लिए प्रार्थना की है। थाईलैंड की धर्मगुरु बद्री मां भी इस समूह में थीं। उन्होंने यहां आने का मकसद सिर्फ विश्व शांति की फिक्र बताया। कहा कि आज हम विश्व शांति के लिए यहां आए हैं। आज का दिन बहुत खास है, विश्व शांति के लिए मछलियों को आज़ादी दी गई। यह शिव का शहर है, जो दुनिया को नियंत्रित करता है। हम चाहते हैं कि विश्व में शांति आए और इसके प्रयास के लिए भारत, जर्मनी और थाईलैंड मिलकर काम करें।

बता दें कि रूस-यूक्रेन और इजरायल-हमास युद्ध का असर दुनियाभर पर पड़ा है। रूस ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर आक्रमण किया था और देश के अधिक हिस्से पर कब्जा करना शुरू कर दिया था। इस युद्ध के परिणामस्वरूप शरणार्थी संकट पैदा हो गया और हजारों लोगों की जान भी गई। वहीं, फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह 'हमास' ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमला किया था और इस दौरान इजरायली नागरिकों को बंधक बना लिया था।

इसके जवाब में इजरायल ने गाजा में सैन्य कार्रवाई शुरू की। इजरायली हमले के बाद से गाजा (फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक) में 50,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं। इन युद्धों को समाप्त करने के लिए भारत की तरफ से भी कई प्रयास किए गए हैं। इसी के चलते शिव की नगर काशी से अब विश्व में शांति का संदेश दिया जा रहा है, ताकि पिछले कुछ समय से चल रहा युद्ध खत्म हो सके और विश्व में फिर से शांति स्थापित हो।

## लालू यादव के कहने से नहीं, जनता तय करेगी सरकार : सम्राट चौधरी

**पटना (आईएएनएस)**

बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान विपक्ष के हंगामे को लेकर भाजपा के नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि लालू यादव के कहने से नहीं, जनता सरकार तय करती है और वही करेगी। किसी के कहने से सरकार नहीं पलटती है।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान सम्राट चौधरी ने कहा कि राजद के लोग अज्ञानी हैं। नीतीश सरकार को ये लोग तेजस्वी सरकार लिखते थे। ये लोग गुंडागर्दी से चाहते हैं कि सरकार बदल दें, यह बदलने वाला नहीं है। यह बिहार की जनता तय करेगी। उन्होंने आगे कहा, "लालू यादव, आप कितना भी कहते रहिए, बिहार की जनता जब कहेगी तभी बिहार में सरकार बदलती



है। आपको भी लगभग पांच बार एनडीए ने हराया है। आपकी पत्नी को भी हराया और आपके बेटे तेजस्वी को भी तीन बार हरा चुका है। बिहार के लोकतंत्र में ताकत है।" उन्होंने यह भी कहा, "बिहार में 65 प्रतिशत आरक्षण नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विधान मंडल से सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसमें किसी को विरोध नहीं है। सभी पार्टियां इसके साथ खड़ी हैं। लेकिन, राष्ट्रीय जनता दल सिर्फ अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने का काम कर रही है।



# मोदी सरकार की नीतियों ने जम्मू-कश्मीर से अलगाववाद को खत्म कर दिया : शाह

**नई दिल्ली (हि.स.)**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से जुड़े दो संगठनों जेके पीपुल्स मूवमेंट और डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल मूवमेंट के अलगाववाद से सभी संबंध तोड़ने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि मोदी सरकार की एकीकरण नीतियों ने जम्मू-कश्मीर से अलगाववाद को खत्म कर दिया है। अमित शाह ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट किया, "कश्मीर में अलगाववाद इतिहास बन चुका है। मोदी सरकार की एकीकरण नीतियों ने जम्मू-कश्मीर से अलगाववाद को खत्म कर दिया है। हुर्रियत से जुड़े दो संगठनों ने अलगाववाद से सभी संबंध तोड़ने की घोषणा की है। मैं भारत की एकता को मजबूत करने की दिशा में इस कदम का स्वागत करता हूं और ऐसे सभी समूहों से आग्रह करता हूं कि वे आगे आएं और अलगाववाद को हमेशा के लिए खत्म कर दें। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित, शांतिपूर्ण और एकीकृत भारत के निर्माण के सपने की एक बड़ी जीत है। यह घटनाक्रम केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा मीरवाइज उमर फारूक की अध्यक्षता वाली अवामी एक्शन कमेटी (एसीसी) और मसरूर अब्बास अंसारी की अध्यक्षता वाले जम्मू-कश्मीर इत्तेहादुल मुस्लिमीन (जेकेआईएम) पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत पांच साल के लिए प्रतिबंधित संगठन घोषित करने के कुछ दिनों बाद हुआ है।

कश्मीर में अलगाववाद **इतिहास** बन चुका है

### दिल्ली में राज्यों के अल्पसंख्यक आयोगों के वार्षिक सम्मेलन में बोले जार्ज कुरियन

# देश में अल्पसंख्यक पूरी तरह से सुरक्षित

- **देश के विकास में पूरी तरह से अपनी भागीदारी निभा रहा अल्पसंख्यक समाज**
- **पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यक उत्पीड़न का मामला बराबर सामने आता है**

**नई दिल्ली (हि.स.)**



केंद्रीय अल्पसंख्यक राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने मंगलवार को कहा कि हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। हमारा देश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक रूप से लगातार अपनी मजबूती दर्ज कर रहा है और आर्थिक महाशक्ति बनने के अपने लक्ष्य की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। हमारे देश का अल्पसंख्यक समाज देश के विकास में पूरी तरह से अपनी भागीदारी निभा रहा है। राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन आज राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के तत्वावधान में नई दिल्ली स्थित डॉ अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में राज्यों के अल्पसंख्यक आयोगों के वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे देश के अल्पसंख्यक पूरी तरह से सुरक्षित है। हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान में हिंदू और ईसाई अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न का मामला सभी के सामने है। चीन, म्यांमार और श्रीलंका में मुस्लिम अल्पसंख्यकों का मामला बराबर सामने आता रहता है। हमारे पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदू और बौद्ध अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले अत्याचार के मामले सामने आ रहे हैं। वहां पर हाल के दिनों में अल्पसंख्यक समुदाय के साथ जो कुछ भी घटित हुआ है, वह किसी से ढका-छिपा नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे देश में बहुसंख्यक समाज के लिए जो भी योजनाएं सरकार की तरफ से लागू की गई हैं, उसका पूरा-पूरा लाभ अल्पसंख्यक समाज के लोग भी उठा रहे हैं। चाहे वह मुद्रा लोन का मामला हो, प्रधानमंत्री आवास योजना हो, उज्ज्वला योजना हो या भारत सरकार की अन्य स्कीमें हों, सभी का लाभ अल्पसंख्यक समाज के लोगों को मिल रहा है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम और अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए बनाई गई योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यक समुदाय पूरी तरह से उठा रहा है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समाज के शैक्षणिक और आर्थिक विकास के लिए केंद्र की मोदी सरकार के जरिए कई स्कीमें चलाई जा रही हैं।

#### अल्पसंख्यकों के साथ हो रहा अच्छा व्यवहार : इकबाल

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा कि हमारे देश में अल्पसंख्यकों की आबादी दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि हमारे देश में अल्पसंख्यक समाज के साथ काफी अच्छा व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य पड़ोसी देशों में अल्पसंख्यक समाज के लोगों की जनसंख्या में दिन-प्रतिदिन गिरावट आ रही है और वहां पर अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न और उनके साथ भेदभाव का रवैया अपनाने की खबरें आती रहती हैं।

## राज्यसभा के सभापति ने न्यायपालिका से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए फ्लोर लीडर्स की बैठक बुलाई

**नई दिल्ली (हि.स.)**



राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आज शाम को 4.30 बजे विभिन्न दलों के फ्लोर लीडर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। इसमें यह तय किया जाएगा कि दिल्ली में एक न्यायाधीश के आवास से कथित तौर पर नकदी मिलने के मामले पर सदन को क्या कदम उठाना चाहिए। दरअसल, पिछले कुछ दिनों में कई सांसद सदन में इस पर चर्चा की मांग कर चुके हैं। राज्यसभा के सभापति ने आज सदन की कार्यवाही शुरू होने पर कहा कि मैंने विपक्ष के नेता द्वारा सुझाए गए और सदन के नेता द्वारा सहमत होने पर आज शाम 4.30 बजे फ्लोर लीडर्स के साथ बैठक तय की है। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि हमारी बातचीत बहुत ही उपयोगी होगी और हम कोई रास्ता निकालेंगे, क्योंकि कानून और न्यायपालिका बेहतर तरीके से काम करते हैं। उन्होंने कहा कि वह "राज्य की कार्रवाई पर न्यायिक आदेशों द्वारा उत्पन्न कुछ बाधाओं" पर चर्चा करेंगे। राज्यसभा में कांग्रेस सांसद एवं उपनेता विपक्ष प्रमोद तिवारी ने सभापति जगदीप धनखड़ से अनुरोध किया कि न्याय होना ही नहीं चाहिए बल्कि यह दिखना भी चाहिए कि न्याय हो रहा है।

# 'किसानों से ज्यादा सुसाइड कर रहे विद्यार्थी'

### सुप्रीम कोर्ट ने कारण जानने के लिए बनाई 10 सदस्यीय टास्क फोर्स

**ब्यूरो**

- **इसमें रैगिंग, जाति-आधारित भेदभाव, लिंग-आधारित भेदभाव, यौन उत्पीड़न, शैक्षणिक दबाव, वित्तीय बोझ समेत धार्मिक विश्वास या किसी अन्य आधार पर भेदभाव पर विचार होगा**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने आईआईटी दिल्ली के अनुसूचित जाति के दो छात्रों के माता पिता की याचिका पर सुनवाई के दौरान छात्रों के आत्महत्या के मामलों को लेकर चिंता जताते छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने व उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों के सुसाइड को रोकने के लिए पूर्व जज एस रविंद्र भट की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय टास्क फोर्स का गठन किया।सर्वोच्च न्यायालय की इस पीठ ने कहा कि छात्रों की आत्महत्या दर कृषि संकट से जूझ रहे किसानों के सुसाइड रेट से ज्यादा हो गई है।न्यायालय ने कहा कि निजी शिक्षण संस्थानों सहित उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या की बार-बार होने वाली घटनाएं चिंताजनक हैं। ये बढ़ती घटनाएं संकेत देती हैं कि परिसरों में छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने और उन्हें आत्महत्या करने जैसा चरम कदम उठाने से रोकने में मौजूदा कानूनी व संस्थागत ढांचा खास प्रभावी नहीं है। न्यायालय ने छात्रों के सुसाइड के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए एक 10 सदस्यीय टास्क फोर्स बनाई है, जिसमें समाज के कई क्षेत्रों के लोग शामिल हैं। यह टास्क फोर्स एक व्यापक रिपोर्ट तैयार करेगी, जिसमें छात्रों द्वारा आत्महत्या के प्रमुख कारणों की पहचान की जाएगी। इसमें रैगिंग, जाति-आधारित भेदभाव, लिंग-आधारित भेदभाव, यौन उत्पीड़न, शैक्षणिक दबाव, वित्तीय बोझ समेत धार्मिक विश्वास या किसी अन्य आधार पर भेदभाव शामिल होंगे। इतना ही नहीं, यह टास्क फोर्स उच्च शिक्षण संस्थानों पर लागू वर्तमान कानूनों, नीतियों और संस्थागत ढांचे की प्रभावशीलता का भी गहन मूल्यांकन करेगा। यह टास्क फोर्स इस बात का भी मूल्यांकन करेगा कि क्या ये ढांचे छात्रों के सामने आने वाली चुनौतियों का पर्याप्त रूप से समाधान करते हैं, और जहां आवश्यक हो वहां सुरक्षा को मजबूत करने की सिफारिश करेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने यह बयान दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर दिया गया, जिसमें आईआईटी दिल्ली के दो छात्रों के माता-पिता द्वारा दायर एफआईआर दर्ज करने की याचिकाओं को हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया था।केस को लेकर मृतक छात्रों के अभिभावकों ने आरोप लगाया कि आयुष आशना और अनिल कुमार की 'वास्तविक तथ्यों को छिपाने के लिए आईआईटी सदस्यों की साजिश के तहत हत्या की गई और दोनों छात्रों को गलत तरीके से आत्महत्या करते हुए दिखाया गया है। शिकायत में दावा किया गया कि अनुसूचित जाति से ताल्लुक रखने वाले छात्रों ने अपने अभिभावकों को आईआईटी दिल्ली के संकाय या कर्मचारियों द्वारा जातिगत भेदभाव के बारे में बताया था और संकाय पर असली दोषियों को बचाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। हालांकि, जांच करने वाली पुलिस ने किसी भी तरह की गड़बड़ी से इनकार किया और निष्कर्ष निकाला कि दोनों छात्रों ने डिप्रेशन के कारण आत्महत्या की, क्योंकि वे कुछ परीक्षाओं में पास नहीं हो पाए थे। पुलिस की स्टेटस रिपोर्ट के अनुसार, आशना की ग्रेड रिपोर्ट से पता चला है कि 2022-2023 के दूसरे सेमेस्टर के दौरान, वह सात में से पांच विषयों में फेल हो गया, और उसे ग्रेड एफ मिला, जिसका मतलब बहुत खराब होता है।

### चीन विकास मंच में 750 विदेशी अतिथियों की भागीदारी से विश्वास जाहिर हुआ

**बीजिंग।** चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता कुओ च्याखुन ने मंगलवार को पेइचिंग में आयोजित एक नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि चीन विकास मंच की 2025 वार्षिक बैठक में 750 से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रवक्ता के अनुसार, मंच में भाग लेने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनियां विभिन्न देशों से आई हैं, जिनमें अधिकतर बहुराष्ट्रीय कंपनियां पहली बार भाग ले रही हैं तथा अधिक उद्योगों को इसमें शामिल किया गया है। इससे जाहिर हुआ है कि विदेशी निवेश वाले उद्यम चीन के प्रति आशावादी बने हुए हैं और उन्होंने चीन की आर्थिक विकास संभावनाओं में "विश्वास मत" डाला है। परिचय के अनुसार, 23 से 24 मार्च तक, चीन विकास मंच का 2025 वार्षिक सम्मेलन पेइचिंग में आयोजित हुआ।

# ट्रंप के आक्रामक रवैये से सतर्क यूरोपीय देश करने लगे कई तरह से तैयारी

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रम्प के फिर अमेरिका का राष्ट्रपति बनने और हर क्षेत्र में उनकी बढ़ती दादागिरी तथा अन्य देशों के संसाधनों पर नज़र सहित यूक्रेन ते संसाधनों पर ललचाई नज़र के कारण न केवल एशिया के देश दहशत में हैं बल्कि यूरोपीय देशों पर भी गंभीर असर पड़ने लगा है। चिंतित यूरोपीय देश ट्रम्प के हरकतों पर जैसे को तैसा जवाब देने की तैयारी करने लगे हैं। अभी तक यूरोप के सबसे शक्तिशाली देशों में ब्रिटेन व फ्रांस को शीर्ष पर गिना जाता है। लेकिन इस बीच पोलैंड तेजी से सैन्य शक्ति बढ़ा रहा है, जो दूसरे देशों के मुकाबले रूस के ज्यादा करीब है। यह देश नाटो व यूरोपीय संघ दोनों का सदस्य है। इसका अमेरिका के साथ भी पुरानी रक्षा साझेदारी है। रूस का घनिष्ठ होने के बावजूद पोलैंड इन दिनों रूस से खतरे को देखते हुए तेजी से अपनी सैन्य शक्ति को बढ़ा रहा है।यूरेशियन टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 400 वर्षों तक, 16वीं शताब्दी में स्पेन व पुर्तगाल, 17वीं शताब्दी में नीदरलैंड और उसके बाद 18वीं और 19वीं शताब्दी में फ्रांस तथा यूके जैसे पश्चिमी यूरोपीय देश प्रमुख शक्ति केंद्र थे। 20वीं शताब्दी की शुरुआत में, एक केंद्रीय यूरोपीय शक्ति जर्मनी ने पश्चिमी यूरोपीय देशों के वर्चस्व को चुनौती देने की दो बार असफल कोशिश की। हालांकि, जर्मनी दोनों विश्व युद्धों में हार गया, लेकिन इन युद्धों ने पश्चिमी यूरोप को इतना नुकसान पहुंचाया कि अमेरिका प्रमुख शक्ति केंद्र बन गया। द्वितीय विश्व युद्ध में अपनी हार के बाद जर्मनी व जापान दोनों ने सैन्य शक्ति केंद्रों के बजाय आर्थिक महाशक्ति बनने पर ध्यान केंद्रित किया। सोवियत संघ के उदय के बावजूद, अमेरिका की बेजोड़ सैन्य व आर्थिक शक्ति तथा नाटो संधि के रूप में इसके सफल गठबंधन निर्माण के कारण पश्चिम प्रमुख सैन्य शक्ति केंद्र बना रहा। लेकिन इस पश्चिमी प्रभुत्व को अब पूर्वी शक्ति केंद्रों के उदय द्वारा सफलतापूर्वक चुनौती दी जा रही है। भारत व चीन के उदय पर अक्सर चर्चा और टिप्पणी की जाती है। पोलैंड अपनी अर्थव्यवस्था के सापेक्ष नाटो का सबसे बड़ा रक्षा खर्च करने वाला देश है। 2024 में, पोलैंड ने अपने सकल घरेलू उत्पाद का 4.12% रक्षा पर खर्च किया, जो 32 नाटो देशों में सबसे अधिक है और अमेरिका के रक्षा पर 3.38% खर्च से भी आगे है। पोलैंड का रक्षा व्यय 2025 में अपने सकल घरेलू उत्पाद के 4.7% तक बढ़ने वाला है। वास्तविक रूप से, इस वर्ष पोलैंड का 35 बिलियन अमेरिकी डॉलर का रक्षा बिल उसके पूर्व-कम्युनिस्ट मध्य यूरोपीय और बाल्टिक पड़ोसियों के संयुक्त व्यय से अधिक हो सकता है।

इसकी तुलना में, पोलैंड से कहीं बड़ी अर्थव्यवस्था वाले इटली ने 2024 में रक्षा पर 30.89 बिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च किए, जो उसके सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 1.5% है। यूनाइटेड किंगडम ने अपने सकल घरेलू उत्पाद का 2.2% रक्षा पर खर्च किया, जबकि जर्मनी ने केवल 2.12% खर्च किया। फ्रांस ने सकल घरेलू उत्पाद का केवल 2.06% रक्षा पर खर्च किया, जबकि स्पेन ने केवल 1.28% खर्च किया। नाटो अपने सदस्य देशों को अपने सकल घरेलू उत्पाद का कम से कम 2% रक्षा पर खर्च करने का आदेश देता है। जर्मनी व फ्रांस जैसे अन्य यूरोपीय देशों की तुलना में अपनी छोटी आबादी के बावजूद, पोलैंड के पास यूरोपीय संघ में सबसे बड़ी स्थायी सेना है। स्टेटिस्टा के अनुसार, नाटो में अमेरिका के पास सबसे बड़ी सेना है, जिसमें 1,328,000 सक्रिय सैनिक हैं। तुर्की दूसरे स्थान पर है, जिसके पास 355,200 सक्रिय सैनिक हैं। हालांकि, इनमें से कोई भी नाटो देश यूरोपीय संघ का सदस्य नहीं है। पोलैंड के पास यूरोप में सबसे बड़ी सेना है, जिसके पास 216,000 सक्रिय सैन्यकर्मी हैं। फ्रांस 204,000 सक्रिय सैन्य कर्मियों के साथ दूसरे स्थान पर है, और यूनाइटेड किंगडम के पास 150,000 से कम सक्रिय सैन्यकर्मी हैं।पोलैंड भूमि सेना में लगभग 75,000 सैनिक, वायु सेना में 17,589, नौसेना में 6,426 और विशेष बलों में 3,390 सैनिक हैं। 2023 में, पोलैंड ने लगभग 40,000 सैनिकों वाली एक प्रादेशिक रक्षा सेना की स्थापना की और यह संख्या बढ़ती जा रही है। रूसी क्षमताओं और खतरों को बढ़ाने के लिए साइबर-सुरक्षा, सूचना युद्ध और खुफिया जानकारी को प्राथमिकता दी जा रही है। पोलैंड ने मात्र 10 वर्षों में अपने सशस्त्र बलों का आकार दोगुना कर लिया है। 2014 में, पोलैंड में 99,000 सशस्त्र कर्मी थे, लेकिन 2024 तक, इसके सशस्त्र बलों में 216,000 कर्मी हो गए। 2022 में, रूस द्वारा यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के बाद, पोलैंड ने होमलैंड डिफेंस एक्ट पारित किया, जिसका उद्देश्य पोलैंड के सैन्य आकार को 300,000 सक्रिय सैन्य कर्मियों तक बढ़ाना है। इसमें पोलैंड की जमीनी सेना में लगभग 1,000 नए टैंक और 600 नए होवित्जर जोड़कर टैंक बेड़े का आकार बढ़ाना शामिल है। हालांकि, यूरोपीय देशों की स्थायी सेनाएँ रूस और यूक्रेन की तुलना में बहुत छोटी हैं। अनुमान के अनुसार, रूस में 1.5 मिलियन से अधिक सक्रिय सैन्य कर्मी हैं, और यूक्रेन में 800,000 से अधिक हैं। रक्षा व्यय के हिस्से के रूप में उपकरण व्यय की बात करें तो पोलैंड यूरोपीय देशों की सूची में भी सबसे ऊपर है। नाटो के अनुमान के अनुसार, 2024 में पोलैंड अपने रक्षा बजट का 51% से अधिक नए हथियार और उपकरण खरीदने पर खर्च करेगा। हंगरी दूसरे स्थान पर रहा, जिसने अपने रक्षा बजट का 47.8% उपकरण खरीदने पर खर्च किया। ब्रिटेन ने 36%, अमेरिका ने 29.9%, जर्मनी ने 28.4% और फ्रांस ने 28.4% खर्च किया। नाटो नेताओं ने सहमति व्यक्त की है कि सहयोगियों को अपने रक्षा बजट का कम से कम 20% प्रमुख उपकरणों और संबंधित अनुसंधान और विकास पर निवेश करने का लक्ष्य रखना चाहिए।

**कहानी फिल्म जगत की**

कंगना ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, "हमें सोचना चाहिए कि जब कोई व्यक्ति केवल 2 मिनट की प्रसिद्धि के लिए ऐसा करता है तो समाज किस दिशा में जा रहा है।



# कंगना रनौत ने कुणाल कामरा जैसे व्यक्तियों की विश्वसनीयता पर उठाया सवाल, कहा-

### 2 मिनट की प्रसिद्धि' ऐसा कौन करता है?

कंगना रनौत ने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की टिप्पणी पर कॉमेडियन कुणाल कामरा की आलोचना की है। भाजपा सांसद कंगना रनौत ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर विवादास्पद मजाक करने को लेकर कॉमेडियन कुणाल कामरा को कहा कि '2 मिनट की प्रसिद्धि' के लिए लोग इस तरह की चीजें करते हैं। अपने मुखर विचारों के लिए जानी जाने वाली रनौत ने कामरा के कार्यों की कड़ी निंदा की और उन पर क्षणिक ध्यान आकर्षित करने के लिए "भारतीय लोगों और संस्कृति का दुरुपयोग" करने का आरोप लगाया। उन्होंने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की पैरोडी समाज की अखंडता को नुकसान पहुंचाती हैं।

#### दो मिनट की प्रसिद्धि लोग ऐसा करते हैं

कंगना ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, "हमें सोचना चाहिए कि जब कोई व्यक्ति केवल 2 मिनट की प्रसिद्धि के लिए ऐसा करता है तो समाज किस दिशा में जा रहा है।" कामरा के हालिया विवाद और उनके कानूनी संघर्षों के बीच समानता दर्शाते हुए, रनौत ने हैबिटेट स्थल पर बीएमसी की कार्रवाई की तुलना की, जहाँ कामरा ने पैरोडी रिकॉर्ड की थी, अपनी खुद की संपत्ति के विध्वंस से। जबकि बीएमसी की कार्रवाई को कानूनी माना गया, रनौत ने अपने बंगले के विध्वंस को "अवैध" कहा। उनकी टिप्पणियों ने व्यक्तियों और उनकी प्रतिष्ठा को बदनाम करने के व्यापक मुद्दे पर ध्यान केंद्रित किया।



## एक नजर

### रेमडेसिविर दवा की कालाबाजारी मामले में सुनवाई 17 अप्रैल को

**रांची।** रेमडेसिविर दवा की कालाबाजारी मामले में मुख्य आरोपी राजीव कुमार सिंह एवं मनीष कुमार सिन्हा के खिलाफ आरोप गठन पर सुनवाई अब 17 अप्रैल को होगी। मामले में मंगलवार को सुनवाई की तारीख पूर्व से निर्धारित थी। लेकिन निर्धारित तारीख को आरोप के बिंदु पर सुनवाई नहीं हो सकी। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 17 अप्रैल निर्धारित की है। अदालत ने दोनों की डिस्चार्ज याचिका बीते 6 अप्रैल को खारिज कर चुकी है। मामले की सुनवाई साइबर क्राइम एंड ड्रग कॉस्मेटिक मामले के विशेष न्यायाधीश मनीष रंजन की अदालत में हो रही है। कालाबाजारी को लेकर कोतवाली थाना में कांड संख्या 107/2021 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। राजीव कुमार सिंह जेल जाने के बाद वर्तमान में जमानत पर चल रहा है।

### नाबालिग से यौन संबंध मामले में युवक दोषी करार, फैसला 29 को

**रांची।** नाबालिग से जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में ट्रायल फेस कर रहा अभियुक्त विवेक कुमार उर्फ सोनू कुमार को सिविल कोर्ट रांची के पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने दोषी करार दिया है। साथ ही सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 29 मार्च की तिथि निर्धारित की गई है। अभियुक्त सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के सरोवर नगर, देवी मंडप रोड निवासी है। अभियुक्त ने घटना का अंजाम अक्तूबर 2019 के पहले सप्ताह में दिया था। अभियुक्त उन दिनों उड़ीसा में भूषण स्टील अंगुल के ऑपरेटर के रूप में कार्यरत था। मामले को लेकर पीड़िता ने सुखदेव नगर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसके आधार पर पुलिस ने अभियुक्त को 9 अक्तूबर 2019 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से पीड़िता समेत 7 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

## राज्य में सात आउट सोर्सिंग कंपनियों पर केस दर्ज, प्रदीप यादव बोले

# जिन कंपनियों पर है केस दर्ज वे भी कर रही काम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में मंगलवार को जैप. आईटी के जरिए राज्य भर में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति और एजेंसी के चयन को लेकर सवाल उठा।



अल्पसूचित प्रश्न के जरिए कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने यह मुद्दा उठाया। प्रदीप यादव ने कहा कि जैप.आईटी में एजेंसी के माध्यम से राज्य भर में कंप्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति होती है। इसके लिए बाहरी एजेंसी से काम होता है। ऑपरेटरों को मिलने वाले रकम में भी कटौती होती है।

प्रदीप यादव ने कहा कि एजेंसी का चयन निविदा के आधार पर होता है लेकिन निविदा में ऐसी शर्तें जोड़ दी जाती हैं जिससे राज्य की कंपनियां भाग ही नहीं ले पाती हैं। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या एजेंसी जो ऑपरेटरों की सैलरी से पैसों का हिस्सा ले रही है इसकी जानकारी सरकार को है और शिकायत पर कितनी कंपनियों पर कारवाई हुई है। साथ ही प्रदीप यादव ने कहा कि 2021 से एक ही एजेंसी का चयन होना संदेह उत्पन्न करता है।

विधायक प्रदीप यादव के सवाल का जवाब देते हुए प्रभारी मंत्री रामदास सोरेन ने सदन को बताया कि निविदा के आधार पर मैन मैन पावर सप्लाई का काम एजेंसी करती है। शिकायत मिलने पर कंपनी के विरुद्ध कारवाई भी की जाती है। ल्यूमिनस कंपनी के विरुद्ध शिकायत मिली थी उसके खिलाफ कारवाई भी हुई है। मंत्री ने सदन को आश्वस्त करते हुए कहा कि विभागीय स्तर पर जांच कर एक महीने के अंदर कार्रवाई करेंगे। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि जिला स्तर पर भी टेंडर हो और स्थानीय एजेंसी का चयन हो, इस पर सरकार विचार कर रही है। फिर प्रदीप यादव ने कहा कि राज्य में सात आउट सोर्सिंग कंपनियों पर केस दर्ज है वह कैसे फिर काम कर रही है।

### रातों-रात कानून लागू नहीं हो सकता : सुदिव्य सोनू



**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंगलवार को सदन में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम)के विधायक जयराम महतो ने निजी कंपनियों में 75 फीसदी आरक्षण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि निजी कंपनियों में दो लाख गैर झारखंडी हैं जबकि 53 हजार ही झारखंड के कार्यरत हैं। जयराम ने पूछा कि आउटसोर्सिंग कंपनी क्या निजी कंपनी के दायरे में आती है। इसपर भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने भी पूछा कि आउटसोर्सिंग कंपनी को निजी कंपनी मानते हैं या नहीं। ऐसी क्या पॉलिसी बनाएंगे कि झारखंड के नौजवानों को निजी क्षेत्र में 75 फीसदी आरक्षण मिल सके। मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि कानून रातों रात लागू नहीं हो सकता। हाई कोर्ट के आदेश से पहले कंपनियां आरक्षण का पालन कर रही थीं। आउटसोर्सिंग निजी कंपनी ही है। वहीं श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि आउटसोर्सिंग कंपनी निजी कंपनी ही मानी जाती है। पदाधिकारी अगर गलत रिपोर्ट दिए हों तो कार्रवाई की जाएगी।

### बकाया वेतन का भुगतान कर दिया गया : रामदास सोरेन



भाजपा विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पलामू जिले के उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में कार्यरत 408 शिक्षकों को वर्ष 2023 के वेतन का भुगतान का मामला उठाया। उन्होंने पूछा कि कब तक इनका भुगतान किया जाएगा और एरियर का क्या होगा। इस पर मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी पलामू के पत्रांक 438ए 22 मार्च 2025 से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार माह मार्च के प्रथम सप्ताह में आवंटन प्राप्त होते ही सभी शिक्षकों का वर्ष 2023 का बकाया वेतन का भुगतान कर दिया गया है। एरियर की जांच करवा ली जाएगी।

### झारखंडी माता मंदिर को पर्यटन स्थल का दर्जा मिले : कुशवाहा शशिभूषण



विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पलामू जिले के मंझीगांवा में स्थित झलखंडी माता मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की। इस सवाल पर मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि जिला पर्यटन संवर्धन परिषद और तदोपरांत राज्य पर्यटन संवर्धन समिति की अनुशंसा के आलोक में पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से किसी भी स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में अधिसूचित किया जाता है, जिसके पश्चात उक्त स्थल के विकास के लिए राशि उपलब्ध कराई जाती है। उक्त स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में घोषित करने का प्रस्ताव निर्देशित किया गया है।

## एसएसबी डीजी पहुंचे रांची

### पुलिस मुख्यालय में नक्सल अभियान पर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एसएसबी के डीजी अमित मोहन प्रसाद ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अनुराग गुप्ता से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों पदाधिकारियों ने झारखंड में नक्सल विरोधी अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु नक्सल विरोधी रणनीतियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। साथ ही हाल के दिनों में नक्सल विरोधी अभियानों में प्राप्त सफलताओं की समीक्षा करते हुए भविष्य में इन अभियानों को और तेज करने के उपायों पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर दोनों अधिकारियों ने एक-दूसरे को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। शिष्टाचार मुलाकात के दौरान एडीजी अभियान डॉ संजय आनन्दराव लाठकर, आईजी अभियान अमोल विनुकांत होमकर, आईजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार, आईजी जगुआर इंद्रजीत माहथा, डीआईजी एसएसबी मानवेंद्र सिंह सहित झारखंड पुलिस एवं एसएसबी के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मणिपुर परिसीमन पर जनता को दिगभ्रमित ना करे झामुमो : प्रतुल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने प्रेस वार्ता कर झामुमो पर पलटवार किया है। वहीं कहा कि झामुमो परिसीमन और मणिपुर के मुद्दे पर जनता को दिगभ्रमित ना करे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक राष्ट्रवादी संगठन है जिसने राष्ट्र और सनातन के हित में सदैव कार्य किया है। झामुमो खीज और हताशा के कारण संघ के बयानों को गलत तरीके से पेश कर रही है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि संघ ने कभी परिसीमन का विरोध नहीं किया है। संघ का स्पष्ट मानना है कि परिसीमन को इस तरीके से लागू करना चाहिए कि वह देश की एकता और अखंडता को मजबूत करें। संघ ने स्पष्ट किया है कि परिसीमन के कारण क्षेत्रीय असंतुलन और सांस्कृतिक पहचान को नजरअंदाज नहीं किया जाए। प्रतुल ने कहा कि मणिपुर पर भी संघ के बयान को झारखंड मुक्ति मोर्चा ने गलत तरीके से पेश किया। संघ का मानना है कि पिछले 20 महीना से मणिपुर एक कठिन दौर से गुजर रहा है। लेकिन हाल में केंद्र के द्वारा दिए गए प्रशासनिक एवं राजनीतिक फैसलों से आशा की उम्मीद जगी है। भाजपा की तरह संघ का भी मानना है कि मणिपुर में चल रहे विवाद का समाधान सभी समुदायों में विश्वास पैदा करके होगा। प्रतुल ने कहा कि अब मणिपुर में हालात तेजी से बदल रहे हैं। सरकार चरणबद्ध तरीके से लंबे समय से बंद सड़क मार्गों को भी खोल रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा जनता को दिगभ्रमित करने के लिए ऐसे बयानों का सहारा ले रही है।



*संघ के संदर्भ में झूठे बयानों का सहारा ना ले झामुमो*

### एनडीपीएस के आरोपी रामसेवक को जमानत याचिका खारिज



**रांची।** सिविल कार्ट रांची के एनडीपीएस मामले के विशेष न्यायाधीश सह न्यायायुक्त की अदालत ने पोस्ता भूसा बरामदगी मामले में जेल में बंद रामसेवक कुम्हार की जमानत याचिका सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। वह उक्त आरोप में 4 फरवरी 2025 से जेल में है। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के कब्जे से करीब 4349 किलोग्राम पोस्ता भूसा बरामद किया था। गुप्त सूचना के आधार पर एनडीपीएस की टीम ने 23 नवंबर 2024 को टाटा-रांची रोड पर शर्मा जी लाइन होटल, रामपुर, एनएच-33 के पास ट्रक की तलाशी के दौरान पोस्ता भूसा बरामद किया था। टीम पर फायरिंग भी की गई थी। घटना को लेकर एनडीपीएस केस दर्ज किया गया। आरोपी घटना के तीन महीने बाद पकड़ में आया था।

# झारखंड की सरकारी टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता का घोर अभाव : बाबूलाल

*चहेतों को लाभ पहुंचने के लिए नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की सरकारी टेंडर प्रक्रिया पर सवाल खड़ा किया। श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड में सरकारी टेंडर आवंटन प्रक्रिया की पारदर्शिता लगातार संदेह के घेरे में रही है। महालेखाकार की जांच में यह सामने आया है कि पेयजल स्वच्छता, ग्रामीण कार्य विकास, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन जैसे दर्जनों विभागों में एक ही आईपी एड्रेस से टेंडर भरे गए, जिससे स्पष्ट है कि ठेके पहले से ही तय होते हैं। कहा कि पूरी प्रक्रिया सिर्फ औपचारिकता होती है। अपने करीबी लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कहा कि जब टेंडर आवंटन में इतनी अनियमितता होगी, तो सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं की गुणवत्ता पर भी इसका सीधा असर पड़ेगा। नतीजा यह है कि जलमीनार ध्वस्त हो रहे हैं, सड़कें महीनों में ही जर्जर हो जाती हैं। भ्रष्टाचार के आरोपों में इंजीनियर, अधिकारी से लेकर मंत्री तक जेल की सलाखों के पीछे पहुंच चुके हैं।

उन्होंने कहा कि यह स्थिति न केवल प्रदेश के विकास में बाधक बन रही है, बल्कि झारखंड की छवि भी खराब कर रही है। अगर भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो आम जनता का सरकारी तंत्र पर से विश्वास पूरी तरह उठ जाएगा। कहा कि अब वक्त आ गया है कि जवाबदेही तय की जाए और पारदर्शिता सुनिश्चित कर जनता के पैसों की लूट को रोका जाए।

### सीजीएल परीक्षा की गड़बड़ियों की जांच सीबीआई को सौंपे राज्य सरकार : मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। श्री मरांडी ने सीजीएल एवं जेएसएससी परीक्षा में बड़े पैमाने पर हुए भ्रष्टाचार की जांच सीबीआई को अविलंब सौंपने की मांग की। श्री मरांडी ने कहा कि विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि झारखंड सीआईडी ने जेएसएससी सीजीएल मामले में गोड्डा और गिरिडीह जिले से करीब आठ कांस्टेबलों को गिरफ्तार किया है। यदि यह सच है, तो यह स्पष्ट हो चुका है कि जेएसएससी सीजीएल में गड़बड़ी हुई है। साथ ही, यह भी स्पष्ट है कि इस बड़े फजीवाड़े में सरकार से जुड़े प्रभावशाली लोगों का हाथ हो सकता है। कहा कि ऐसा लग रहा है कि बड़ी मछलियों को बचाने के लिए छोटी मछलियों को बलि चढ़ाया जा रहा है। कहा कि सरकार को तुरंत सीजीएल परीक्षा रद्द कर एक उच्च स्तरीय जांच सीबीआई से करवानी चाहिए और इस घोटाले में शामिल सफेदपोशों को हिरासत में लेना चाहिए।

### रात में ट्रैफिक पुलिस चलाएगी अभियान स्पेशल टीम गठित

**रांची।** रांची ट्रैफिक पुलिस दुर्घटना रोकने के लिए अब रात में भी चेकिंग अभियान चलाएगा। इसके लिए एक स्पेशल टीम का गठन किया गया। टीम रिंग रोड से लेकर शहर के विभिन्न इलाकों में सड़क पार्क किए गए वाहन चालकों पर जुमार्ना करेगी। साथ ही उन वाहनों को जब्त करेगी। ट्रैफिक पुलिस की ओर से इसका प्लान तैयार किया गया है। साथ ही डंक एंड ड्राइव की चेकिंग प्रतिदिन की जाएगी। यह अभियान रात 11 से लेकर सुबह 4 बजे तक चलेगा। इस दौरान ड्रंक एंड ड्राइव, लापरवाह पार्किंग और तेज रफ्तार में चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई की जाएगी। इस व्यवस्था को लेकर रांची ट्रैफिक पुलिस ने रांची को चार जोन में बांटा है। वैसे थाना क्षेत्र जहां सड़क हादसे ज्यादा सामने हो रहे हैं, वहां विशेष रूप से जांच की जाएगी। रांची के 30 ब्लैक स्पॉट को चिन्हित किया गया है, जहां ट्रैफिक पुलिस के जवान मुस्तैद रहेंगे। इन ट्रैफिक जवानों को रात 11 से सुबह 5 बजे तक शहर के 30 प्वाइंट पर जाकर चेकिंग करनी है।

# शहर के ड्राई जोन इलाकों में टैंकरों से होगी निशुल्क जलापूर्ति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम के प्रशासक संदीप सिंह ने कहा है कि गर्मी को लेकर ड्राई जोन में रोस्टर से टैंकरों के जरिए आमजन को निःशुल्क पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इस क्रम में शहरवासियों को जरूरत भर पानी मिलता रहेगा। इसको लेकर निगम की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। निगम प्रशासक ने मंगलवार को जलापूर्ति शाखा के मताहत अधिकारियों और कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि पूर्व की तरह वैसे सभी मुहल्लों को चिन्हित किया जाएगा, जो ड्राई जोन में हैं। ऐसे चिन्हित इलाकों में मोबाइल टैंकर से जरूरत के मुताबिक पानी उपलब्ध कराने का हरसंभव प्रयास निगम की ओर से किया जाएगा। प्रशासक ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वार्ड क्षेत्र में लगे चापानल, मिनी एचवाईडीटी एवं एचवाईडीटी से संबंधित किसी भी तरह की शिकायतों का निपटारा 24 घंटे के अंदर करें।



निगम प्रशासक ने शहरवासियों से अपने घर एवं प्रतिष्ठान परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को प्रभावी बनाए रखने का आह्वान किया है, ताकि वर्षा का पानी भूमि के अंदर संरक्षित हो सके और आमजन को वर्ष भर जरूरत भर पानी सहूलियत से मिलता रहे। उन्होंने आमजन से निजी जीवन में भी पानी के महत्व को समझने व दैनिक जरूरत के हिसाब से ही उपयोग करने का आग्रह किया है। बैठक में उप प्रशासक गौतम कुमार, अधीक्षण अभियंता प्रसून कुमार मुरमू, कार्यपालक अभियंता रामबदन सिंह, सहायक अभियंता एवं नगर प्रबंधक शामिल थे।

### पंकज कंबोज बने पुलिस हाउसिंग के निदेशक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरकार ने दो आईपीएस का तबादला किया है। साथ ही पोस्टिंग के लिए प्रतीक्षारत डीजी एमएस भाटिया समेत पांच आईपीएस को पोस्टिंग भी दिया है। इसके अलावा अनिल पालटा को रेल डीजी बनाया गया और पंकज कंबोज को झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन का निदेशक बनाया है। इससे संबंधित अधिसूचना मंगलवार की देर शाम जारी कर दी गई है।

## गिरिडीह सांसद ने केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री से मिलकर की मांग, कहा

# राज्य में गठित हो पूर्णकालिक न्यायाधिकरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी से झारखंड की कोयला परियोजना को लेकर पूर्णकालिक न्यायाधिकरण का गठन करने की वकालत की है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को इस बात से अवगत कराया कि जिस प्रकार ओडिशा राज्य के तालचर कोल परियोजना को लेकर पूर्णकालिक न्यायाधिकरण गठन करने का निर्णय लिया गया है और इससे संबंधी आदेश भी जारी कर दिया गया है। इसी प्रकार झारखंड में भी कोयला परियोजना को लेकर पूर्णकालिक न्यायाधिकरण बनाने जरूरत है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को इस बात से भी अवगत कराया कि झारखंड के 7 जिलों में अशंकालिक न्यायाधिकरण का गठन तो किया गया है मगर यह न्यायाधिकरण अब तक क्रियाशील नहीं है। इसको देखते हुए पूर्णकालिक न्यायाधिकरण का गठन किया जाना झारखंड व झारखंडियों के हित में होगा। उन्होंने कहा कि ऐसा होने पर ही जहां कोयला क्षेत्र में सुधार हो सकेगा वहीं विस्थापित परिवारों को न्याय एवं अधिकार भी प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से कोयला क्षेत्र के विस्थापितों द्वारा पूर्ण कालिक न्यायाधिकरण की मांग की जा रही है। साथ ही उन्होंने केंद्रीय मंत्री का ध्यान बीसीसीएल के गोविंदपुर क्षेत्र के खरखरी कोयला परियोजना में हुई गोलीकांड व कोयला चोरी को लेकर कोल इंडिया की उदासीन रवैया की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि घटना को लेकर पुलिसिया जांच में कई बातें सामने आई है बावजूद इसके कोल इंडिया प्रबंधन का इस पर गंभीर नहीं होना कई संदेह भी पैदा करता है।



### नियमों की खुलेआम अनदेखी कर ग्रामीणों की रैयती

भू-भाग का बगैर अधिग्रहण कर चारदीवारी निर्माण का अवैध कब्जा प्रयास किया गया। यही नहीं हमारे आवासीय कार्यालय को भी आगे के हवाले कर दिया गया और यह सारा कुछ संबंधित परियोजना के जीएम के मनमानी पूर्ण रवैया, अव्यावहारिक कार्यशैली व खुलेआम नियमों की अवहेलना करने की वजह से हुआ। इन सब की जानकारी के बावजूद इस घटना पर कोल इंडिया प्रबंधन की ओर से अब तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं करना कोल इंडिया की कार्यशैली को ही दशार्ता है। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री ने मिलने आए गिरिडीह सांसद की बातों को ध्यानपूर्वक सुनने के बाद इस मामले में शीघ्र समुचित कार्रवाई करने को लेकर आश्वस्त किया।

## पृष्ठ एक के शेष

**31 मार्च तक आधार कार्ड का...**

इस तय अवधि में यदि बैंक खाता आधार से लिंक नहीं कराया जाता है, तो संबंधित महिला लाभुक को योजना की राशि उनके बैंक खाते में नहीं जाएगी। यह निर्णय मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड मंत्रालय में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 16 प्रस्तावों पर मंजूरी प्रदान की गई। बैठक के बारे में विस्तार से कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि जिन लाभुकों का आधार बैंक खाते से लिंक नहीं है, उन्हें इस योजना का लाभ दिसंबर 2024 तक ही नहीं, बल्कि मार्च 2025 तक मिलेगा। इसके बाद भी अगर लाभुकों ने आधार को बैंक से लिंक नहीं करवाया, तो आगे से वह इस योजना का लाभ नहीं ले पाएगा। विदित हो कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत राज्य की 18 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को 2500 रुपये की राशि राज्य सरकार प्रति माह दे रही है। झारखंड सचिवालय के सहायक और निजी सहायकों के छठे वेतनमान को लेकर बढ़े वेतन को लेकर एक अक्टूबर 2019 में जारी किए गए संकल्प को निरस्त कर दिया गया। इस संबंध में एजी ने संकल्पं में त्रुटि पाई थी और सरकार से इसमें संशोधन करने का अनुरोध किया था। इसके बाद मामले में वित्त विभाग ने संकल्प जारी कर 13 अगस्त 2024 को इसे निरस्त करने का निर्णय लिया था। इस मामले में वित्त विभाग ने पाया कि छठे रिवाइज वेतनमान को एक जनवरी 2006 के पूर्व से पदस्थापित झारखंड सचिवालय के सहायक और निजी सहायक के कर्मियों के वेतन निर्धारण के लिए न्यूनतम वेतन 18,460 रुपए देने का निर्णय असंगत है। इस वजह से विभाग ने इससे संबंधित संकल्प को निरस्त करने की अनुसंशा सरकार से की थी। इन कर्मियों को भुगतान की गई अधिक राशि को समान किस्तों में वापस करनी होगी।

**कैबिनेट के फैसले...**

दर 12 प्रतिशत की जगह 18 प्रतिशत की वृद्धि पर जल संसाधन विभाग के टेंडर में भुगतान करने की मंजूरी दी गई।

- वित्तीय वर्ष 2024-25 के तीसरे अनुपूरक व्यय विवरणी की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।
- झारखंड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (विशेष छूट) विधेयक, 2025 के गठन की मंजूरी दी गई।
- झारखंड इकनॉमिक सर्वे 2024-25 को विधानसभा के पटल पर प्रस्तुत करने के संबंध की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।
- वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट प्राक्कलन पर घटनोत्तर मंजूरी दी गई।
- ई-कोर्ट प्रोजेक्ट के तृतीय चरण के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार ने प्राप्त सैद्धांतिक सहमति पर राज्य सरकार की ओर से प्रधान सचिव-सह-विधि परामर्शी की ओर से त्रिपक्षीय एकरारनामा (एमओयू) की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।
- झारखंड प्रशासनिक सेवा की अधिकारी और लातेहार जिले के मनिका प्रखंड की बीडीओ साधना जयपुरियार को बर्खास्त करने की सहमति कैबिनेट ने दी। उन्हें मनरेगा योजना में जेट्रोफा की खेती में गड़बड़ी का दोषी पाया गया था।
- एजी कार्यालय, रांची के कर्मियों से संबंधित कार्यों के लिए जारी डिजिटलीकरण प्रक्रिया के क्रम में दूसरे के रूप में 50.037 लाख रुपए की वित्तीय सहायता की स्वीकृति दी गई।
- स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत झारखंड कम्युनिटी हेल्थ असिस्टेंट संवर्ग (भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवाशर्त) नियमावली-2025 के गठन की मंजूरी दी गई।
- बालपहाड़ी सिंचाई योजना के अंतर्गत बालपहाड़ी डैम के अधोप्रवाह में राज्य सरकार की ओर से बालपहाड़ी बराज के निर्माण के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति की स्वीकृति दी गई।

**कारखानों-फैक्ट्रियों में रात्रि...**

2025 और झारखंड माल और सेवा कर संशोधन विधेयक, 2025 शामिल हैं। राज्य सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कारखाना (झारखंड संशोधन) विधेयक, 2025 मंगलवार को ही सदन में पेश किया था। इसके पहले 18 फरवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में इस विधेयक के प्रारूप को मंजूरी दी गई थी। बताया गया है कि यह विधेयक ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान के तहत लाया गया है। विधेयक में प्रावधान किया गया है कि महिला श्रमिकों को उनकी सहमति से शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे तक काम पर रखा जा सकेगा। इस दौरान सुरक्षा, अवकाश और कार्य घंटों से संबंधित सभी आवश्यक शर्तें लागू होंगी। नियोक्ताओं को राज्य सरकार की ओर से निर्धारित अन्य शर्तों का भी पालन करना होगा। विधेयक की प्रस्तावना में कहा गया है कि इसका मुख्य उद्देश्य राज्य में रोजगार के अवसरों और औद्योगिकीकरण की गति को तेज करना है। सरकार की ओर से उम्मीद जताई गई है कि इस संशोधन विधेयक से झारखंड में रोजगार और औद्योगिकीकरण में तेजी आएगी और कारखाना प्रबंधकों को अपने उत्पादन लक्ष्यों का निर्धारण कर इसे तय समय पर पूरा करने में सहूलियत होगी। इसके साथ ही, यह संशोधन महिला और पुरुष कामगारों को समान अवसर प्रदान करने में भी सहायक होगा।

**पिछड़ों के कल्याण के लिए अलग विभाग संवैधानिक प्रावधान का मामला : दीपक बिरुआ**

**रांची।** कांग्रेस विधायक दल के नेता और विधायक प्रदीप यादव ने पिछड़ा वर्ग मंत्रालय के गठन की मांग की। उन्होंने कहा कि झारखंड में आदिवासियों, दलितों और पिछड़े वर्ग की संख्या 90 प्रतिशत से भी अधिक है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए झारखंड सरकार ने आरक्षण की सीमा को बढ़ाते हुए पिछड़ों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण और जाति जनगणना कराने का निर्णय लिया है, लेकिन यह निर्णय अब तक प्रभावी नहीं हो पाया है। उन्होंने संविधान के 93वें संशोधन, शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण और हाईकोर्ट के निर्णय का भी जिक्र किया है, जो राज्य में लागू नहीं हो पाया है। प्रदीप यादव ने अन्य राज्यों की तरह झारखंड में भी पिछड़ा वर्ग मंत्रालय के गठन की मांग की। इस पर मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि पिछड़ों के कल्याण के लिए अलग विभाग संवैधानिक प्रावधान का मामला है। फिलहाल इस पर कोई विचार नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के पास प्रतिनिधिमंडल भेजने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस पर विचार किया जाएगा।

**सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस...**

भी प्राइवेट स्कूल की तरह सुविधाएं प्राप्त कर पाएंगे। स्कूल की मनमानी पर विधायक प्रदीप प्रसाद के सवाल और मंत्री रामदास सोरेन के जवाब के बीच नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंत्री को सुझाव देते हुए कहा कि सभी उपायुक्त से पूछा जाना चाहिए कि उन्होंने कितनी बैठकें की हैं, क्योंकि न्यायाधिकरण भी है। वहीं, विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि बैठक की सूचना एक सप्ताह पूर्व दी जानी चाहिए, ताकि सभी बैठक में भाग लें। उन्होंने कहा कि कभी-कभी पदाधिकारी विधायक और मंत्री को भी बैठक की सूचना नहीं देते हैं।

**नकली शराब बनाने के...**

लिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लालबिहारी से कड़ाई से पूछने पर बताया गया कि इस व्यवसाय में उनके साथ बिहारी प्रसाद पिता स्व. भागिरथी साव कुटीया मोड़ दोनों बराबर के पार्टनर है। उनके यहां तैयार किया गया शराब की बोतल कुटीया मोड़ चाराई स्थित बिहारी प्रसाद के दुकान में रख कर ब्रिकी की जाती है। जिसके बाद वहां पर छापेमारी की गई। वहां से भी भारी मात्रा में अवैध देशी-विदेशी शराब भरा बोतल बरामद किया गया। इसके बाद वहां उपस्थित दुकान के मालिक बिहारी प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है।

**देशी-विदेशी कंपनियों का स्टीकर, ढक्कन बरामद :** जब्त शराब में इम्पीरियल ब्लू का स्टीकर लगा 180 एमएल की 50 बोतल, उसके अलावा रॉयल स्टैग का स्टीकर लगा 180 एमएल की 100 बोतल,टनाका का स्टीकर लगा 300 एमएल की 39 बोतल,रॉयल गोल्ड अप का स्टीकर लगा 750 एमएल की 65 बोतल, इम्पीरियल ब्लू का स्टीकर लगा 375 एमएल की 20 बोतल, रॉयल स्टैग का स्टीकर लगा 375 एमएल की 8 बोतल बरामद की गई है। उक्त सभी में शराब भरा पाया गया है। इसके अलावा 180 एमएएल की 30 खाली बोतल,रॉयल गोल्ड अप का स्टीकर लगा 750 एमएल का खाली 40 बोतल, एक्साइज अधेसिव्य लेबल की लरी,एम्पीरियल ब्लू का बोतल में लगने वाला स्टीकर की लरी,रॉयल स्टैग की बोतल में लगने वाली स्टीकर की लरी, एम्पीरियल ब्लू लिखा ढक्कन 40 पीस,रॉयल स्टैग लिखा 21 पीस ढक्कन, अवैध देशी-विदेशी शराब की बोतल, खाली बोतल, विभिन्न शराब कंपनियों का लेबल बरामद किया गया।




# आशुतोष ने शिखर धवन को समर्पित किया 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार

**विशाखापत्तनम(आईएएनएस)।** 66 रनों की शानदार नाबाद पारी के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स पर दिल्ली कैपिटल्स को एक विकेट से रोमांचक जीत दिलाने के बाद, आशुतोष शर्मा ने अपना 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार अपने गुरु और भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को समर्पित किया। आशुतोष के लिए इस पल को और भी खास बनाने वाली बात थी धवन के साथ एक खास वीडियो कॉल, जिसका वीडियो दिल्ली कैपिटल्स ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया और वायरल हो गया। वह वास्तव में बहुत खुश थे। लव यू पाजी, आशुतोष ने डीसी द्वारा शेयर किए गए वीडियो में कहा। धवन और आशुतोष पिछले सीजन में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) में एक साथ खेले थे, इससे पहले कि पूर्व ने खेल से संन्यास की घोषणा की। धवन, जिन्होंने इस साल की शुरूआत में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था, पंजाब किंग्स में उनके साथ रहने के दौरान आशुतोष के गुरु थे। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज, जो अपने नेतृत्व और संयम के लिए जाने जाते हैं, ने एक खिलाड़ी के रूप में आशुतोष के विकास पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला। पंजाब किंग्स सेटअप से परे उनकी मेंटरशिप का विस्तार हुआ, जिसमें धवन के सकारात्मक प्रभाव ने कई युवा क्रिकेटरों के करियर को आकार दिया। आशुतोष ने 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने जाने के बाद कहा, पिछले साल से सबक लिया। पिछले सीजन में कुछ मौकों पर खेल खत्म करने से चूक गया। पूरे साल मैंने ध्यान केंद्रित किया और इसकी कल्पना की। मुझे विश्वास था कि अगर मैं आखिरी ओवर तक खेलता हूं, तो कुछ भी हो सकता है। विप्रज ने अच्छा खेला। मैंने उसे हिट करते रहने के लिए कहा। वह दबाव में बहुत शांत था। मैं यह पुरस्कार अपने गुरु शिखर पाजी को समर्पित करना चाहता हूं।

## वॉलीबॉल में चैथे कब्बड्डी कप दो से विजेता टीमों को 71 हजार के ईनाम

**ऊना(हि.स.)।** हरोली विधानसभा क्षेत्र के गांव बालीवाल में दो दिवसीय चैथे कब्बड्डी कप का आयोजन दो अप्रैल से किया जा रहा है। जिसमें विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को एक लाख 30 हजार के नगद ईनाम देकर सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी आयोजनकर्ता चनण सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि नेशनल स्टाईल कब्बड्डी के मुकाबले तीन वर्गो में करवाए जाएंगें। जिनमें ओपन, 65 किलो और 55 किलो ग्राम भार वर्ग शामिल है। ओपन की विजेता टीम को 51 हजार और उपविजेता टीम को 41 हजार का ईनाम देकर पुरस्कृत किया जाएगा। 65 किलो भार वर्ग में विजेता टीम को 15 हजार व उपविजेता टीम को 11 हजार का ईनाम रखा गया है। वहीं 55 किलो भार वर्ग में विनर टीम को 7100 और रनरअप टीम को 5100 का ईनाम दिया जाएगा। जबकि प्रतियोगिता के बेस्ट रेडर और बेस्ट डिफेंडर को भी सम्मानित किया जाएगा।

# जीत की पटरी पर लौटने उतरेंगे आरआर और केकेआर





**गुवाहाटी (आईएएनएस)।** आईपीएल 2025 के छठे मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से होगा। यह मुकाबला आरआर के दूसरे घरेलू मैदान गुवाहाटी में शाम 7.30 बजे से शुरू होगा। दोनों टीमें अपना पहला मैच हार कर आ रही हैं, तो दोनों टीमों की कोशिश जीत से वापसी करने पर होगी। दोनों टीमों के बीच हुए अब तक 29 मुकाबलों में 14-14 की बराबरी है, जबकि एक मैच का परिणाम नहीं निकला था।

**दोनों टीमों के बीच हुए अब तक 29 मुकाबलों में 14-14 की बराबरी है**

### नारायण बनाम सैमसन

अगर केकेआर के स्पिनर सुनील नारायण पावरप्ले में गेंदबाजी करते हुए दिखें तो हैरान मत होइएगा क्योंकि नारायण के खिलाफ आरआर के नियमित कप्तान संजू सैमसन का रिकॉर्ड बहुत खराब रहा है और वह, नारायण के खिलाफ सिर्फ 80 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। इस दौरान नारायण ने सैमसन को 13 पारियों में तीन बार आउट किया है। उंगलियों की चोट से जूझ रहे सैमसन इस रिकॉर्ड को सुधारना चाहेंगे।

### नारायण बनाम तीक्षणा-हसरंगा

नारायण ना सिर्फ गेंद बल्कि बल्ले से भी आक्रमण के लिए जाने जाते हैं। हालांकि पावरप्ले में उनके खिलाफ महीश तीक्षणा और वनिंदु हसरंगा की श्रीलंकाई स्पिन जोड़ी गेंदबाजी करते हुए दिखाई दे सकती है क्योंकि दोनों नारायण को बांधकर रखने की क्षमता रखते हैं। तीक्षणा ने नारायण को तीन टी20 पारियों में दो बार आउट किया है।

### घरेलू मैदान पर पराग की परीक्षा

अपने कप्तानी डेब्यू पर तो रियान पराग बल्ले और कप्तानी दोनों में कुछ खास नहीं कर पाए थे, लेकिन गुवाहाटी के घरेलू मैदान पर वह वापसी कर सकते हैं। उन्होंने असम के लिए कप्तानी करते हुए 18 टी20 मैचों में 10 में जीत हासिल की है, जबकि गुवाहाटी में उन्होंने तीन पारियों में 132 के स्ट्राइक रेट से 75 रन बनाए हैं।

## लखनऊ सुपर जायंट्स से जुड़ने को तैयार हैं आवेश खान

**नई दिल्ली।** चोट से उबर रहे लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज आवेश खान को बीसीसीआई की तरफ से क्लियरेंस मिल गया है और वह अब आईपीएल 2025 का हिस्सा बन सकते हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि आवेश को दाएं घुटने में चोट थी और सोमवार को बीसीसीआई की मेडिकल टीम द्वारा उनका अंतिम फिटनेस टेस्ट हुआ। आवेश ने इस साल जनवरी से ही प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने भारत के लिए टी20 खेला था। ऐसा समझा जा रहा है कि आवेश को यह चोट घरेलू सीजन के दौरान ही लगी थी। इसके बाद से ही वह लगातार एनसीए की निगरानी में थे। हालांकि यह पता नहीं चल पाया है कि आवेश एलएसजी के दल से कब जुड़ेंगे, लेकिन उम्मीद है कि वह टीम के अगले मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे जो कि 27 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हैदराबाद में है। एलएसजी को अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा है। एलएसजी पहले से ही तेज गेंदबाजों की चोट से जूझ रहा है। मयंक यादव को निचले पीठ मे स्ट्रेस इंजरी थी और अब पंजे में भी चोट लग गई है, जबकि आकाश दीप भी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर लगी पीठ की चोट से पूरी तरह से नहीं उबर पाए हैं।

# रोमांचक मैच में पंजाब किंग्स की शानदार जीत




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 में मंगलवार को पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटन्स के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया. इस मैच में पंजाब ने जीत दर्ज की. दोनों टीमों के बीच आईपीएल में अब तक 6 मुकाबले खेले गए हैं, जो काफी रोचक रहे हैं. इस दौरान गुजरात और पंजाब दोनों ने 3-3 मैचों में जीत हासिल की है. इंडियन प्रीमियर लीग 2025 सीजन का मैच नंबर-5 गुजरात टाइटन्स और पंजाब किंग्स के बीच काफी रोमांचक रहा. मंगलवार (25 मार्च) को अहमदाबाद में खेले गए इस मैच में श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब टीम ने 11 रनों से जीत दर्ज की. मुकाबले में पंजाब किंग्स ने 5 विकेट गंवाकर 243 रन बनाए. श्रेयस अय्यर ने कप्तानी पारी खेली और 27 गेंदों पर फिफ्टी जमाई. श्रेयस ने ओवरऑल 42 गेंदों पर नाबाद 97 रन बनाए. इस दौरान 9 छक्के और 5 चौके जड़े. श्रेयस अपना पहला क्ढछ शतक लगाने से 3 रन दूर रह गए. उनके अलावा ओपनर प्रियांश आर्य ने 47 रन बनाए. आखिर में शशांक सिंह ने 16 गेंदों पर नाबाद 44 रन जड़े. गुजरात के लिए साई किशोर ने 3 विकेट झटके।

### पंजाब टीम का स्कोरकार्डः (243/5, 20 ओवर)

पंजाब की कमान इस बार श्रेयस अय्यर संभाल रहे हैं। जबकि पिछले सीजन से ही गुजरात की कप्तानी शुभमन गिल के पास है। श्रेयस की कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने पिछले साल आईपीएल 2024 खिताब जीता था वहीं 2020 सीजन में दिल्ली कैपिटल्स ने श्रेयस के नेतृत्व में फाइनल तक का सफर तय किया था। अब पंजाब किंग्स को भी श्रेयस से काफी उम्मीदें हैं, जो अब तक आईपीएल खिताब नहीं जीत सकी है। पंजाब किंग्स ने 2014 के आईपीएल फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन पिछले 4 सीजन में वह टॉप-5 में भी जगह नहीं बना पाई। पंजाब और गुजरात के बीच आईपीएल में अब तक 5 मुकाबले खेले गए हैं, जो काफी रोचक रहे हैं। इस दौरान गुजरात टाइटन्स ने तीन और पंजाब किंग्स ने दो मैचों में जीत हासिल की है। आखिरी बार दोनों टीमें मुल्लांपुर के ग्राउंड पर आमने-हुई थीं, जिसमें गुजरात टाइटन्स को तीन विकेट से जीत मिली। खास बात यह है कि अब तक इन दोनों के बीच जो मुकाबले खेले गए हैं, उसमें दूसरी बल्लेबाजी करने वाली टीम को जीत मिली।

## दूसरा एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप अप्रैल के लिए पुनर्निर्धारित



**नई दिल्ली।** 29-31 मार्च, 2025 के लिए निर्धारित एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप के दूसरे संस्करण को पुनर्निर्धारित किया गया है और यह राष्ट्रीय राजधानी में 25 से 27 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। संशोधित तिथियों में अतिरिक्त तैयारी के लिए अंतरराष्ट्रीय टीमों के अनुरोधों को समायोजित किया गया है और व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की गई है, साथ ही रमजान के पवित्र महीने को भी ध्यान में रखा गया है। एशियाई योगासन के अध्यक्ष संजय मालपानी ने कहा, तिथियों में बदलाव इस आयोजन को वास्तव में समावेशी और प्रतिस्पर्धी बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। अधिक भागीदारी के साथ, चैंपियनशिप एक गंभीर वैश्विक खेल के रूप में योगासन की उपस्थिति को और मजबूत करेगी। हम विश्व स्तरीय आयोजन के लिए एशिया भर से एथलीटों का नई दिल्ली में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण (साई ) और योगासन भारत के सहयोग से आयोजित इस चैंपियनशिप में एशिया भर के शीर्ष योगासन एथलीट एक साथ आएंगे।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

लोकसभा

## लोकसभा में पास हुआ फाइनेंस बिल 2025

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा में मंगलवार को फाइनेंस बिल 2025 पास हो गया। इसमें 35 सरकारी संशोधन शामिल हैं। केंद्रीय बजट 2025-26 के प्रस्तावों को लागू करने के लिए यह एक अहम प्रक्रिया है। फाइनेंस बिल 2025 पर हुई डिबेट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 में करदाताओं को बड़ी राहत दी गई है। इसका उद्देश्य घरेलू स्तर पर उत्पादन बढ़ाना और निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है। वित्त मंत्री ने फाइनेंस बिल पर चर्चा के दौरान टैरिफ को युक्तिसंगत बनाने और घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किए गए परिवर्तनों पर प्रकाश डाला। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि 2025-26 के बजट प्रस्तावों से घोषित सीमा शुल्क के युक्तिकरण की कार्यवाही आगे बढ़ रही है।




घरेलू उत्पादन को बढ़ाने के लिए, सरकार ने ईवी बैटरी के लिए 35 अतिरिक्त कैपिटल गुड्स और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के लिए 28 वस्तुओं को सीमा शुल्क से छूट दी है।अब बजट को लोकसभा ने मंजूरी दे दी है, इसे राज्य सभा में चर्चा के लिए रखा जाएगा। हालांकि,उच्च सदन के पास बजट पर मतदान करने का अधिकार नहीं है और वह किसी भी प्रस्ताव को अस्वीकार नहीं कर सकता है। इसके अलावा, वित्त मंत्री ने कहा कि नया इनकम टैक्स बिल संसद के अगले सत्र यानी मानसून सत्र में पेश किया जाएगा और यह इनकम टैक्स एक्ट 1961 की जगह लेगा।

# सड़क दुर्घटनाओं के कारण जीडीपी में तीन प्रतिशत का नुकसान : नितिन गडकरी

**हर साल देश में 4,80,000 सड़क दुर्घटनाएं होती हैं जिसमें 1,88,000 लोगों की मौत होती है।**

**जान गंवाने वाले लोगों में 18 से 45 वर्ष की आयु के 66 प्रतिशत लोग होते हैं।**

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि हम सड़क दुर्घटनाओं के कारण देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में तीन प्रतिशत का नुकसान हो रहा है। नितिन गडकरी ने राष्ट्रीय राजधानी में सड़क सुरक्षा के लिए तकनीकी हस्तक्षेपः भारत-अमेरिका साझेदारी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाएं हमारी सबसे बड़ी समस्याओं में से एक हैं। हर साल देश में 4,80,000 सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिसमें 1,88,000 लोगों की मौत होती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, जान गंवाने वाले लोगों में 18 से 45 वर्ष की आयु के 66 प्रतिशत लोग होते हैं। युवा, प्रतिभाशाली, इंजीनियरिंग स्नातक, मेडिकल छात्रों के नाम भी इस लिस्ट में शामिल हैं।



**केंद्रीय मंत्री ने कहा** कि अब दुर्घटनाओं के आंकड़े में 50 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक की कमी आई है। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं को कम करने के लिए उनके सही कारणों का पता लगाया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अमेरिका और यूरोपीय देशों का लाभ उठाते हुए, अब हम बेहतरीन यातायात प्रणाली के संबंध में बहुत सारे कदम उठा रहे हैं। इसके कार्यान्वयन के संबंध में बहुत सारे निर्णय लिए गए हैं। गडकरी ने बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए स्कूली शिक्षा में यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी देने की जरूरत पर जोर दिया।

वहीं, 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का यह आंकड़ा 10,000 है। अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं स्कूलों के आसपास वाले इलाकों में होती हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा एक बड़ा मुद्दा है।

हमें यह समझने की जरूरत है कि हम इन दुर्घटनाओं के साथ अपनी जीडीपी का तीन प्रतिशत खो रहे हैं। उन्होंने सड़कों के निर्माण में तकनीकी खामियों का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय परिदृश्य में एक समस्या यह है कि हम डीपीआर सलाहकार के साथ विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं, जिसमें कभी-कभी लागत और बचत आदि पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉट की पहचान कर उनमें सुधार किया जा सकता है। इन सुधारों के साथ मौजूदा सरकार ने सड़क हादसों में मौत के आंकड़ों में 48 प्रतिशत और सड़क दुर्घटनाओं में 49 प्रतिशत की कमी की है।

उन्होंने विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को 100 प्रतिशत सही बनाने के लिए सड़क इंजीनियरिंग में सुधार की जरूरत पर जोर दिया।

## भारतीय शेयर बाजार सपाट बंद आईटी शेयरों में हुई खरीदारी

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में सपाट बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 32.81 अंक या 0.04 प्रतिशत की तेजी के साथ 78,017.19 और निफ्टी 10.30 अंक या 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,668.65 पर था। कारोबारी सत्र में बाजार पर दबाव मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने बनाया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 554.30 अंक या 1.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51,969.75 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 254.80 अंक या 1.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,108.90 पर बंद हुआ। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज और प्राइवेट बैंक इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। ऑटो, पीएसयू बैंक, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी और एनर्जी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स पैक में अल्ट्राटेक सीमेंट, इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, टीसीएस, एचयूएल और एशियन पेंट्स टॉप गेनर्स थे। जोमैटो, इंडसइंड बैंक, एमएंडएम, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मा, एसबीआई, टाटा स्टील और आईसीआईसीआई बैंक टॉप लूजर्स थे। पीएल कैपिटल-प्रभुदास लीलाधर में एडवाइजरी प्रमुख, विक्रम कसात ने कहा कि भारतीय शेयर बाजार लगातार सातवें दिन हरे निशान में बंद हुए हैं। आईटी के साथ बैंकिंग शेयरों में तेजी देखी गई।

## भारत सबमरीन केबल नेटवर्क के लिए बन सकता है ग्लोबल ट्रांजिट हब : इंडस्ट्री

**नई दिल्ली।** भारत में सबमरीन केबल नेटवर्क के लिए एक ग्लोबल ट्रांजिट हब बनने की प्रबल संभावना है। इसकी वजह, देश का रणनीतिक रूप से अहम स्थान पर होना और बढ़ता हुआ डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्कर है। यह बयान ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम (बीआईएफ) की अध्यक्ष, अरुणा सुंदरराजन ने मंगलवार को दिया। उन्होंने कहा कि बढ़ती हुई डेटा खपत को पूरा करने के लिए सबमरीन केबल इन्फ्रास्ट्रक्कर को चार से पांच गुना बढ़ाने की जरूरत है। सुंदरराजन ने कहा, भारत में सबमरीन केबल नेटवर्क के एक ग्लोबल ट्रांजिट हब के रूप में उभरने की प्रबल संभावना है। इसके लिए हमें अपने सबमरीन केबल इन्फ्रास्ट्रक्कर को चार से पांच गुना बढ़ाना होगा। राष्ट्रीय राजधानी में ह्यइंटरनेशनल सबसी केबल सिस्टम कॉन्फ्रेंसह्न में बोलते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे समय पर सबमरीन केबल नेटवर्क को प्राथमिकता देना आवश्यक है, जहां भू-राजनीतिक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं।